वर्ष : 31 | अंक :81
प्रतापगढ़ | बुधवार , 22 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# मुठभेड़ में अब तक 20 नक्सली ढेर

## सीएम साय बोले- 2026 तक हो जाएगा लाल आतंक का खात्मा

**● एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया**



**रायपुर,एजेंसियाँ।** गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 16 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था।गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।गरियाबंद में सुरक्षा बल नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर बताया जा रहा है। अब तक 14 से अधिक महिला / पुरुष नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के सीनियर कैडर शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है द्य एनकाउंटर में एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30,कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, द्यश्द्द नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में रवाना हुई थी।

# न्यायिक जांच आयोग की टीम ने की संभल हिंसा की जांच

**▶▶ संभल में बीते नवंबर में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई थी हिंसा**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते नवंबर में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की टीम ने मंगलवार को हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा किया। आयोग ने अधिकारियों और स्थानीय लोगों से बात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। जांच आयोग में हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश डीके अरोरा, पूर्व डीजीपी एके जैन और पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल रहे।संभल की जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहली हिंसा जामा मस्जिद के नजदीक हुई थीा, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी।

इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था।राज्य सरकार के निर्देश पर गठित जांच आयोग की टीम ने मंगलवार को संभल जाने से पूर्व मुरादाबाद के सर्किट हाउस में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी के अलावा मुरादाबाद मंडल और जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों से इनपुट लिए। इसके बाद घटनास्थल का एक घंटे निरीक्षण किया। उसके बाद पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस जाकर सुनवाई की। सुनवाई के बाद आयोग जांच रिपोर्ट तैयार करेगा।संभल बवाल के दौरान हुई हिंसा और पांच लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने हाल ही में एक आरोपित मुल्ला अफरोज को दो दिन पहले गिरफ्तार किया है। इस घटना में अभी तक 72 उपद्रवी गिरफ्तार हो चुके है। बवाल से जुड़े कई नामजद और संदिग्ध आरोपित अभी फरार है। कुछ फरार आरोपितों के गैर जमानती वारंट जारी भी हो चुके हैं। इसमें ज्यादातर लोग वर्तमान में जिले से फरार हैं। पुलिस जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि नवंबर माह में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए बवाल की साजिश विदेश में रची गई।

# वैश्विक दबाव में ध्वस्त हुआ घरेलू शेयर बाजार

**▶▶ सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,695 अंक तक टूटा**
**▶▶ निवेशकों को 1 दिन में 7.48 लाख करोड़ की लगी चपत**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों पर टैरिफ लगाने के संबंध में दिए गए बयान, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में कुछ देर तेजी का रुख भी नजर आया, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। हालांकि बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार संभल नहीं सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.60 प्रतिशत और निफ्टी 1.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।आज के कारोबार के दौरान बने बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से लगभग 1,700 अंक लुढ़क गया।

इसी तरह निफ्टी ने भी दिन के ऊपरी स्तर से करीब 450 अंक का गोता लगाया। बाजार पर बने दबाव का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि 7 जून 2024 के बाद आज पहली बार निफ्टी 23 हजार अंक के स्तर से भी नीचे चला गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी दोबारा 23 हजार अंक के स्तर के ऊपर आने में सफल रहा। बाजार में बने बिकवाली के दबाव की वजह से आज 1 दिन के कारोबार में ही घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों को लगभग साढ़े सात लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। रियल्टी, पीएसई और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थ केयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया।

## फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिली



**मुंबई,(हि.स.)।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार को दोपहर में लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई । इसके बाद सैफ अली खान अपनी पत्नी, फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर के साथ बांद्रा स्थित आवास पर पहुंचे। सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके आवास पर हुए चाकू हमले के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था ।सूत्रों के अनुसार सैफ अली खान का डिसचार्ज पेपर सोमवार रात में ही तैयार कर लिया गया था। डॉक्टरों ने सैफ अली खान को घर पर एक महीने तक आराम करने सलाह दी है।

# अमेरिका में फिर आया ट्रंप युग

**▶▶ 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली, फैसलों में राष्ट्र पहले की झलक**
**▶▶ पहली प्राथमिकता घुसपैठ रोकना, दूसरी महंगाई पर रोकथाम**
**▶▶ अपने पहले संबोधन में बोले, मेरी नीति अमेरिका फर्स्ट की होगी**



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण करने के अपने पहले संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अब शुरू हुआ है। अमेरिका फर्स्ट की नीति के साथ वो फिर से देश को आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वो सभी को साथ लेकर चलने को तत्पर हैं। साथ ही उन्होंने दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की भी घोषणा की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के बाद पहला बड़ा फैसला लेते हुए देश के दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाई जाएगी। संगठित अपराध के खिलाफ आज से ही काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठ रोकने के लिए जरूरत पड़ी तो वहां सेना को भी भेजा जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे जहां से वो आए हैं।अपनी सरकार की प्राथमिकता को बताते हुए ट्रंप ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता घुसपैठ को रोकना है ताकि देश की जनता सुरक्षित महसूस करे।

दूसरी प्राथमिकता महंगाई पर रोक लगाना है ताकि लोगों को जरूरी सामानों के लिए अतिरिक्त बोझ न पड़े।ट्रंप ने कहा, %अत्यधिक खर्च और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई का संकट पैदा हुआ और इसीलिए आज मैं नेशनल एनर्जी इमरजेंसी की भी घोषणा करता हूं।लॉस एंजिल्स में आग की विभिषिका पर ट्रंप ने कहा, %हमारे पास एक पब्लिक हेल्थ सिस्टम है जो आपदा के समय काम नहीं करता है। फिर भी दुनिया के किसी भी देश की तुलना में इसपर अधिक पैसा खर्च किया जाता है। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। हमारे पास एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो हमारे बच्चों को कई मामलों में खुद पर शर्म करना और हमारे देश से नफरत करना सिखाती है।

यह सब आज से ही बदल जाएगा।ट्रंप ने कहा, मैं देशों को जोड़ने की कोशिश करूंगा। शांति स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। सैनिकों के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। मैं युद्ध रोकने की कोशिश करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि दूसरे देशों की जंग में अब अमेरिका की सेना नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि दुनिया उन्हें शांति दूत के तौर पर जाने।

## मुफ्त बिजली से बढ़ रहा आर्थिक बोझ, यह व्यवस्था लंबे समय के लिए ठीक नहीं - प्रहलाद जोशी



**जयपुर,(हि.स.)।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुफ्त बिजली देने वाले राज्यों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य राजनीतिक कारणों से मुफ्त बिजली दे रहे हैं। इससे एक बड़ा आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी मंगलवार को जयपुर में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं किसी राज्य पर नहीं बोल रहा लेकिन यह व्यवस्था लंबे समय के लिए ठीक नहीं है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि फ्री बिजली की जगह उपभोक्ताओं को इस तरह सक्षम बनाएं कि वे न सिर्फ सस्ती बिजली का घर में उपयोग कर सकें, बल्कि सरप्लस बिजली को ग्रिड में देकर देश की जरूरतों को भी पूरा कर सकें।जोशी ने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार पीएम सूर्य घर योजना लेकर आई है, जो फ्री बिजली देने वाले राज्यों के लिए वरदान साबित हो सकती है। यदि फ्री बिजली देने वाली राज्य सरकारें अपनी सब्सिडी का पैसा पीएम सूर्य घर योजना में एकमुश्त देने की हिम्मत करें, तो अगले 25 सालों तक उपभोक्ता बिजली बिल के झंझट से मुक्त हो जाएंगे। राज्य सरकारों का सालाना फ्री बिजली की सब्सिडी का आर्थिक बोझ भी खत्म होगा।केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि हमें समझने की जरूरत है कि हमारे देश में ऊर्जा की मांग क्यों अधिक है? भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस वजह से ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ रही है।

**▶▶ ▶▶ शामली में मुठभेड़**

# उप्र एसटीएफ ने कुख्यात अरशद समेत चार बदमाशों को मार गिराया, इंस्पेक्टर जख्मी

**● उप्र के बाहर भागने के प्रयास में था अरशद, असलहे और कार बरामद**
**● मुजफ्फरनगर, सहारनपुर , शामली और पानीपत में कायम हैं लूट-हत्या के 18 मुकदमे**






**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के झिंझाना में सोमवार की रात मुठभेड़ में एसटीएफ ने चार बदमाशों को ढेर कर दिया जबकि एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील घायल हो गए। उन्हें करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

बीती रात करीब दो बजे एसटीएफ मेरठ के साथ बदमाशों की हुई मुठभेड़ मुस्तफा गैंग का एक लाख रुपये का इनामी अरशद और उसके तीन साथी सोनीपत निवासी मंजीत, करनाल निवासी सतीश और एक अन्य अपराधी को मार गिराया गया है।

चारों बदमाश कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश के बाहर भागने के प्रयास में थे।एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने मीडिया को बताया कि सहारनपुर जिले के थाना गंगोह के बाहड़ी माजरा गांव के निवासी अरशद के झिंझाना में छिपे होने की सूचना पर टीम ने उनकी घेरबंदी की। इस दौरान बदमाशों की तरफ से चलाई गई गोलियों के जवाब में एसटीएफ टीम की ओर से गई फायरिंग में अरशद और उसके तीन साथी ढेर हो गए। कुख्यात अरशद के ऊपर हत्या, डकैती व लूट आदि के 18 मुकदमें कायम हैं। इसमें सहारनपुर के बेहट में डकैती और लूट, थाना गंगोह में हत्या और हत्या के प्रयास, थाना नानौता में डकैती, थाना रामपुर मनिहारन में भी हत्या के मुकदमे दर्ज हैं। मुजफ्फरनगर और शामली के अलावा हरियाणा के पानीपत जिले में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के मुकदमे भी दर्ज है।

उन्होंने बताया कि कुख्यात अरशद पर मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर की ओर से एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। अरशद थाना बेहट (सहारनपुर) से लूट के एक मामले में वांछित था। मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों का शामली में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौके पर पर्याप्त असलहे और कार बरामद हुई हैं।

## टीएफडीसी के अध्यक्ष सहित फिल्म जगत के कई लोगों के ठिकानों पर आयकर के छापे



**हैदराबाद, (हि.स.)।** मशहूर फिल्म निर्माता और तेलंगाना फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष दिल राजू के ठिकानों सहित कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। अधिकारी वित्तीय लेनदेन से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। उनके घरों और दफ्तरों की तलाशी चल रही है। इसके अलावा मशहूर प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवीज के दफ्तर और फिल्म %पुष्पा-2% के निर्माता नवीन एर्नेनी के आवास की भी तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की 55 टीमें एक साथ आठ जगहों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की एक टीम जुबली हिल्स और बंजारा हिल्स इलाके में स्थित दिल राजू, उनके भाई सिरीश और बेटी हंसिता रेड्डी के आवासों छानबीन कर रही है। फिल्म निर्माता दिल राजू की पत्नी वैगारेड्डी को एक कार से अन्य दो स्थानों पर ले गए। अधिकारी उन्हें बैंक लॉकर की जांच के लिए गए और फिर उन्हें घर ले आए। दिल राजू की कंस्ट्रक्शन कंपनी पर भी छापा पड़ा है। सूत्रों के अनुसार उनके व्यावसायिक साझेदारों के आवासों पर भी निरीक्षण किए गए हैं। अधिकारी उनके वित्तीय लेनदेन से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। फिल्म निर्माता दिल राज की पत्नी ने मीडिया को बताया कि आयकर अधिकारी उन्हें बैंक लॉकर खोलने के लिए ले गए थे। आयकर विभाग के अधिकारी सुबह से ही उनके आवास पर तलाशी ले रहे हैं। आईटी विभाग के अधिकारियों ने बैंक डिटेल मांगी है। बैंक लॉकर भी खोल कर दिखा दिए हैं। दिल राजू की पत्नी ने कहा कि वे आयकर विभाग को पूरा सहयोग दे रहे हैं।

## प्रयागराज महाकुंभ मेले में पहुंचे गौतम अडानी, भंडारे में श्रद्धालुओं को परोसा प्रसाद



**प्रयागराज/नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रयागराज महाकुंभ में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बीच दिग्गज उद्योगपति एवं अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भी पहुंचे। अडानी ने मंगलवार को महाकुंभ मेले में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद परोसा।अडाणी इससे पहले महाकुंभ नगर के सेक्टर नंबर 18 स्थित इस्कॉन वीआईपी शिविर में अपनी पत्नी के साथ पहुंचे, जहां लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने महाकुंभ 2025 मेले का दौरा किया है।

अडानी ने इस्कॉन के भंडारे में सेवा प्रदान की।अडानी समूह ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन परोसने के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के साथ हाथ मिलाया है। इसके तहत महाकुंभ में रोजाना एक लाख लोगों को महाप्रसाद बांटा जाएगा। यह सहयोग महाप्रसाद सेवा पहल का हिस्सा है, जो 26 फरवरी तक चलेगा।गौतम अडाणी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं।

# दिल्ली चुनावः भाजपा का संकल्प पत्र-2 जारी

**▶▶ जरूरतमंद छात्रों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा**
**▶▶ युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेंगे 15 हजार रुपये**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने वादे के मुताबिक दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र भाग-2 जारी किया। इसमें जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त देने का वादा किया गया है। साथ ही युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह संकल्प पत्र जारी किया।अनुराग ठाकुर ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस संकल्प पत्र से दिल्ली का विकास होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएंगे और दो बार की यात्रा एवं आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी करेंगे। दिल्ली में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए बीआर आंबेडकर स्टाइपेंड योजना शुरू करेंगे। इसके अंतर्गत आईटीआई, स्किल सेंटर आदि में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड मिलेगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऑटो टैक्सी ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करेंगे। इसके अंतर्गत उन्हें 10 लाख तक का बीमा, 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक वर्कर्स के लिए डोमेस्टिक वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 10 लाख तक का जीवन बीमा, 5 लाख तक के दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया जाएगा।भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर ने कहा कि पिछले दस साल में भाजपा ने दलालों को खत्म कर दिया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर आरोप लगाया कि दिल्ली में कोविड के दौरान शराब माफिया के करोड़ों रुपये माफ किए। कैग रिपोर्ट विधानसभा में क्यों नहीं पेश किया गया।उल्लेखनीय है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का पहला संकल्प पत्र जारी किया था।

संक्षिप्त खबरें

## महाकुम्भ में सिलेण्डर की जांच होगी अनिवार्य



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एल.पी.जी. सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें विभागीय अधिकारियों, एल.पी.जी. वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों, और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान एलपीजी के रिसाव से हो रही दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।नइन निर्देशों में सिलेण्डर की अनिवार्य जांच, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, आकस्मिकता से निपटने की तैयारी और गैस आपूर्ति का नियमन शामिल है।

गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी एल.पी.जी. वितरकों और अधिकारियों को मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में यह तय किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। बैठक में प्रमोद शर्मा, सीएफओ कुम्भ एवं सुनील कुमार खाद्य एवं रसद अधिकारी मौजूद रहे।

## गलत तथ्य प्रसारित करने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** बीती 16 जनवरी को एक छोटी बच्ची द्वारा अपने घर से बिना परिजनों को जानकारी दिए कुम्भ मेला देखने प्रयागराज मेला क्षेत्र में आ गई थी। मेला क्षेत्र में छोटी बच्ची की मुलाकात एक साधु से हुई।

इसी बीच बातचीत के दौरान मीडिया के कुछ व्यक्तियों द्वारा फोटो खींचकर व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तथ्य को दर्शाते हुए, महाकुम्भ व सनातन धर्म एवं छोटी बच्ची के मान सम्मान को नीचा दिखाने के लिए झूठी व भ्रामक सूचना को पोस्ट किया गया।

यह पोस्ट सोशल मीडिया के एक्स प्लेट फार्म पर एडीवी नजनीन अख्तर के नाम से आईडी @Nazneen akhtar23 एवं इंजी सूरज यश कुमार के नाम से आईडी @Ersurajskumar के द्वारा प्रसारित की गई 7 एडवोकेट नजरीन अख्तर पता अज्ञात व इंजीनियर सूरज एस कुमार पता अज्ञात, उपरोक्त दोनों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक अखाड़ा महाकुम्भ के द्वारा 20 जनवरी को मु0अ0सं0 29/25 एवं धारा 298 बीएनएस, धारा 67 सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 के तहत कोतवाली महाकुम्भ में मुकदमा लिखवाया गया।

## जेटीडीसी में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में आज वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। विभिन्न प्रतियोगिताएं 21 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के पहले दिन कॉलेज की प्राचार्या प्रो आशीमा घोष ने रिबन काट कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और छात्राओं को खेल कूद के महत्व को बताया। पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज कैंपस मैं किया गया जिसमें कॉलेज की 64 छात्राओं ने भाग लिया। फाइनल मैच मैं हर्षिता कन्नौजिया ने प्रतिष्ठा वर्मा को 11-1 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी मनीष गुप्ता, प्रो दीपशिखा बैनर्जी, प्रो नीलिमा मिश्रा, डॉ अनुज कुमार वर्मा, डॉ माधुरी, डॉ फातिमा, डॉ अंजलि शिवहरे मौजूद रहे।

## मुक्त विश्वविद्यालय में मानवीय मूल्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानवीय मूल्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22 जनवरी को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पूर्वाह्न 10=30 बजे किया गया है।

यह जानकारी देते हुए संगोष्ठी के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने बताया उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरिकेश सिंह, पूर्व कुलपति, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार एवं बीज वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार झा, आचार्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली होंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय करेंगे। संगोष्ठी का समापन अपराह्न 3=30 बजे होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी के साहू, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय होंगे।

संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत के प्रसिद्ध शिक्षा विदों, नीति निर्माताओं, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्र - छात्राओं के बीच समकालीन दौर में तेजी से बदलते सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और तकनीकी व्यवस्थाओं में मानवीय मूल्यों के महत्व पर विचार विमर्श किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ बाल गोविंद सिंह ने बताया कि उक्त संगोष्ठी विचारों के आदान-प्रदान, सहयोग को बढ़ावा देने और शिक्षा प्रणाली में मानवीय मूल्यों के एकीकरण को बढ़ाने के लिए कार्यवाही योग्य अंतर्दृष्टि उत्पन्न करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। एक अन्य सूचनानुसार विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में अपराह्न 12=15 बजे सत्र

## महाकुंभ मेले में बढ़ती हुई भीड़ को लेकर की स्कूल कालेज बंद करने की गई मांग

**प्रयागराज।** जनहित कारिणी समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए महाकुंभ मेले में बढ़ती हुई भीड़ और सड़कों पर लगे जाम को लेकर कहा कि 29 जनवरी मौनी अमावस्या से लेकर 3 फरवरी बसंत पंचमी तक महाकुंभ मेले में अनुमान से ज्यादा आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रयागराज जिले के सभी स्कूल कॉलेजों को बंद किया जाए।

उन्होंने मांग की है कि स्कूल कॉलेज के प्रांगण का इस्तेमाल श्रद्धालु जनो के लिए की व्यवस्था के लिए इस्तेमाल किया जाए। जिससे कि दूर-दूर से आने वाली श्रद्धालु जनों को रहने की व्यवस्था हो सके। स्कूल कॉलेज खुलने की वजह से स्कूली बच्चों को जो जाम की समस्या से जूझना पड़ता है उनको भी स्कूल कॉलेज बंद हो जाने से जाम की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी।

# संस्थानों के लिए शोध का विषय है कुंभ मेले का प्रबंधन- गौतम अदाणी

**प्रयागराज।** दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज़ का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा अद्भुत,



अद्वितीय, एवं अलौकिक ! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।

**इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान जी के किए दर्शन**

**प्रयागराज।** गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12=30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया।

## पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

### श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए बदला बैठक का स्थान

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

**सभी मंत्री करेंगे विधिवत पूजन**

**प्रयागराज।** बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

## संघर्ष का परिणाम श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण- केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज।** चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस के प्रांगण में कार्यकर्ताओं से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज प्रवास के दौरान भेंट किया और कहा कि मैं डिप्टी सीएम बाद में हूं पहले में भाजपा का कार्यकर्ता हूं। कार्यकर्ता का सम्मान और स्वाभिमान सदैव सर्वोपरि होता है क्योंकि उसके ही त्याग, तपस्या, परिश्रम और समर्पण व कर्मठता से ही आज भाजपा का विशालतम स्वरूप है। उन्होंने श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर अनुभव साझा करते हुए कहा कि मेरे जैसे लाखों लाखो राम भक्तों ने श्री राम जन्म भूमि मंदिर के निर्माण को लेकर अपना जीवन



समर्पित कर दिया। कई कार्यकर्ता बलिदान हो गए। अयोध्या में 500 वर्षों के विवाद मुकदमा संघर्ष और बलिदान सब होने के बाद श्री राम लला का भव्य मंदिर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बनकर तैयार है।

प्रवक्ता राजेश केसरवानी बताया कि इस अवसर उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनकी समस्या के निराकरण के लिए आश्वासन दिया।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, क्षेत्र उपाध्यक्ष कमलेश गौतम, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, गंगा पार जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी रवि, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, प्रमोद मोदी, शैलेन्द्र मौर्य, मनोज कुशवाहा, पवन मिश्रा, अजय अग्रहरि राकेश भारती प्रशांत शुक्ला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

## शिवार्चन समिति में रोज हो रहा शिव अभिषेक, हनुमान चालीसा का पाठ

प्रयागराज। कुंभ मेला के सेक्टर छह में स्थित शिवार्चन समिति प्रांगण में प्रतिदिन विधि विधान से अभिषेक एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में आसपास के कल्पवासी आयोजन में हिस्सा लेते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं।

उक्त जानकारी देते हुए समिति के सचिव प्रदीप खोवाल ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री देशराज मिश्र गुरु जी के सानिध्य में समिति प्रांगण में अभिषेक का आयोजन किया जाता है और हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया जाता है जिसमें आसपास के कल्पवासी और गुरु जी के भक्तगण आयोजन में भाग लेते हैं और झूम-झूम कर भजन कीर्तन में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। सचिव ने बताया की गुरु जी ने बताया है कि इस तरह के विविध आयोजन का मतलब जन कल्याण के लिए होता है जो निरंतर करते रहना चाहिए। समिति के सचिव प्रदीप खोवाल ने बताया कि पूछने पर गुरु जी ने बताया कि जनकल्याण के लिए इस तरह का विविध आयोजन करते रहना चाहिए जो आम लोगों के लिए कल्याणकारी होता है गुरु जी ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को सभी भक्त गढ़ों के साथ शिव अभिषेक किया जाता है और मंगलवार को

# नगर विकास मंत्री ने पर की शहर की भी सफाई

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा विगत तीन दिनों से प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगातार श्रद्धालुओं व तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा एवं स्वच्छता व साफ सफाई का निरीक्षण कर रहे और संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई एवं व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के जरूरी निर्देश भी दे रहे हैं। उन्होंने प्रातःकाल निकलकर कुम्भ मेला क्षेत्र और शहर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

नगर विकास मंत्री ने कुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लेने के लिए मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं से मिले और मेला क्षेत्र में कल्पवास कर रहे साधु संतों, शंकराचार्यों, जगतगुरूओं से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर उनके सुझाव भी जाने। मंत्री श्री शर्मा मंगलवार को निर्वाणी अखाड़ा के महामण्डलेश्वर श्री कैलाशानंद जी महाराज, शाम्भवी पीठाधीश्वर श्री स्वामी आनंदस्वरूप



जी महाराज, शंकराचार्य जगन्नाथपुरी स्वामी श्री निश्चलानंद जी महराज, जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी, सिद्धपीठ माता शाकुम्बरी देवी पीठाधीश्वर श्री आशुतोष महराज जी से मिले तथा वहां पर स्थापित विभिन्न देव स्थानों, मंदिरो में जाकर पूजा अर्चना की।

उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन होने वाले शाही स्नान में सबसे ज्यादा 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इतनी बड़ी भीड़ के समुचित व्यवस्थापन के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। साथ ही इन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी जा रही है, जिससे कि कहीं पर भी कमी या चूक की गुंजाइश न रहे। महाकुम्भ की दिव्यता, भव्यता, सुरक्षा, स्वच्छता, सुंदरीकरण, लाइटिंग और हरियाली आदि व्यवस्थाओं की प्रशंसा देश विदेश से आये श्रद्धालु कर रहे। इसके लिए सभी सफाई कर्मी एवं व्यवस्था में लगे अन्य सभी कार्मिक बधाई के पात्र हैं। इनके परिश्रम से देश की सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया में पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस बार का महाकुंभ-2025 अभी तक आयोजित किये गये सभी महाकुंभ से सबसे दिव्य, भव्य, स्वच्छत, सुंदर, सुरक्षित व अलौकिक है।

उन्होंने देश विदेश के सभी श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों को महाकुंभ की दिव्यता, भव्यता व अलौकिकता के दर्शन करने तथा पवित्र त्रिवेणी के संगम में स्नान करने के लिए आमंत्रित किया।

## जूना अखाड़े के श्रीमहंत के 1.45 लाख रुपये चोरी

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में जूना अखाड़े के श्रीमहंत की झोली किसी ने पार कर दी। झोली में 1.45 लाख रुपये के अलावा मोबाइल व अन्य सामान थे। श्रीमहंत की तहरीर पर अखाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा के हांशी हाटला निवासी जूना अखाड़ा के श्रीमहंत चंदनपुरी की तहरीर के अनुसार, सेक्टर नंबर 20 स्थित जूना अखाड़ा के शिविर में 18 जनवरी की शाम टेंट से धर्मध्वजा के पास गए। उनको धूनी रमानी थी। इसके लिए वह लकड़ी रख रहे थे। लकड़ी रखने के दौरान अपनी झोली पास ही रख दी थी। कुछ देर बाद वह लौटे तो वहां से झोली गायब थी। उनकी झोली में 1.45 लाख रुपये नकद, कई

## ट्रैवलर गाड़ी में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाया

प्रयागराज। मेला क्षेत्र में एक खड़ी गाड़ी में अचानक आग लगने से खलबली मच गई। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। मेला क्षेत्र में मंगलवार को एमजी मार्ग पर मध्य प्रदेश से स्नानार्थियों को लेकर 20 सीटर ट्रैवलर गाड़ी पहुंची। स्नानार्थी गाड़ी से उतरकर संगम स्नान को चले गए। वहीं, चालक केबिन के अंदर आराम कर रहा था। इसी बीच सुबह लगभग साढ़े आठ बजे ट्रैवलर के इंजन से धुआं निकलने लगा। यह देखते ही चालक शोर मचाते हुए बाहर निकला। इसकी सूचना मिलते ही एमजी मार्ग स्थित फायर स्टेशन से कर्मचारी चंद मिनट में पहुंच गए। तत्काल इंजन में लगी आग को बुझाया गया। अग्निशमन विभाग की मानें तो इंजन में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। हालांकि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग बुझने के बाद वाहन चालक व स्नानार्थियों ने राहत

# अनुभव को साझा करना कौशल को विकसित करने में करता है मदद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैदाबाद।** अनुभव को यदि एक दूसरे से साझा किया जाये तो कौशल को विकसित करने में मदद मिलती है । इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विकास खंड-सैदाबाद में नॉलेज शेयरिंग प्रशिक्षण 20 और 21 जनवरी 2025 तक चलाया गया। प्रशिक्षण में विकास खंड सैदाबाद के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं 22 विद्यालयों के बेस्ट प्रैक्टिसेज, टी एल एम अन्य शैक्षणिक सामग्री जो हमारी शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बना सकते हैं के साथ किया गया द्य इस प्रशिक्षण में डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता और वि.खं.-सैदाबाद के मेंटर वीरभद्र प्रताप सिंह जी का अमूल्य मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत गए किए गए टी एल एम व बेस्ट प्रैक्टिसेज को देखने के बाद मेंटर सर ने कहा कि मैं प्रशिक्षुओं से आग्रह करता हूं कि वे इस प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने दैनिक



शिक्षण में लागू करें और दूसरों के साथ ज्ञान साझा करें।आपका ज्ञान और अनुभव दूसरों के लिए बहुत मूल्यवान हो सकता है। इस अवसर पर विकास खंड सैदाबाद के ए आर पी गीता त्रिपाठी कन्हैयालाल, शशि कांत पांडेय, जय सिंह एवं शशि कांत यादव जी ने भी बेस्ट प्रैक्टिसेज के विषय में बताया । शिक्षक साथी अमित सिंह जी के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग अपनी शिक्षण कार्य के साथ-साथ विद्यालयी व्यवस्था में और बेहतर ढंग से कैसे कर सकते हैं इसके विषय में विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड सैदाबाद के सभी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक साथी शिक्षिका बहन उपस्थित थे।

## 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति और 10 को राष्ट्रपति मुर्मू आएंगी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में संगम स्नान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 फरवरी को आएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी तो उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी को आएंगे। इससे पहले 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह संगम में स्नान करेंगे। इन संभावित दौरों को देखते हुए प्रशासनिक अफसरों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा एजेंसियां भी नए तरीके से रिव्यू में जुट गई हैं। गंगा जल की रोज जांच कराई जा रही है। अब जांच टीम में एटीएस भी शामिल हो गए हैं। शाह के कार्यक्रम का शेड्यूल जारी हो चुका है। वह संगम स्नान, गंगा पूजा के बाद अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

## गिट्टी से लदा ट्रक पलटा, बालबाल बचा ड्राइवर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव में बने नाले के पुल पर एक गिट्टी लदा ट्रक पलट गया जिसमें चालक बालबाल बच गया । जानकारी के अनुसार एक 16 पहिया ट्रक सोमवार देर रात मिर्जापुर से गिट्टी लादकर प्रतापगढ़ जा रहा था । जैसे ही बहरिया बाजार से 6 किमी0 आगे सारीपट्टी नाले के पुल पर पहुंचा वहां पर तेज मोड़ होने के कारण सामने से आ रही एक वाहन को बचाने में वाहन असंतुलित होकर पुल के रेलिंग से टकराते हुये पलट गयी।

लेकिन गनीमत रही की ड्राइवर लक्ष्मण प्रसाद यादव तत्परता दिखाते हुये बगल की खिड़की से कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहा। सूचना पाकर ट्रक मालिक मौके पर



पहुंचा ट्रक को क्रेन से उठा कर ले कर चला गया

सारीपट्टी पुल पर आये दिन इस प्रकार की घटना आम होती जा रही है। क्योकि इस पुल पर बहुत तेज मोड़ बना हुआ है। इस पुल के सम्बंध में ग्रामिणों ने कई बार सम्बन्धित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रुप से अवगत कराया हैं। आज तक किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने इस ओर ध्यान नही दिया।

# अभिषेक ने महाकुंभ में भटके वृद्ध को मंजिल तक पहुंचाया



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अभिषेक नारायण ने मानवीय सहायता की एक मिशाल पेश की है। अभिषेक संगम घाट पर अपनी सेवा दे रहे थे तभी रात तकरीबन 8 बजे उनकी नजर संगम घाट पर एक 80 साल के वृद्ध पर पड़ी जो बहुत घबराए हुए और विचलित थे ऐसी स्थिति में अभिषेक ने उन वृद्ध से पूछा कि बाबा आप कहा से आए है और कहा जाएंगे तो वृद्ध बोले कि मैं राजस्थान का रहने वाला हू और मुझे दिनेश गिरी जी महाराज के यहां जाना है। इसके अलावा बाबा के पास कोई पता नहीं था और बाबा काफी भावुक हो रहे थे। तब अभिषेक ने उनको समझाया कि आप परेशान न हो आपको हम आपकी मंजिल तक पहुंचा देंगे।

अभिषेक ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने अपना नाम पोकरराम विश्नोई बताया और कहा कि मैं गोधाम पथमेड़ा तहसील सांचौर जिला जालौर राजस्थान का रहने वाला हूं यह जानने के बाद अभिषेक ने फेसबुक के माध्यम से जानकारी अर्जित की। जिसमें एक नंबर मिला जो दिनेश गिरी जी महाराज के आश्रम राजस्थान का था जिनसे बात करके अभिषेक ने सारा हाल बताया तो उन्होंने दिनेश गिरी जी महाराज का नंबर दिया। फिर दिनेश गिरी महाराज से बात करने पर पता चला कि उनका आश्रम बुधगिरि महाराज महाकुम्भ प्राचीन धूणा है जो सेक्टर 16 हर्षवर्धन मार्ग। में है तब अभिषेक ने उन वृद्ध को रात 1 बजे सकुशल दिनेश गिरी जी महाराज के आश्रम में छोड़ दिया जिससे वृद्ध की खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं रहा। इस महान कार्य में अभिषेक का साथ अभिनव त्रिपाठी (विधि विभाग के छात्र है ),सूरज त्रिपाठी (लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र एवं सीएलसी कॉलेज के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष) एवं मनोज मिश्रा (एक टैक्सी चालक जामनीपुर कोटवा प्रयागराज) आदि लोगो ने दिया। वही इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मनीष कुमार गौतम ने अभिषेक की प्रशंसा की।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हुई बैठक

**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले की बैठक आगामी कार्यक्रम नगर खेल कुंभ एवं अन्य योजना को लेकर के संपन्न हुई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए सर्व सहमति से कुछ प्रमुख निर्णय लिए गए जिसमें सिराथू तहसील महेंद्र वर्मा तहसील प्रमुख चायल तहसील आर्यन शुक्ला तहसील संयोजक, शिवम कुशवाहा तहसीलसह संयोजक, शशि भूषण द्विवेदी तहसील सहसंयोजक मंझनपुर तहसील डॉ0 अवधेश सिंह तहसील प्रमुख सुशील सोनकर तहसील संयोजक कुलांशु सिंह तहसील सहसंयोजक के नामों की घोषणा हुई। इस दौरान जिला प्रमुख डॉक्टर प्रबोध श्रीवास्तव, विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी, जिला संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवबाबू चौधरी, भरवारी नगर अध्यक्ष डॉ0 राहुल राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशील सोनकर, जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह उपस्थित रहें।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री व नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तथा नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी के अथक प्रयास से निकाय के 25 वार्डो में शीत लहर एवं ठंड से बचाव हेतु निराश्रित एवं असहाय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग महिला/पुरूष नागरिकों को ऊनी कम्बल वितरण करने हेतु वार्डवार/मोहल्लो में कैम्प/चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को चयनित कराते हुए अध्यक्ष के आदेश के क्रम में वार्ड नम्बर-11, भगत सिंह नगर (बबुरा, कॉशीराम कालोनी) व वार्ड नम्बर-12, शहीद सोहन लाल नगर समदा, फरीदपुर, तरी पर व वार्ड नम्बर-14, वत्स नगर कोर्रो तथा नम्बर-23, पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर मवई केवट, सेहिया आमद करारी, बेडियन का पुरा, नई आबादी नागरिकगणों को अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी, संजय कुमार गुप्ता लिपिक, अशुल केसरवानी, खुशनसीब अहमद, विनोद तिवारी, नत्थू,

हरिशचन्द्र पाल, निरंजन चौधरी, काजल देवी सभासद व प्रतिनिधि सुनील कुमार मिश्रा, शमीमा बेगम सभासद व प्रतिनिधि शमीम अहमद के साथ निकाय के दीपक पाण्डेय, गुलाम शाबिर, संजीव कुमार, शिवम् सिंह, मयंक केशरवानी, विजय पाण्डेय, आजाद, साजन, रोहित गौतम अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इस शीत लहर में निराश्रित एवं असहाय नागरिकगण को आज कुल 1135 ऊनी कम्बल जैसे ही प्राप्त हुआ उनके चेहरे पर मुस्कान/खुशी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) जय जय कार का गुणगान सभी लाभान्वित नागरिकगणों के द्वारा किया गया है।

# अटल आवासीय योजना परीक्षा फार्म की घर घर जानकारी दे रहें- बीईओ



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** जनपद के स्कूलों में पढ़ रहे श्रमिकों के बच्चों के लिए कक्षा छह से कक्षा बारह की तक की बेहतर पढ़ाई के लिए अटल आवासीय योजना के अंतर्गत परीक्षा फार्म भरवाए जा रहे है। लेकिन श्रमिकों में जागरूकता का अभाव होने के कारण वह अपने बच्चों का फॉर्म भरवाने में रुचि नहीं दिखा रहे है। इसी को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज जवाहर लाल यादव ने मंगलवार को मूरतगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर अठारह में घर घर जाकर अटल आवासीय योजना में पात्र बच्चों के श्रमिक अभिभावकों को जानकारी दिया और बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना उनके बच्चों के शिक्षण के लिए बेहतर मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने ऐसे अभिभावकों को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हे अधिक से अधिक फार्म भरने को प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों को भी ज्यादा ज्यादा फॉर्म भरवाए जाने को निर्देशित किया। उनके साथ प्राथमिक विद्यालय मूरतगंज द्वितीय की प्रधानाध्यापिका अनुराधा वर्मा, सहायक अध्यापक आलोक द्विवेदी, अमित कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

# टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के लक्ष्य किये जा सकतें हैं पूर्ण-जिलाधिकारी

**▶▶ विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत अधिकारियों के व्यवहार तथा आचरण को बदलने एवं टीम भावना के साथ कार्य करने के सम्बन्ध में किया गया प्रशिक्षित**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम नीति आयोग के अन्तर्गत चल रहें विकसित कौशाम्बी अभियान में समस्त जिलास्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की क्षमतावर्धन तथा व्यवहार एंव आचरण को बदलने के सम्बन्ध में उदयन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया किया गया।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित कौशाम्बी अभियान के इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेंगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के टारगेट पूर्ण किये जा सकतें हैं। जनपद में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसे हम सही न कर पायें, इसीलिए सभी को टीमभावना के साथ ही कार्य करने की आवश्यकता हैं। कार्यशाला में नीति आयोग डेवलपमेन्ट पार्टनर एम0एस0सी0 टीम के सलाहकार शशांक गगल द्वारा समस्त अधिकारियों को विकसित कौशाम्बी अभियान के अन्तर्गत ÷हम सबका सपना, विकसित कौशाम्बी अपना÷ कार्यक्रम के तहत व्यवहार परिवर्तन को कैसे जमीनी स्तर पर उतार सकतें है, का प्रशिक्षण दिया गया।

विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 07-07 लोगों की 06 टीमें लगायी गई हैं।

इसके साथ ही शासन की विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर कैसे उतारा जाय, इस सम्बन्ध में टीम के लोगां को प्रशिक्षित किया गया।

एकल एवं समूह कार्य से किस तरह गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावशाली परिणाम प्राप्त किये जा सकतें हैं, नेतृत्व की क्षमता से कैसे समस्याओं से समाधान की ओर बढ़ा जा सकता हैं, किस प्रकार चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकता है, अपेक्षाओं का प्रबन्धन कैसे किया जाय, पद के प्रति निष्ठावन कैसे रहा जाय एवं किस तरह अधिकतम से अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया जाय आदि विषयों पर समस्त अधिकारियों को जोड़ने का प्रयास के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, डीसी मनरेगा मनोज कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव एवं पीडीडीआरडीए नीरज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अंदावा में मासिक संकुल बैठक का आयोजन सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के शहजादपुर न्याय पंचायत की जनवरी माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय अंदावा में आयोजित की गई। बैठक में आए एसआरजी ओम प्रकाश सिंह ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल आवासीय परीक्षा के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ अपने सेवित क्षेत्र का सूची के अनुसार सर्वे कटके कक्षा पांच और कक्षा आठ में पढ़ रहे बच्चों का अधिक अधिक फार्म भरवाए, फरवरी माह में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन टेस्ट के लिए कक्षा एक और दो के बच्चों पर अत्यधिक मेहनत करे जिससे बच्चे आकलन में निपुण हो सके। डीबीटी में सभी अनसीडेड खातों को अभिभावकों को बैंक भेज कर सीडेड कटवाएं। बीआरसी में आधार बनने की प्रक्रिया गतिमान है, जिन बच्चों का आधार नहीं बना है उनके अभिभावकों को सूचित करते हुए उन्हें आधार बनवाने के लिए बीआरसी भेजना सुनिश्चित करें। विद्यालय में कायाकल्प से संबंधित सभी 18 पैरामीटर में जो विद्यालय स्तर पर अपूर्ण जो उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बच्चों के शिक्षण में दीक्षा एप, रीड एलांग एप सहित शिक्षण एप का अत्यधिक प्रयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। बैठक में नोडल शिक्षक संकुल अखिलेश शुक्ला, संकुल शिक्षक गुलाब सिंह, संतोष कुमार, बृजश्याम, राकेश कुमार, शिक्षक मनोज द्विवेदी, अरुण मिश्रा, विद्यानिवास पांडेय, रामप्रकाश त्रिपाठी, माया सिंह, रिया सेठी, प्रतिभा सिंह सहित संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक उपस्थित रहे।

# सीएम फेलो सौम्या अवस्थी ने इंकार परिवार का कराया टीकाकरण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के द्वारा चलाए जा रहे विकसित कौशाम्बी अभियान के सभी बच्चों का टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। अभियान के क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर अन्तर्गत टेवां गांव निवासी रिंकू सिंह के परिवार नियमित टीकाकरण के तहत वीएचएसएनडी सत्र पर आशा, आंगनवाड़ी और एएनएम के लगातार कोशिश करने के बाद भी बच्चे के टीकाकरण करने के लिए तैयार नहीं थे। सीएम फेलो सौम्या अवस्थी द्वारा अभियान के तहत परिवार को टीकाकरण से बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। सौम्या अवस्थी द्वारा दी गई जानकारी से प्रभावित होकर रिंकू सिंह के इंकार परिवार का टीकाकरण कराया गया। सौम्या अवस्थी ने आमजन मानस से बीमारियों से बचाव हेतु जनपद के विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों के गांवों में स्वास्थ्य उपकेन्द्र की एएनएम बहन जी द्वारा बुधवार व शनिवार को आयोजित होने वाले नियमित टीकाकरण सत्र स्थलों पर गर्भवति महिलाएं पहुंचकर अपनी विभिन्न जांचें कराएं एवं बच्चों का टीकाकरण कराएं। जिससे बीमारियों से बचाव हो सके।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना कैम्प होगा आयोजन

कौशाम्बी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योजनान्तर्गत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांशरशिप योजना, विधवा पुत्री शादी अनुदान, विधवा से विवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार योजना, दहेज से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, दहेज से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत पात्र महिलाओं एवं बच्चों के चिन्हांकन एवं प्रोत्साहित किये जाने के लिए दिनांक 23.01.2025 को अपराह्न 12:00 बजे विकास खण्ड परिसर, सिराथू में तहसील क्षेत्र सिराथू के (विकास खण्ड सिराथू के कड़ा तथा नगर निकाय सिराथू, एवं अझुवा) विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं आवेदन किये जाने के लिए चिन्हांकित लाभार्थियों को प्रोत्साहन एवं प्रमाण पत्र वितरण के लिए कैम्प का आयोजन किया जायेंगा।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, वद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा कस्बा सराय अकिल में, थाना कौशांबी पुलिस टीम द्वारा कस्बा विजिया में, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा में, थाना महेवाघाट पुलिस टीम क्षेत्र में, थाना करारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा करारी में, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर में, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला माता मन्दिर में भ्रमणशील रहते हुए चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्वैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# किसान कृषि यंत्र के लिए 04 फरवरी 2025 तक करें ऑनलाइन पंजीकरण

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक ने कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि जनपद में कृषि विभाग द्वारा संचालित यंत्रीकरण योजनान्तर्गत कृषि यंत्र सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत पोटैटो डिगर, हैरो कल्टीवेटर, पावर चौपकटर, स्ट्रीपर, रोटावेटर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस0एम0एस0, किसान ड्रोन, फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं हाई टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, एन0एफ0एस0एम0 नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (तिलहन योजना) तथा त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना के यंत्रों की बुकिंगध्आवेदन विभागीय पोर्टल की वेबसाइट पर यंत्र बुकिंग 21 जनवरी, 2024 को अपराह्न 3 बजे से 04 फरवरी, 2025 को रात्रि 12 बजे तक प्रारम्भ लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन विकास खण्डवार की जाएगी। पोर्टल पर बुकिंग के लिए कृषक के पंजीकृत मो0न0 पर ओ0टी0पी0 आएगा यदि कृषक पंजीकरण में कृषक को मोबाइल न0 अपडेट नही है अथवा उपलब्ध नही है तो कृषक द्वारा स्वंय अपने आधार पंजीकृत मो0 नं0 पर प्राप्त ओ0टी0पी0 के माध्यम से अपडेड किया जा सकता है। लाभार्थियोंध्कृषकों द्वारा निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से विकास खण्डवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा। रू0 10001 से रू0 100000 तक अनुदान के कृषि यंत्रों की बुकिंग धनराशि रू 2500 होगी। ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले कृषकों को बुकिंग की धनराशि वापस कर दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए आप कार्यालय-उप कृषि निदेशक, कृषि भवन, मंझनपुर में संपर्क किया जा सकता है।

# धर्म परिवर्तन के वांछित आरोपी गिरफ्तार





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक भोला यादव मय हमराहपुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर एससी एसटी एक्ट व उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित वांछित शंकर लाल चौरसिया निवासी ग्राम नुमायाडाही थाना एयरपोर्ट हाल पता श्रीराम गेस्ट हाउस के पास कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को शहीद बाब मजार के पास तन्नापार जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की जमातलाशी से 68 अदद विजिटिंग कार्ड, 76 अदद पम्पलेट, 01 अदद पुस्तक बाईबिल, 01 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## ▶▶ चोरी के मोबाइल फोन व पैसों के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। सुबेदार सूर्यभान सिंह निवासी केशवापुर जीटी रोड थाना कोखराज द्वारा थाना कोखराज पुर सूचना दी गयी कि एक अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान पर सामान लेने आया था, जब उनकी पत्नी सामान लेने के लिए दुकान के अन्दर गयीं तो अज्ञात व्यक्ति उनका मोबाइल फोन व पैसे लेकर गायब हो गया। सूचना पर थाना कोखराज में अभियोग पंजीकृत किया गया था। सर्विलांस सेल के माध्यम से प्राप्त लोकेशन के आधार पर थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 मनीष पालमय हमराह पुलिस बल द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित कल्लू उर्फ मंजे निवासी चिटकहना थाना संदीपनघाट को कानपुर प्रयागराज हाइवे से ग्राम चकिया सम्पर्क मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

## ▶▶ पांच वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अखण्डानंद दुबेमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी मिथिलेश कुमार मौर्य निवासी अंबाबा पूरब थाना मंझनपुर व उ0नि0 कृष्ण कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित आरोपी नरेश निवासी गौरा, ओसा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी कमलेश निवासी ग्राम ढोकसहा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक विकाश चन्द्र मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा दो वारण्टी शिवनारायण उर्फ जयकरन, भइयादीन निवासीगण सादीपुर थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

# मीरापुर ग्रामसभा में तालाब की और खलिहान की सुरक्षित भूमि पर दबंग किस्म के भूमाफियाओं का अवैध कब्जा



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर तहसील क्षेत्र के परगना करारी क्षेत्र के ग्राम सभा मीरापुर में तालाब एवं भूमि खलिहान खाते की सार्वजनिक सुरक्षित भूमि है। जिस पर गांव के दबंग किस्म के लोगो ने उस पर गुंडागर्दी के बलपर कब्जा किए हुए हैं। भूमाफियाओं द्वारा तालाब की भूमि और खलिहान की सुरक्षित भूमि पर अवैध अतिक्रमण के सम्बन्ध में न्यायालय तहसीलदार मंझनपुर के यहां बेदखली वाद दाखिल हुआ था। जिसमें तीनों भूमाफियाओं के विरुद्ध न्यायालय तहसीलदार मंझनपुर द्वारा बेदखली एवं अर्थदण्ड का आदेश पारित किया गया है। उक्त आदेश का अनुपालन एक सप्ताह के अंदर राजस्व निरीक्षक को पुलिस बल की सहायता से भूमाफियाओं के चंगुल से अतिक्रमण को हटवाकर कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का निर्देशित किया गया है। किन्तु अभी तक भूमाफियाओं के अवैध अतिक्रमण को नहीं हटवाया गया और ना ही अर्थदण्ड वसूल किया गया है। जिससे इन भूमाफियाओं का हौसला बढ़ता जा रहा है। और आज भी धीरे-धीरे दबंग भूमाफियाओं का कब्जा हो रहा हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का आयोजन आज

**रखहा प्रतापगढ़।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा किये जाने की प्रथम वर्षगांठ पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया है।बाबा बेलखरनाथ धाम के गांगपाटी स्थित नहर पर चौराहे का नामकरण करते हुये हनुमान चौराहा के नाम से जाना जाएगा । यह चौराहा प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर बुधवार को प्रति स्थापित होगा । इस दौरान उक्त स्थान पर ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी होगा । जिसके लिये आयोजन समिति का गठन करते हुये पप्पू पुष्पाकर को अध्यक्ष बनाया गया । इसी तरह राजू उर्फ कृष्णकांत प्रजापति को उपाध्यक्ष, जंग बहादुर पटेल संयोजक तथा ओमप्रकाश पटेल सहायक संयोजक बनाये गये।यह जानकारी देते हुए जय विन्द मौर्या ने बताया कि आयोजन में सोनू सिंह प्रधान, गोपू सिंह, शोएब शर्मा, मुलायम यादव, राधे गौतम, श्यामू शर्मा, गणपति यादव, विनय यादव, संदीप यादव आदि का सहयोग रहेगा।इसी तरह सराय नानकर गांव में भी श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर बुधवार को काली माई के मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें भंडारे के पूर्व सुंदरकांड का आयोजन किया गया है ।

### पूर्व प्रधानाचार्य की पुण्य-तिथि आज



**प्रतापगढ़।** स्व.अशोक कुमार तिवारी को वर्ष 2015 में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया था। उनकी पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष 22 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित होता रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष वृद्धाश्रम में पूर्वजों की स्मृति विषयक एक गोष्ठी का आयोजन सुनिश्चित हुआ है।यह जानकारी ज्ञानेश तिवारी ने दी।

### विजेता नौनिहालों को मेडल प्रदान कर किया गया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नौनिहाल प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के अन्तर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले नौनिहालों को सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा पीजी से यूकेजी तक के नौनिहालों में शिवाय, सार्थक, प्रख्या, वेदज्ञ, आर्या, त्रियांश, वेदिका, सहर्ष, नमन आदि को प्रमाण-पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रेरक उदाहरणों के जरिए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उत्साह बढ़ाया और कहा कि इस नौनिहाल प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम से सभी नौनिहालों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### सपा की बैठक में सीएम के इस्तीफे की माँग



**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी की सोमवार को एक बैठक नगर पंचायत सुवन्सा बाजार में प्रदेश सचिव जमील मंसूरी के जनसंपर्क कार्यालय पर की गई। बैठक में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के लिए होता है। श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर पूरे प्रदेश में पीडिए जन पंचायत का कार्यक्रम चल रहा है।जमील मंसूरी ने कहा की नफरत फैला कर भाजपा मुसलमानों पिछड़ों दलितों को बांटना चाहती है। समाजवादी पार्टी पीडिए होने नहीं देगी। फासिस्ट वादी पार्टियों के खिलाफ अखिलेश सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा लड़ रहे हैं। जमील मंसूरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही मुसलमानों की सच्ची हितैषी है। मिशन 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक देगी। जंगल राज का खत्म हो जाएगा। चोरी छिनैती राहजनी बेरोजगारी भ्रष्टाचार महंगाई चरम पर है।कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। श्री मंसूरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीजी से इस्तीफे की मांग करते है। बैठक में प्रदीप कुमार यादव, डॉक्टर भैया राम चौरसिया जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी रोहित कुमार पटेल,अंबिका प्रसाद गौतम,बद्रीनाथ पाल,हाफिज मोहम्मद अली,प्रिंस मौर्य,निखिल यादव,मोहम्मद हमास मंसूरी,बशीर अहमद,गुलाम सरवर आदि उपस्थित रहे।

### दो पर मारपीट, दलित उत्पीड़न का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्रिकेट मैच के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत रसूलपुर गुलरहा गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रामखेलावन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बारह जनवरी को वह गांव में ही चल रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट में मैच खेलने गया था। आरोप है कि इसी बीच गांव के प्रभाकर तिवारी उर्फ ज्ञानू पुत्र स्व. सुरेश नारायण तिवारी तथा अमन तिवारी पुत्र वीरेन्द्र तिवारी वहां पहुंचे और मैच खेलने को लेकर दबाव बनाने लगे। पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दी और मारापीटा। वहां मौजूद लोगों के बीचबचाव करने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद प्रभाकर व अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जरूरतमंदो को बांटा गया कंबल, राहत में लाभार्थी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेलहा गांव में मंगलवार को जरूरतमंदो को कंबल बांटा गया। सेवा प्रथम फाउण्डेशन की ओर से परम्परागत कंबल वितरण में सैकडो लाभार्थियों में कंबल पाकर राहत महसूस हुई दिखी। संयोजक एवं फाउण्डेशन के अध्यक्ष इं. अतुल शुक्ला ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा निश्छल होनी चाहिए। लाभार्थी हरी लाल गौतम, नरेन्द्र सिंह, सोनिया यादव, सबीना बानो आदि ने आयोजन को सराहा। कार्यक्रम का संचालन अभिनव शुक्ल ने किया। इस मौके पर कृष्णदत्त शुक्ल, चक्रधर शुक्ल, अवशेष शुक्ल, अधिवक्ता आलोक शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता, दिनेश यादव, विद्याधर शुक्ल आदि रहे।

# साहसिक मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को पैर मे लगी गोली, तमंचे व कारतूस के साथ धोखाधड़ी में हड़पे रूपये की बरामदगी में भी मिली कामयाबी

## ▶▶ अर्न्तजनपदीय बदमाशों पर शिकंजा कसने को लेकर खाकी की हुई वाहवाही, टीम को मिलेगा ईनाम

लोकमित्र ब्यूरो



**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस को मुठभेड़ में दो शातिर अर्न्तजनपदीय बदमाशो को दबोचने में बड़ी कामयाबी मिली है। बदमाशों के साथ पुलिस की हुई साहसिक मुठभेड़ में सोमवार की रात लालगंज पुलिस ने हिरासत मे लिए गए बदमाशों से धोखाधड़ी कर पीड़ित से हडपे गये नकदी के साथ तमंचे व कारतूस भी बरामद किये हैं। जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव सोमवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस की चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली के उधरनपुर नाले के समीप अचानक बदमाशों से आमना सामना हो गया। फोर्स को देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जबाबी फायरिंग करते हुए बदमाशों से लोहा ले लिया। पुलिस की जबाबी फायरिंग में दोनों शातिर बदमाशों के पैर में गोली लग गयी। पुलिस की गोली लगने पर बदमाश लहूलुहान होकर गिर पड़े।

पुलिस टीम ने बदमाशों को दबोचा। पकड़े गये बदमाश जिले की नगर कोतवाली के अचलपुर निवासी मो. अख्तर के पुत्र शोएब उर्फ रफी 29 के बाएं पैर एवं सांगीपुर थाना के तारापुर निवासी रामसुंदर सिंह के पुत्र रामसिंह 52 के दाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों को पुलिस इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आयी। प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल बदमाशो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में मंगलवार को बदमाशो का उपचार जारी बताया गया।

घायल बदमाश शोएब उर्फ रफी के पास से तमंचा व कारतूस तथा धोखाधड़ी के छः हजार रूपये एवं रामसिंह के पास से भी तमंचा व कारतूस के साथ धोखाधड़ी के दो हजार रूपये बरामद हुए हैं। बदमाशों के पास से मोबाइल फोन व सीजर बाइक भी बरामद करने में पुलिस को कामयाबी मिली है। घायल बदमाश शोएब उर्फ रफी एवं रामसिंह के खिलाफ प्रतापगढ़ थाना अमेठी व रायबरेली तथा सुल्तानपुर जिलो के थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं मे केस दर्ज है। पुलिस पूछताछ में बीती दस जनवरी को लालगंज नगर के बैंक आफ इण्डिया शाखा से पचास हजार रूपये निकाल कर आ रहे अझारा निवासी विंध्यवासिनी तिवारी से धोखाधडी कर पचास हजार रूपये के मुकदमें मे भी आरोपियों की संलिप्तता का पर्दाफाश हुआ है। मंगलवार को पुलिस और बदमाशो के बीच मुठभेड की चर्चा हॉट बाजार व ग्रामीण क्षेत्र में सरगर्म दिखी।

लोगों मे पुलिस की बदमाशो पर शिंकजे कसने की कार्रवाई की सराहना भी होती दिखी। लालगंज पुलिस की इस सफलता की जानकारी मिलने पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल बदमाशों से पूछताछ किया। वहीं एसपी डॉ. अनिल कुमार ने भी कोतवाली पुलिस के साहसिक मुठभेड को अपराध नियंत्रण अभियान की सफलता करार दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने भी प्रतापगढ़ पुलिस की सफलता को लेकर एसपी समेत पुलिस टीम को प्रशंसा प्रवृष्टि दिये जाने की बात कही है।

### डंफर की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत, कोहराम




**लालगंज, प्रतापगढ़।** तीव्र गति से डंफर ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के जोधेपुर बेंदुअन अठेहा निवासी दयाराम गुप्ता का पुत्र सूरज 20 सोमवार की देर शाम अठेहा बाजार से साइकिल से घर लौट रहा था। अठेहा में बडौदा बैंक के पास पीछे से अमेठी की तरफ से आ रहे डंफर ने साइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। इलाज के लिए परिजन उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की सांसे थम गयीं। जानकारी मिलने पर रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक चार भाईयों मे सबसे बड़ा था। वह रोजमर्रा मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता था।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 413 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न

## ▶▶ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 408 हिन्दु जोड़े व 05 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे











लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 413 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 408 हिन्दू जोड़े एवं 05 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद प्रतापगढ़ एस0पी0 पटेल, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, नगर पालिका परिषद बेल्हा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह,सहित अन्य अतिथियों ने सम्मिलित होकर नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया।

इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ एस0पी0 पटेल ने कहा कि गरीब पुत्रियों की विवाह के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वरदान सावित हो रही है इसके लिये मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र है, मुख्यमंत्री जी ने बहुत अच्छी सोच का परिचय दिया जिसमें हर वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ मिल रहा है, सामूहिक विवाह कार्यक्रम का इतना बड़ा आयोजन एक सरकार ही करा सकती है। सांसद जी ने सभी नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि एक तरफ जहां कई वर्ष के बाद एक ऐसा शुभ अवसर आया है जहां पावन तीर्थ प्रयागराज की धरती पर महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वहीं ऐसे शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हो रहा है यह निःसन्देह बहुत ही शुभ संकेत है। मुख्यमंत्री जी की सोच है कि ऐसे सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाये जिसमें सामूहिक रूप से समस्त शास्त्रीय पद्धति से चाहे जिस धर्म के लोग हो का विवाह उनके शास्त्रीय विधि से करायी जाये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत सभी जोड़ो को विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक नये चरण में प्रवेश कर रहे है, सभी जोड़े खुशहाली के साथ रहे। उन्होने सभी नव दांपत्य जोड़ो को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, नगर पालिका परिषद बेल्हा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत एक जोड़े पर सरकार द्वारा 51000 रूपये की धनराशि खर्च की जाती है जिसमें 35 हजार रूपये लड़की के खाते में, 10 हजार का श्रंगार, ज्वेलरी ,कपड़ों, बर्तन पर खर्च किये जाते हैं व 6 हजार रुपए की धनराशि से विवाह कार्यक्रम के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं।

एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड आसपुर देवसरा के 38, बाबा बेलखरनाथधाम के 19, पट्टी के 24, मंगरौरा के 27, सदर के 19, मानधाता के 49, सण्डवा चन्द्रिका के 22, गौरा के 15, शिवगढ़ के 11, लालगंज के 20, सांगीपुर के 24, रामपुर संग्रामगढ़ के 14, लक्ष्मणपुर के 34, बिहार के 10, बाबागंज के 12, कुण्डा के 27, कालाकांकर के 31 जोड़ो व समस्त नगर पंचायत के 17 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ शादी सम्पन्न करायी गयी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, सह जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी सरोज सहित डा0 विन्ध्याचल सिंह आदि सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया।

### सपा सांसद ने मुख्यमंत्री के प्रयासों को सराहा

**प्रतापगढ़।** सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री योगी नाथ के सामूहिक विवाह आयोजन के लिये जम कर सराहना की है।सामूहिक विवाह के मौके पर सांसद प्रतापगढ़ एस0पी0 पटेल ने कहा कि गरीब पुत्रियों की विवाह के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वरदान सावित हो रही है इसके लिये मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र है, मुख्यमंत्री जी ने बहुत अच्छी सोच का परिचय दिया जिसमें हर वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ मिल रहा है, सामूहिक विवाह कार्यक्रम का इतना बड़ा आयोजन एक सरकार ही करा सकती है।

### दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देल्हूपुर,प्रतापगढ़।** दहेज हत्या के प्रकरण से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देल्हूपुर श्री धनंजय राय के नेतृत्व में उ0नि0 हरेन्द्र सिह मय हमराह उ0नि0 श्री मुकुन्दजी पाण्डेय व हे0का0 अंगदराम द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध् वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना देल्हूपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-05ध्2025 धारा- 80, 85(2) बीएनएस व धारा 3ध् 4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त राजकुमार पुत्र शिवप्रसाद बिन्द निवासी ग्राम दिवैनी थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 21.01.2025 को थानाक्षेत्र देल्हूपुर के छितपालगढ़ नहर फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया।

# पथ संचालन करके भगवान बुद्ध के करुणा,मैत्री एवं विश्व शांति का दिया संदेश

## ▶▶ पंचशील के विशाल धम्म ध्वजा के साथ शोभायात्रा में शामिल होंकर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** ,समन्वय सेवा संस्थान के उपासको व उपासिकाओ नें उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सौजन्य से व लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल के तत्वावधान में लखनऊ के शांति उपवन बुद्ध विहार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावन भिक्खु महासंघ का उत्तर प्रदेश आगमन पर उनका स्वागत एवं महासंघ के पावन सानिध्य में भगवान बुद्ध के पावन वचनों धम्मपद के संगायन प्रतिभाग किया । इसके पूर्व ब्राजील, पुर्तगाल, ब्रिटेन, अमेरिका,जापान,थाईलैंड, कंबोडिया, श्रीलंका, म्यांमार सहित अन्य बौद्ध राष्ट्र के श्रद्धालु उपासक और उपासिकाएं अंतरराष्ट्रीय पावन भिक्खु संघ के नेतृत्व में नगर पथ पर पैदल पथ संचालन करते हुए भगवान बुद्ध के करुणा,मैत्री व शांति का संदेश भी दिया। इस अवसर पर स्थानीय स्तर पर आध्यात्मिक सांस्कृतिक संस्था समन्वय सेवा संस्थान,भारत के श्रद्धालु उपासक और उपासिकाओं नें पंचशील के विशाल धम्मधवजा के साथ इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल हों कर आध्यात्मिक ऊंचाइयां प्रदान कर रहे थे।

ज्ञातव्य है कि ये उक्त अंतरराष्ट्रीय भिक्खु महासंघ के पावन चरण उत्तर प्रदेश की धम्मयात्रा के लिए निकल पड़े हैं जहाँ वे क्रमिक रूप से इस अवसर पर जनपद के संयोजन कर रहें राकेश कनौजिया नें बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन और लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउण्डेशन इण्टरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान व आचार्य राजेश चंद्रा के समन्वय में आयोजित इस धम्मयात्रा में कम्बोडिया, थाईलैण्ड, वियतनाम, म्यानमार आदि थेरवादी बौद्ध देशों के वे विशिष्ट भिक्खु सम्मिलित हैं जो प्रतिदिन कम से कम 30 किलोमीटर चारिका करने के अभ्यस्त हैं।

साथ में ब्राजील, पुर्तगाल, अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के श्रद्धालु बौद्ध उपासक, उपासिकाएं भी उत्तर प्रदेश के बौद्ध पर्यटन में सम्मिलित हैं, जो प्रत्येक स्थान पर बुद्ध पूजा-पाठ भी करेंगे। बौद्ध स्थलों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश न केवल भारत के सभी प्रान्तों की तुलना में समृद्धतम प्रान्त है वरन विश्व में प्रथम है। भगवान बुद्ध ने अपना पहला धम्मोपदेश उत्तर प्रदेश में दिया- सारनाथ में। भगवान ने सर्वाधिक वर्षावास उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती में किया। भगवान बुद्ध ने कौशाम्बी में वर्षावास किया- उत्तर प्रदेश में, देवलोक में अपनी माता महामाया को अभिधम्म का उपदेश देकर भगवान ने देवलोक से अवतरण किया- संकिसा में यानी उत्तर प्रदेश में और भगवान उत्तर प्रदेश में महापरिनिर्वाण को उपलब्ध हुए- कुशीनगर में।इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश अनुपम है। उत्तर प्रदेश पर्यटन का सूत्र वाक्य है- यूपी नहीं देखा तो इण्डिया नहीं देखा। बौद्ध दृष्टिकोण से कहा यह भी जानना चाहिये कि यूपी नहीं देखा तो बौद्ध तीर्थ ही नहीं किया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत लखनऊ के उपासक संघ द्वारा किया गया। सभी के प्रति आभार अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक काउंसिल के चेयरपर्सन बहन वंग्मो डिस्की(अमेरिका) नें की। संपूर्ण भारत की भूमि कों पुण्य की भूमि बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।धम्मयात्रा का शुभारम्भ प्रातरू8 बजे महासंघ की शोभायात्रा के साथ हुआ और इस कार्यक्रम में प्रतापगढ़ सहित कानपुर, आजमगढ़, बरेली, प्रयागराज, रायबरेली के उपासक संघ भी शामिल रहा। इस अवसर पर जनपद से जितेंद्र यादव, मनीष नेहा रंजन, संजय दीपशिखा, राहुल शर्मिला देव, अवधेश अंजनी, राजीव अनीता, अमृत रूबी सिंह, रंजू संजय, डॉ. राधेश्याम, सुदमा दुर्गेश, विनोद, शिवकुमार व ज्ञानेश उपस्थिति रहे।

संक्षिप्त खबरें

## भट्ठा मालिक ने पैसा वापस न करने पर मजदूर को दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव में मंगलवार की सुबह भट्ठा मालिक में एडवांस पैसा ब्याज समेत वापस न करने पर एक मजदूर के साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर उसको मारपीट की धमकी दीद्य पीड़ित मजदूर में थाने जाकर आरोपी भट्ठा मलिक के खिलाफ मामले कर तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी राधेश्याम पुत्र शिवचरण मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार वह लगभग 3 सालों से लोहरा गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर पथाई का काम करता था। इस वर्ष उसने इसी भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए भट्ठा मालिक से 10 हजार रुपये एडवांस लिया था। बीमारी के कारण वह भट्ठे पर काम करने नहीं जा सका। इससे नाराज होकर भट्ठा मालिक अपने साथियों के साथ मंगलवार को उसके घर पहुंचा और बतौर एडवांस दिये गये 10 हजार रुपये की जगह उससे 22 हजार रुपये की मांग करने लगा। इतना पैसा देने में असमर्थता जाहिर करने पर मालिक उसके साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने मजदूर के साथ मारपीट करने की धमकी दी। पीड़ित मजदूर में थाने जाकर आरोपी भट्ठा मालिक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## नशे की हालत में दो युवकों ने मारपीट कर की छिनैती, शिकायत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने पीड़ित को नशे की हालत में जेब में रखे नकदी व मोबाइल लेकर मारपीट करने लगे , पीड़ित ने मामले की शिकायत सैनी पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियो गांव निवासी कमलेश कुमार पुत्र शिवराज मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार को वह बाइक से रिश्तेदारी जा रहा था। कमलेश का आरोप है कि लगभग छः बजे शाम को सैनी के दो युवकों ने नशे की हालत में मारपीट कर जेब में रखा मोबाइल व 15 सौ नकदी निकालकर धमकी देने लगे। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## महिला ने पड़ोसियों पर लगाया मारपीट का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला बच्चों के बीच हुए विवाद में बीच बचाव के लिए गई थी , इस दौरान पड़ोसियों ने महिला के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया , महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा गांव की सरिता देवी पत्नी संजय कुमार पटेल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार की शाम को उसका छोटा पुत्र खेल रहा था इस दौरान पड़ोसी के बच्चों से खेल खेल में विवाद हो गया। सरिता देवी का आरोप है कि पड़ोस की एक महिला उसके पुत्र के साथ मारपीट करने लगी शोर शराबा सुनकर बीच बचाव के लिए पहुंची तो पड़ोसियों ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** गंगा पार से लकड़ी लादकर आ रहे युवक के साथ कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर में दबंगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे , पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के थूलगुला का मजरा अडारपर निवासी इंद्रेश कुमार पुत्र शिव प्रकाश पटेल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह 16 जनवरी को गंगापार से लकड़ी लादकर घर आ रहा था। रास्ते में शहजादपुर चौराहे के पास रुक कर नाश्ता कर रहा था तभी शहजादपुर का सतीश उर्फ दादू गाली गलौच करने लगा , पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा।

## महिला ने जेठ पर लगाया छेड़खानी करने का आरोप

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने जेठ पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। छेड़खानी का विरोध करने पर जेठ उसके साथ मारपीट करता है। साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा हैद्य पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी जेठ के खिलाफ मामले की तहरीर दीद्य तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई हैं।

संदीपन घाट क्षेत्र के एक गांव की महिला के अनुसार उसका पति गैर प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। उसकी अनुपस्थिति में जेठ उसके साथ आए दिन छेड़खानी करता है। छेड़खानी का विरोध करने पर वह उसके साथ मारपीट करता रहता है। साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है। परिजनों से शिकायत करने पर भी कोई उसके खिलाफ आवश्यक कदम नहीं उठा रहा हैद्य इससे परेशानी होकर महिला ने मंगलवार को थाने जाकर आरोपी जेठ के खिलाफ मामले की तहरीर दीद्य तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## पिता-पुत्रों ने पुराने विवाद में घर में घुसकर युवक को पीटा

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गौस गांव में मंगलवार की सुबह पुरानी रंजिश में पिता-पुत्रों ने घर में घुसकर युवक को जमकर पीट दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

मोहीउद्दीनपुर गौस गांव निवासी मिथुन पुत्र छोटेलाल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। मिथुन के अनुसार उसका गांव के एक परिवार से पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार की सुबह वह घर के अंदर बैठा था। इसी दौरान वह व्यक्ति अपने पांच पुत्रों के साथ मौके पर पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौच करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उन लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दिया।पिटाई से उसको काफी चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपी पिता-पुत्रों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## श्री जवाहरलाल ट्रस्ट द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों को किया गया जागरूक



**टेवां, कौशाम्बी।** श्री जवाहरलाल ट्रस्ट द्वारा जनवरी माह में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। जिसमें आरुष चौरसिया पुत्र डॉक्टर मनोज चौरसिया सरसवां पीएचसी ने प्रतिभाग किया तथा किशोरो को तेज गति से वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया 10 वर्षीय बालक आरुष चौरसिया के इन प्रेरणा स्रोत बातों से प्रभावित होकर जवाहरलाल ट्रस्ट द्वारा आरुष चौरसिया को फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया आरुष चौरसिया से हर बच्चे को सीख लेने की जरूरत है अपने-अपने माता-पिता अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक करने एवं अपनी जिम्मेदारियों को याद दिलाने की पहल करनी चाहिए।

# नीरज बनारसी बने नगर अध्यक्ष तो हर्षित नागा बने युवा नगर अध्यक्ष

### ▶▶ राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी हुए मनोनीत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** नगर पालिका परिषद भरवारी मोहनलाल गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला संरक्षक राम प्रकाश मिश्रा और जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने भरवारी नगर अध्यक्ष नीरज केसरवानी बनारसी और युवा नगर अध्यक्ष हर्षित नागा को नगर के विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने भरवारी नगर अध्यक्ष नीरज बनारसी, और युवा नगर अध्यक्ष हर्षित नागा को मनोनीत किया। नगर उपाध्यक्ष सुमित कुमार उर्फ यश कुमार, विनोद कुमार राजू, इस्तेखार अहमद, महामंत्री मुकेश केसरवानी, मंत्री अतुल और युवा महामंत्री मोहित केसरवानी, उपाध्यक्ष शांतनु केसरवानी, प्रिंस, धीरज चौरसिया, सचिन, मीडिया प्रभारी अरुण गुप्ता पत्रकार, इंद्रेश पांडे, मोहित सोनी ,उमाकांत साहू, अभिषेक कश्यप राजा को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के जिला संरक्षक राम प्रकाश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी, संरक्षक वीरेंद्र कुमार कोको, संतोष तिवारी, बालकिशन, बिंदेश्वरी एवं संगठन के प्रान्तीय महिला महामंत्री ज्योति गुप्ता, प्रान्तीय मंत्री अभिजीत केसरवानी जीतू , नगर पालिका अध्यक्ष शिवम केसरी जिला उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल बब्बू वा उपांशु, पश्चिम शरीरा व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष जितेन्द्र कौशल नगर संगठन के सभी पदाधिकारियो के साथ नगर के जिला उपाध्यक्ष हेतु राकेश केसरवानी सीमेंट वाले ,घोषित हुवे। नगर के व्यापारी के साथ पार्षद शंकर लाल केसरवानी, पार्षद प्रतिनिधि शंकर लाल केसरवानी बच्चा, तुषार केसरवानी तनु, अन्नू, सीमा, किरण, तारा, विनीता, पूजा, लक्ष्मी, संगीता समेत सैकडो व्यापारी उपस्थित रहे।

## बरेठी में डिजिटल माध्यम से बच्चों को पढ़ाने की दी गई तकनीकी जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शिक्षकों को विभिन्न शिक्षण विधाओं के माध्यम से दक्ष करनें की दिशा में शासन की मंशा के अनुसार मासिक शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन हर माह किया जाता है। इसी के अंतर्गत नेवादा के न्याय पंचायत बरेठी की मासिक संकुल बैठक में नोडल शिक्षक संकुल हरिओम सिंह की अगुआई में जहां एक ओर विभिन्न विधाओं से परिचित करानें की दिशा में प्रयास किया जा रहा है वहीं सभी शिक्षकों को डिजिटली रूप में भी दक्ष करनें की दिशा में प्रयास करने के लिए स्मार्ट टीवी की मदद से विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कंटेंटो से कैसे बच्चों को दक्ष बनाये? साथ ही स्मार्ट टीवी का कैसे उपयोग करें? वर्तमान में एआई व विभिन्न साफ्टवेयरों से से कैसे अपनी विधा को नई दिशा दें। इन सभी के संबंध में प्रयोग करके दिखाया गया और विभिन्न उपयोगी शिक्षण सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में शिक्षक संकुल नगमातरन्नतुम, सोलोनी,रजनी गुप्ता व वनीता दुबे सहित न्यायपंचायत के समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

## रघुनाथपुर में बच्चे पहुंचते है टाइम पर, शिक्षक पहुंचते है लेट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकार भले ही दिन रात एक कर दे, लेकिन गुरुजी समय पर विद्यालय न पहुंचने की कसम खाए बैठे हैं। विकास खंड सिराथू के रघुनाथ पुर कंपोजिट स्कूल के शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे है।

मंगलवार की सुबह 9रू30 मिनट हो रहे थे और विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लटक रहा था। विद्यालय पहुंचने वाले छात्र बाहर खड़े थे।

विकास खंड सिराथू के रघुनाथपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय में कुल 141 छात्र छात्रा पंजीकृत है। विद्यालय में एक हेड मास्टर सहित छः अध्यापक नियुक्त है मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे तक स्कूल में ताला बंद होने से स्कूल आए बच्चे बाहर खेलते पाए गए , साढ़े नौ बजे के करीब जब हेड मास्टर रमेश कुमार स्कूल पहुंचे तब स्कूल का ताला खुला, इस समय तक स्कूल में सहायक अध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी मौके पर मौजूद मिले जबकि एक अध्यापक मिथलेश द्विवेदी अवकाश पर थे वहीं विष्णु , दुर्गा दीन और विकास स्कूल नहीं पहुंचे थे , ग्रामीणों का कहना है कि अक्सर बच्चे अपने टाइम पर उपस्थित रहते है और शिक्षक अनुपस्थित रहते है। इसके बाद भी विभाग सजग नहीं है। बीईओ सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## मीरापुर में स्थित महाकाल भैरव मंदिर का 68 वा वार्षिकोत्सव शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के मीरापुर में स्थित महाकाल भैरव बाबा मंदिर परिसर में माघमेला महोत्सव के 68 वे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का सोमवार से शुभारंभ हुआ । कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान व भाजपा नेता बृज भूषण मौर्य ने बताया कि स्व छत्रपाल मौर्य की स्मृति में प्रतिवर्ष महाकाल भैरव मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। बृज भूषण मौर्य ने आगे बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 20 जनवरी से शुरू होकर 26 जनवरी तक चलेगा , 27 जनवरी को श्रीराम चरित मानस पाठ , 28 जनवरी को अखण्ड कीर्तन एवं भंडारा एवं 29 जनवरी को अखण्ड कीर्तन व पूर्णहूति के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद समापन होगा। श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को कथा वाचक ने श्रोताओं को प्रवचन सुनाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के वाचन व श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ती हो जाती है। संसार दुरूखों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है।

कोई स्वास्थ्य से दुखी है, कोई परिवार, कोई धन, तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतरू ही नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। इस दौरान आयोजक बृज भूषण मौर्य , महादेव मौर्य , शुकरु लाल मौर्य , बच्ची लाल , रामसिंह सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

## कड़ाधाम में सेंध काटकर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में सेंध काटकर चोरो ने कीमती जेवरात पार कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा निवासी विकेश कुमार मौर्य पुत्र रामचंद्र मौर्य ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि कड़ा में मालवीय स्कूल के पास कामता नाथ ज्वैलर्स के नाम से दुकान खोल रखी है। विकेश कुमार का आरोप है कि 19 जनवरी की रात चोरों ने सेंध काटकर दुकान में घुस गए और दुकान में रखे पायल, बिछिया , गणेश लक्ष्मी की मूर्ति , ब्रेसलेट सहित चांदी के आभूषण पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

## तल्हापुर मोड़ बाजार स्थित सीज अस्पताल मरीजों का कर रहा इलाज

### ▶▶ 23 नवंबर को अधिकारियों ने किया था अस्पताल को सीज




**लोकमित्रत्र ब्यूरो**

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** नेवादा ब्लाक क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार में दो महीने पहले स्वास्थ्य विभाग के नियमों को ताक पर रख कर संचालित एक अस्पताल को सीज किया गया था। लेकिन कागजी कोरम पूरा होने के पहले ही अस्पताल संचालित हो रहा है। मरीजों का इलाज भी किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी डॉ0 हिमांशु की अगुवाई में 23 नवंबर को तत्कालीन पीएचसी प्रभारी डॉ मुक्तेश द्विवेदी, नायब तहसीलदार कपिल मिश्रा सहित चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य विभाग के नियमों को ताक पर रख कर संचालित राज अस्पताल को सीज किया था। टीम ने बताया कि पड़ताल में राज अस्पताल में अभिलेखों समेत अस्पताल की जांच किया। जिसमें अस्पताल के नामित संचालक चिकित्सक समेत कोई डिग्री धारक डाक्टर और स्टाफ नहीं मिले। फायर ( आग ) बुझाने या बचाव की सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं मिली। साथ ही अभिलेख भी पूरे नहीं थे। जिसके बाद अस्पताल के सभी कमरों को सीज कर दिया गया था। बावजूद इसके अस्पताल संचालित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों के सह पर संचालक ने स्वयं ही सीज किया गया अस्पताल का ताला खोल कर इलाज करना शुरू कर दिया है। डिग्री धारी चिकित्सक एवं स्टाफ नहीं होने और पर्याप्त सुविधा नहीं होने से मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार का कहना है कि अस्पताल को सीज किया गया था। लेकिन खुलने की जानकारी नहीं है। इसको दिखवाते हैं। यदि लापरवाही पाई गई तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सीएचसी प्रभारी डॉ मुक्तेश द्विवेदी का कहना है कि डिग्री धारियों के लगे फर्जी बोर्ड को हटवाया गया था। अस्पताल खुलने की जानकारी नहीं है। अस्पताल खुलवाने का कार्य उच्च अधिकारियों का है। लिहाजा इसको दिखवाते हैं।

## पीड़िता ने पट्टीदारों पर लगाया बंटवारे में मिली भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला को बंटवारे में पिता के द्वारा भूमि मिली थी जिस पर महिला ने नींव भराकर छोड़ दिया था , महिला का आरोप है कि पट्टीदार उसकी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे है , पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के अम्बाई बुजुर्ग गांव की सुनीता देवी पत्नी बलवीर सिंह ने मंगलवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पिता श्यामलाल ने सिराथू कस्बे के रामलाल का पुरवा में एक प्लॉट का बैनामा किया था , जिस पर सुनीता देवी ने नींव भराकर प्लॉट को खाली छोड़ दिया था । पीड़िता का आरोप है कि पट्टीदार उसकी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे है, विरोध करने पर झगड़े पर आमादा हो जाते है।

## क्यूब रूट हाइवेज ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 बच्चो को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज टोल प्लाजा पर मंगलवार को क्यूब रूट हाइवेज के अधिकारियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 बच्चो को प्रशस्ती पत्र व दस दस हजार रुपए के छात्रवृत्ति चेक देकर सम्मानित किया।

कोखराज टोल प्लाजा में क्यूब रूट हाइवेज जिसे कोखराज से हंडिया तक के राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षा, रख- रखाव तथा दुर्घटना संबंधी सभी प्रकार की सहायताओं एवं शिकायतों के निदान की जिम्मेदारी दी गई है, के प्रोजेक्ट प्रमुख अविनाश कुमार, इंजिनियरिंग कंसल्टेंट प्रमुख प्रमोद कुमार और सुरक्षा प्रबन्धक अभिषेक यादव द्वारा क्षेत्र के कुल 13 सरकारी विद्यालयों से चयनित 26 बच्चों को 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित करने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्यूब रूट फाऊंडेशन द्वारा श्री हुबलाल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी के हाईस्कूल के दो विद्यार्थियों अर्चना एवं आदर्श प्रकाश को दस- दस हजार की छात्रवृत्ति का चेक एवं सर्टिफिक्रेट दिया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## प्रधान ने दबंगों पर लगाया लेखपाल की मिली भगत से बंजर भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के गौसेलमपुर ग्राम प्रधान ने ग्रामसभा की बंजर भूमि पर लेखपाल की मिली भगत से दबंगों पर अवैध कब्जा कर निर्माण का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

विकास खंड सिराथू के गौसेलमपुर ग्राम प्रधान रवि कुमार ने मंगलवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि सुल्तानपुर वारी में ग्रामसभा की बंजर भूमि पर गांव के कुछ दबंग लेखपाल की मिली भगत से अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम से अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग की है।

## सिराथू में ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी




**सिराथू, (कौशाम्बी)।** दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के सिराथू रेलवे स्टेशन पर एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।बताया जाता है कि फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के टीना निवासी अनमोल सिंह पुत्र राम सुमेर 30 वर्ष सोमवार की शाम प्रयागराज से कानपुर जाने के लिए ट्रेन में चढ़ा था। मेला एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही सैनी कोतवाली के सिराथू रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंची युवक अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने हादसा देखा तो आनन फानन में पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची आरपीएफ व जीआरपी ने घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वही जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सम्पादकीय

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है।बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है।हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं।स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है।शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहषर्क घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षो से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया।यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़बड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है।बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़ बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश का निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।




# देश भर में निजीकरण की जो आँधी में क्या बह जाएगा पोस्ट ऑफिस भी



**अशोक भाटिया**

वित्त वर्ष 2021.22 के लिए पेश बजट में केंद्रीय सार्वजनिक कंपनियों ;सीपीएसयूद्ध के विनिवेश और उनके निजीकरण को लेकर रोडमैप पेश किया गया थाए जिसके तहत रणनीतिक सेक्टर को छोड़ अन्य सभी सेक्टर के पीएसयू के निजीकरण की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्रालय ने तब आइडीबीआई बैंक के अलावा दो अन्य सरकारी बैंक और एक सरकारी बीमा कंपनी के निजीकरण का प्रस्ताव रखा था। इनमें बीपीसीएल ;ठच्ब्स्द्ध के अलावा बीईएमएल ;ठम्डस्द्धए शिपिंग कॉर्प ;ैपचचपदह ब्वतचद्धए पवन हंस ;च्ंूंद भ्ंेद्धए सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक ;ब्मदजतंस म्समबजतवदपबद्ध और नीलांचल इस्पात ;छममसंदबींस प्ेचंजद्ध शामिल हैं। बीपीसीएल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। अब देखा जाय तो धीरे दृ धीरे सरकारी निजीकरण की जो आँधी में बहने के लिए तैयार है भारतीय डाक तार विभाग का पोस्ट ऑफिस भी ! वैसे अभी जो हालात बताते है कि इसकी शुरुवात हो चुकी है ।आज देखा जाय तो चाहे बड़े शहर होंए छोटे शहर होंए गांव हों या गांव। हर जगह का पोस्ट ऑफिस आम आदमी के लिए स्नेह का स्थान बन जाता है। क्योंघ् इसलिए यह विभाग जनता को कई अंतरंग सेवाएं प्रदान करता है। आम जनता के बीच डाक विभाग के साथ अंतरंगता विकसित करने का पहला कारण विश्वसनीयता हैए चाहे वह पत्र हो या पैसाय वे किसी भी क्षेत्रए यहां तक कि दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच जाएंगे।दूसरा कारण है कुछ सेवाओं की मामूली या बहुत सस्ती दरें। इसके थोड़ा भावुक होने का तीसरा कारण है पोस्ट ऑफिस की सरलता। पोस्ट ऑफिस को ध्यान में लाइए। कर्मचारियों की समग्र बुनियादी संरचना सादगी में देखी जाएगी। आम आदमी के मानसिकए भावनात्मक और व्यावहारिक जीवन के साथ पोस्ट ऑफिस के रिश्ते का एक सांस्कृतिक पहलू रहा रू श्बुक पोस्टश !सरकार द्वारा 18 दिसंबरए 2024 को डाकघर अधिनियमए 2023 के तहत दशकों पुरानी सेवा बंद कर दी गई थीए जिसने निमंत्रणए शादी के कार्डए ग्रीटिंग कार्डए पैम्फलेटए बुकलेट और सबसे महत्वपूर्णए सभी प्रकार की पुस्तकों को रियायती दर पर भेजने की अनुमति दी थी। मुद्रित पाठ के साथ कोई लिखित पाठ नहीं होना चाहिएए और मुद्रित आइटम को एक लिफाफे में बंद नहीं किया जाना चाहिएए लेकिन खुला होना चाहिए।किताबें समाज की उन्नति में बड़ी भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के परिणाम तत्काल नहीं होते हैं। लेकिन किताबें एक परिपक्व समाज के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के लाभ व्यापकए दूरगामी हैं। विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर पुस्तकें सूचनाए विचारों के ज्ञान और मनोरंजन के माध्यम से समाज को प्रबुद्ध करती हैं। हालांकिए कुछ लोग आश्चर्यचकित हो सकते हैं कि पुस्तकों का महत्व सर्वविदित है। बुक पोस्ट सेवा बंद होने से किताबों के प्रसार पर क्या बड़ा फर्क पड़ेगाये सच है कि कूरियर सेवा ने बहुत सारे पैर फैलाए हैं। बहुत से लोग इस सेवा का उपयोग करते हैं। फिर भी पद के महत्व का एक कारण वित्तीय है और दूसरा देश के हर कोने में फैले डाक खातों का नेटवर्क है। पत्रए पैसाए किताबें देश के किसी भी कोने से आ और पहुंच सकती हैं। डाक विभाग दूरस्थ क्षेत्रों के रूप में सेवाएं प्रदान करने से इनकार नहीं कर सकता है। कूरियर सेवा दूरस्थ क्षेत्रों की सेवा के लिए बाध्य नहीं है।दूसरा प्रश्न यह है कि जब पुस्तकें भेजने के लिए डाक की पार्सल सेवा है तो पुस्तक डाक सेवा बंद करने से पुस्तक प्रसार पर क्या विपत्ति आएगीघ् . वास्तविक प्रश्न लागत का है। 250 ग्राम की एक पुस्तक की कीमत 250 ग्राम की पुस्तक के लिए बीस रुपये और 1 किग्रा वजन की पुस्तक के लिए 40 रुपये होती थी। तो यह एक किलो के लिए 92 रुपये होगाए जो अंतर के दोगुने के करीब है और हमारे पास एक पाठक वर्ग है जो इस बढ़ी हुई लागत के कारण किताबों से दूर जाना अपरिहार्य बना देगा।पुस्तक डाक सेवा दशकों पहले शैक्षिकए सूचनात्मकए वैचारिक और दिलचस्प पुस्तकों के लिए समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचना आसान बनाने के व्यापक उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। बुकपोस्ट सेवा बंद होने से पुस्तकों के बारे में हतोत्साहित हो सकता हैए खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। गौरतलब है कि आज देश भर में निजीकरण की जो आँधी चल रही हैए जिसमें सभी सरकारी सेवाओं का बहुत तेजी से निजीकरण हो रहा है। भारतीय डाक विभाग में भी यह प्रक्रिया काफ़ी पहले से ही शुरू हो गई थीए लेकिन लगता है कि सरकार ने अब इसे पूरी तरह से प्राइवेट कोरियर कंपनियों को सौंपने का अपना मन बना लिया है। हाल ही में डाक विभाग ने सस्ती रजिस्टर्ड बुक पोस्ट सेवा समाप्त कर दी है तथा इसे एक नया नाम दिया गया हैए जिसकी दरें पार्सल से तो कम होंगीए लेकिन अब तक जारी बुक पोस्ट के मुक़ाबले क़रीब ढाई से तीन गुना ज़्यादा होगी। अभी पिछले साल ही नवम्बर में सभी डाक सेवाओं पर 18ः जीएसटी लगा दिया गया थाए जिससे डाक से पुस्तकें भेजना पहले ही से काफ़ी महंगा हो गया था। कहने की ज़रूरत नहीं है कि अब छोटे प्रकाशकोंए पुस्तक विक्रेताओंए लेखकों और सम्पादकों के लिए किताबें डाक से भेजना बहुत मुश्किल हो गया है । इसका सबसे ज़्यादा प्रभाव छोटे और गैर.व्यवसायिक प्रकाशकों और पत्र.पत्रिकाओं पर पड़ रहा हैए जो पहले ही से कागज़ और छपाई की अत्यधिक मूल्यवृद्धि के कारण बेतहाशा बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। वैसे यह होना बहुत आश्चर्यजनक नहीं है ए क्योंकि देश भर में जो निजीकरण की आँधी चल रही हैए उसमें रेलवे तथा बैंकिंग सेक्टर की तरह लम्बे समय से भारतीय डाक विभाग का भी निजीकरण करके उसे पूर्णतः प्राइवेट कंपनियों को सौंपने का उपक्रम लगातार जारी है। एक तरफ़ कीमतें बढ़ाई जा रही हैंए दूसरी तरफ़ पिछले कुछ सालों से डाक सेवाओं को पूरी तरह से तबाह किया गया है। नयी नियुक्तियाँ बिलकुल बंद हैं। अधिकाधिक काम ठेकों पर कराए जा रहे हैंए इसलिए कर्मचारियों पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय डाक सेवा की स्थापना के क़रीब 170 साल बीत गए। 1 अक्टूबर 1854 को तत्कालीन भारतीय वायसराय लार्ड डलहौजी ने इस सेवा को केन्द्रीकरण किया थाए उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी के अंतर्गत आने वाले 701 डाकघरों को मिलाकर भारतीय डाक विभाग की स्थापना हुई थी। वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में प्रथम डाकघर वर्ष 1774 में स्थापित किया था। अंग्रेजी राज में ही पूरे देश में डाक सेवा का जाल बिछाया गया। सूदूर ग्रामीणए पर्वतीय और रेगिस्तानी इलाक़ों तक में डाकघरों की स्थापना की गई। आज़ादी के बाद डाक और टेलीग्राम सेवा का काफ़ी विस्तार हुआ। लद्दाख में देश के अंतिम गाँव तक य जहाँ आबादी बहुत कम हैए वहाँ भी डाक.तार विभाग की स्थापना की गई। दुर्गम पर्वतीय इलाक़ों में जहाँ की आबादी बहुत कम हैए वहाँ भी पत्र पहुँचाने पोस्टमैन जाते थे। गाँवे में तो पोस्टमैन से एके आत्मीय रिश्ता तक बन जाता थाए क्योंकि जब साक्षरता कम थीए तब पोस्टमैन ही चिट्ठी लिखते भी थे और पढ़कर सुनाते भी थे। सुख.दुरूख की ख़बर पहुँचाने के लिए टेलीग्राम की बहुत उपयोगितो थीए हालाँकि 14 जनवरी 2013 को टेलीग्राम सर्विस बंद कर दी गई। इसके लिए यह तर्क दिया गया कि मोबाइल और ई.मेल आ जाने के बाद इसकी उपयोगिता अब समाप्त हो गई हैए हालाँकि बहुत से विकसित देशों तक में यह सेवा अभी भी चल रही है। पहले बहुत ज़रूरी कागज़ात रजिस्टर डाक से भेजे जाते थे। मैं खुद वसई से दिल्ली के अख़बारों में छपने के लिए लेख साधारण लिफाफे में रखकर भेज देता था। वह दो.तीन दिन में पहुँच जाता थाएशायद ही कोई पत्र गायब हुआ हो। दिल्ली में एक लेखक और सम्पादक बता रहे थे कि दिल्ली में एक दिन में दो बार पत्र बाँटे जाते थे। रक्षाबंधन और नववर्ष के अवसर पर राखियाँ तथा शुभकामना संदेश पहुँचाने के लिए अस्थायी पोस्टमैन तक रखे जाते थे। आज हालात ये हैं कि रजिस्टर्ड डाक दिल्ली तक में दो.तीन दिन में मिलती है। जब स्पीड पोस्ट की शुरूआत हुईएतब यह कहा गया कि देश के किसी भी कोने में पत्र 24 घंटे में पहुँच जाएगा। उस समय रात में भी स्पीड पोस्ट पहुँचाने के लिए घरों तक डाक विभाग की गाड़ी आती थी। अब रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट में कोई अन्तर नहीं रह गया है। अब चौबीस घंटे तक छोड़िएए दो.तीन दिन तक एक ही शहर में स्पीड पोस्ट पहुँचे जाएए तो बहुत बड़ी बात है। अकसर ऐसा होता है कि रजिस्टर पैकेट पोस्ट ऑफिस में पड़े रहते हैंए पोस्ट ऑफिस से पता लगता है कि इसको वितरित करने वाला पोस्टमैन नहीं हैए आप चाहें तो आकर अपने पैकेट ले जाएँ। मैं तो अकसर अपने पैकेट लेने के लिए पोस्ट ऑफिस जाता हूँ। टेक्नोलॉजी का विकास होने के साथ.साथ निश्चित रूप से लोग पत्र कम लिख रहे हैंए फिर भी डाकघर का महत्त्व अभी भी कम नहीं हुआ है। सरकारी और प्राइवेट सेक्टर की ढेरों डाक सामग्री डाकघरों से जाती हैंए लेकिन सरकार ने योजना के तहत अब डाक विभाग की स्थिति ऐसी कर दी है कि अब तो सरकारी विभाग भी डाकघरों से मुख मोड़ रहे हैं और अपनी सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से भेज रहे हैं। आजकल अधिकांश सरकारी और प्राइवेट बैंक चेकबुक.एटीएम आदि सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से ही भेज रहे हैं। धीरे.धीरे ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि डाक सेवाओं का पूरी तरह से निजीकरण कर दिया जाए। अब सरकार का सारा ध्यान डाकघर के बैंकिंग सेक्टर पर हैए इससे सम्बन्धित ढेरों योजनाएँ आ रही हैं तथा बचे.खुचे कर्मचारी उसी के कामों में लगे रहते हैं। बैंकों की तरह डाकघर में भी नियुक्तियाँ बंद हैं तथा ठेके पर ही कर्मचारी रखे जा रहे हैं। डाक सेवाओं का निजीकरण बड़ी कोरियर कंपनियों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए किया जा रहा है। जो लिफाफा देश के किसी भी भाग में पाँच या दस रुपए में पहुँच जाता थाए अब उसे कोई भी कोरियर सौ रुपए से कम में नहीं पहुँचाता है। डाक सेवाओं के निजीकरण से सबसे ज़्यादा नुकसान देश के ग्रामीण इलाक़ों का हुआ है। वहाँ सस्ते में पत्र और किताबें पहुँचाना अब असम्भव हो गया हैए क्योंकि अधिकांश बड़ी कोरियर कंपनियों की पहुँच गाँव तक नहीं है। वास्तव में उदारीकरण और निजीकरण की नीतियों से समाज के छोटे.मझोले और ग़रीब तबकों की ही तबाही और बरबादी हो रही है। डाक सेवाओं के निजीकरण से इन्हीं तबकों के छोटे व्यापारियोंए प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं का भविष्य ख़तरे में पड़ गया है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एलेखकए समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# महाकुंभ की महफिल लूट ले गया एक आइआइटीयन मलंग बाबा

**मनोज कुमार अग्रवाल**

वह एक उच्च शिक्षित मलंग है उनका दुनिया को देखने और समझने का अपना अलग नजरिया है वह परिव्राजक है ऐसा परिव्राजक जैसा कभी युवावस्था में नरेंद्र थे जो बाद में रामकृष्ण के शिष्य बनकर स्वामी विवेकानंद के नाम से विख्यात हुए प्रयागराज के महाकुंभ में मौजूद इस जिज्ञासु परिव्राजक मलंग आइआइटीयन अभय सिंह में ऐसी ही अनूठी संभावना छिपी है जो सनातन अध्यात्म और विज्ञान के बीच तारतम्य स्थापित कर कुछ भारत को विश्वगुरु के आयाम तक पहुचाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जी हां महाकुंभ मेले के दौरान एक आइआइटीयन बाबा की कुंभ क्षेत्र में मौजूदगी ने करोड़ों लोगों में कौतूहल जगा दिया है। हजारों करोड़ रुपये खर्च वाले इस अद्वितीय विलक्षण अनुपम आयोजन में एक मलंग युवा आइआइटीयन बाबा मीडिया और यूट्यूबर्स के सामने क्या आए तमाम महफिल लूट ले गए। हालात यह है कि इस युवा बाबा ने बीते एक सप्ताह में मीडिया सोशल मीडिया पर अच्छे अच्छे सैलीबरीटीज को पीछे कर देश विदेश में चर्चा हासिल की है बीते एक हफ्ते में आइआइटीयन अभय सिंह को किसी भी बड़ी राजनीतिक हस्ती कुंभ में आने वाले अखाड़ा प्रमुखों चर्चित रहने वाले मठाधीशों अध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद, कवि कुमार विश्वास, बागेश्वर बाबा योग रामदेव सभी को पछाड़ कर मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर सबसे अधिक सर्च हासिल की है। आइआइटीयन अभय सिंह जूना अखाड़े से जुड़े एक बाबा सोमेश्वर पुरी के साथ कुंभ पहुंचे हालांकि उन्होंने साफ कहा कि सोमेश्वर के साथ आए हैं लेकिन वह उनके गुरू नहीं है।यहां लगातार मीडिया की नजर में आते ही जबरदस्त तेजी से वायरल होने पर सोशल मीडिया पर 'आईआईटियन बाबा' के नाम से मशहूर अभय सिंह को हर कोई खोजने और उनके बारे में जानने के लिए उतावला होने लगा हालत यह बन गयी कि तमाम राष्ट्रीय चैनल आइआइटीयन अभय सिंह पर रिपोर्ट्स की लंबी लंबी श्रृंखला चलाने लगे। इतना ही नहीं कई कई घंटे तक रिपोर्टरों को अभय सिंह से बात करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखा गया। इस का सबसे पहला तनाव अभय सिंह और महंत सोमेश्वर पुरी के बीच पैदा हुआ। अभय की मीडिया कवरेज से उनको साथ लाए महंत सोमेश्वर ही पचा नहीं सके और अभय पर कथित तौर पर अपमान करने के आरोप लगा। इसे मुद्दा बना कर साधुओं के सबसे बड़े संप्रदायों में से एक जूना अखाड़े से अभय को निष्कासित कर दिया गया है। आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियर रह चुके अभय सिंह महाकुंभ में एक महत्वपूर्ण आकर्षण बने हुए हैं।एक रिपोर्ट के मुताबिक, जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा, 'अभय सिंह का कृत्य गुरु-शिष्य परंपरा और संन्यास के सिद्धांतों के खिलाफ है। अपने गुरु का अनादर करना सनातन धर्म और अखाड़े के प्रति अनादर दिखाता है। जूना अखाड़े में अनुशासन का बहुत ज्यादा महत्व है और कोई भी इससे ऊपर नहीं है। न मैं और न ही सिंह जैसे कोई और।' उन्होंने आगे कहा कि अखाड़े के हर सदस्य को सख्त अनुशासन का पालन करना चाहिए। हालांकि, सिंह ने अपने गुरु के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करके इन नियमों का उल्लंघन किया। हालांकि, अभय सिंह ने इन दावों को पूरी तरह से निराधार बताया है।आईआईटियन बाबा' ने शुक्रवार को एक समाचार चैनल से बात करते हुए उन्होंने अखाड़े के संतों पर उनके बारे में अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। इंस्टाग्राम पर तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स वाले अभयसिंह ने कहा, 'उन्हें लगता है कि मैं मशहूर हो गया हूं और मैं उनके बारे में कुछ उजागर कर सकता हूं, इसलिए वे दावा कर रहे हैं कि मैं ध्यान के लिए चला गया हूं। वे लोग बकवास कर रहे हैं।'

महाकुंभ 2025 शुरू होने के साथ ही आईआईटियन बाबा सुर्खियों में छा गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आईआईटी वाले बाबा का असली नाम अभय सिंह है। उन्होंने आईआईटी मुंबई से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इसके बाद कनाडा में 36 लाख रुपये के पैकेज वाली नौकरी बीच में छोड़ दी। फिर धर्म और संन्यास की राह पर चल पड़े।


आईआईटियन बाबा अभय सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। इनके पिता कर्ण सिंह वकील हैं। हाल में उन्होंने एक वीडियो में भावुक होकर बेटे को घर वापस आने के लिए भी कहा। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में चर्चित%आईआईटीयन बाबा% (अभय सिंह) को जूना अखाड़े से निकालने का दावा किया गया उधर बाबा का दावा है कि उन्होंने बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और अध्यात्म के मार्ग पर चलने के लिए विज्ञान का रास्ता भी अध्यात्म से जोड़ दिया.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने अपने गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया.

इसके चलते उन्हें जूना अखाड़े के शिविर और उसके आसपास के क्षेत्रों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया.जूना अखाड़े के सदस्यों का आरोप है कि अभय सिंह ने अपने गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया. जूना अखाड़े के एक सदस्य ने कहा, ÷वह हमें बदनाम कर रहे थे. वह एक साधु नहीं, बल्कि एक आवारा व्यक्ति थे.÷ अखाड़े ने यह भी साफ किया कि अभय सिंह किसी के शिष्य नहीं थे और अखाड़े से उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं था.एक रिपोर्ट के मुताबिक अभय सिंह ने अखाड़े के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उन्हें बदनाम किया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि अखाड़े के संत उनसे ईर्ष्या कर रहे हैं, क्योंकि उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है. बाबा ने कहा, ÷वे लोग बकवास कर रहे हैं. उन्हें डर है कि मैं उनके बारे में कुछ उजागर कर सकता हूं.÷ सोशल मीडिया पर तीन लाख से अधिक फॉलोअर्स वाले अभय सिंह ने दावा किया कि वह गुप्त ध्यान के लिए गए थे.न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में अभय सिंह ने अपने बचपन के संघर्षों और पारिवारिक समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनके माता-पिता के बीच अक्सर झगड़े होते थे, बचपन में हुए घरेलू हिंसा की घटनाओं ने मुझ पर बहुत गहरा असर डाला. उन्होंने बताया कि स्कूल के दिनों में मैं शाम 5 या 6 बजे घर आता था और उनके झगड़ों से बचने के लिए सीधे सो जाता था. मैं आधी रात को उठता था और जब सब कुछ शांत होता था तो अपना दरवाजा बंद करके मैं पढ़ाई करता था.उन्होंने आगे बताया कि बचपन में अपने माता-पिता को लड़ते हुए देखकर उन्हें बेबसी महसूस होती थी. उन्होंने कहा कि बचपन में समझ नहीं पाता था कि क्या हो रहा है और कैसे इसपे रिएक्ट करें.

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### सवैया छंद

नैन कपाट को खोल के बैठी,
मधुसूदन की बाट निहारें।।
तुम अन्तर्यामी सबके स्वामी,
दोनों कर हम जोरि पुकारें।।
तेरी शरण में आन पड़ी मैं,
संकट से सृष्टि को उबारें।।
धर्म के हेतु अधर्म मिटाने,
भारत में पुनि आप पधारें।।



**कल्पना तिवारी दिव्या**
**प्रतापगढ़**

### महाकुंभ

महाकुंभ त्योहार दे,मन में दृढ़ विश्वास।
संगम नहान से मिले,तन को साहस खास।।
महाकुंभ कहता सदा, सत्य सनातन बात।
इसमें डुबकी से बने, पावन सबका गात।।
महाकुंभ विश्वास का, अजब अनूठा मेल।
आस्था यह समुदाय की, समझो न इसे खेल।।
भारत की पहचान है, महाकुंभ त्योहार।
धर्म सनातन की यहाँ, होती जय जयकार।।
महाकुंभ पर्व ऐसा, जिस पर हमको नाज।
संगम में डुबकी लगा, बने पावन समाज।।
महाकुंभ में मिल रहे, साधु संत विद्वान।
मिले समझने को जहाँ,संत प्रवचन महान।।
महाकुंभ आता सदा, बारह वर्षों बाद।
सुनी सिर्फ जाती जहाँ, सबकी ही फरियाद।।



**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**

### नयन अश्रु से धोना होगा

प्रेम जगत की रीत यही है,
मन के अंदर मीत वही है,
जिसको एक दिन खोना होगा।
नयन अश्रु से धोना होगा।
हर पल याद उसी की आती,
रह रह कर आंखें भर जाती।
निश्चित जिसका जाना तय था,
उसको कैसे रोक मै पाती ।।
फ़िर कोयल स्वर मौना होगा
नयन अश्रु से धोना होगा।।
अपने मन को मार गई मैं,
जाने कितने द्वार गई मैं,
किए बहुत मैने समझौते
किंतु नियति से हार गई मैं
खुली ऑख अब सोना होगा
नयन अश्रु से धोना होगा
बीते पल की यादें तेरी,
दिल की फांस बनेंगी मेरी,
तरसाएगी रात चॉदनी
अब तो हर इक रात घनेरी
सूना हर इक कोना होगा
नयन अश्रु से धोना होगा
बीते दिवस रैन नहिं कटती,
खोई रहती पौ नहिं फटती,
समझ न पाऊं क्या होगा अब
उम्र नहीं जो माला जपती
यह जीवन अब ढोना होगा
नयन अश्रु से धोना होगा
यह सब मेरी भूल नहीं है,
किन्तु समय अनुकूल नहीं है,
जिन राहों पर चल निकले हैं
माना उन पर फूल नहीं है
लेकिन फसल काटनी है तो
कुछ न कुछ तो बोना होगा
नयन अश्रु से धोना होगा।।



**अनामिका सिंह अविरल**
**कानपुर, उत्तर प्रदेश**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। बच्चों के विवाह संबंधी कार्यों की योजना बनेगी, और नजदीकी लोगों का भी सहयोग मिलेगा। |
| **वृष** | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी होने की वजह से आपके बनते कार्यों में रुकावट आ सकती हैं। |
| **मिथुन** | आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करेंगे तो जल्द ही आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ |
| **कर्क** | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस के कार्यों पर पूरी नजर रखेंगे। आज व्यक्तिगत गतिविधियां समय अनुसार संपन्न होती जाएंगी। |
| **सिंह** | आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। उधार दिए हुए पैसे की वापसी भी संभव है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों और गतिविधियों से खुद को दूर रखें। |
| **कन्या** | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी काम को करने में बहुत ध्यानपूर्वक काम करें। |
| **तुला** | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई-नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे-समझे विश्वास न करें। आज भविष्य संबंधी बनाई गई योजनाओं पर काम करने का अनुकूल समय है। |
| **वश्चिक** | आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता-पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आपको भाई व बहनों का भरपूर प्यार मिलेगा। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। |
| **धनु** | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा। फोन और मेल द्वारा नई जानकारियां और समाचार मिल सकते हैं। आज बातचीत द्वारा आप अपने काम करवाने में सक्षम रहेंगे। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। |
| **मकर** | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी। खर्चो को सीमित रखें नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है। |
| **कुम्भ** | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। |
| **मीन** | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है। अपने घर के बुजुर्गो की सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप जिस तरह से अपना काम करते हैं, वैसे ही करते रहेंगे। आपकी पदोन्नति हो सकती है। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। |

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना हेतु 22 जनवरी को लगाया जायेगा कैम्प-जिलाधिकारी

▶▶ जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में की बैठक,

▶▶ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में 5 लाख का 4 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने विकास भवन के सभागार में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि जनपद के सभी ब्लॉक अपने ब्लॉक कार्यालय पर कैंप का आयोजन करें जिसमें योजनाओं की जानकारी एवं अधिक से अधिक आवेदन कराए। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास भवन, आर सेटी कार्यालय, कौशल विकास मिशन, आईटीआई प्रतापगढ़, पॉलिटेक्निक प्रतापगढ़, खादी ग्रामोद्योग कार्यालय एवं जिला उद्योग कार्यालय दिनांक 22 जनवरी 2025 को कैंप का आयोजन करें और योजना का जानकारी देते हुए सभी का आवेदन सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देशित किया कि सभी पात्र व्यक्तियों के ऋण तत्काल स्वीकृत कर वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित आवेदन पत्रों पर दिनांक 22 जनवरी 2025 तक निर्णय करे। डीसी एनआरएलएम को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण हेतु आवेदन करने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया गया कि अपने यहां रजिस्टर्ड श्रमिकों एवं व्यापारियों से वार्ता कर इच्छुक व्यक्तियों को योजना के अन्तर्गत लाभ दिलाने हेतु आवेदन करायें। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी एवं आवेदन के लिए जिला उद्योग केंद्र प्रतापगढ़ के हेल्पलाइन नम्बर 7388857217 पर संपर्क कर सकते है। उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की मानीटरिंग करते रहे और योजना के प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करायें। उन्होने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे समय से पूर्ण करें। बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना हेतु आवेदन की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिये, आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा-8 उत्तीर्ण होनी चाहिये, इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी, इस योजना में रूपये 5 लाख का 4 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा, परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, एलडीएम गोपाल शेखर झा सहित बैंकों के जिला समन्वयक व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मन की निर्मलता में है प्रभु की कृपा-पं. जगदीप तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के संगम चौराहे के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के भक्त वात्सल्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास वृंदावन से पधारे पं. जगदीप तिवारी ने कहा कि भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए मन को सदैव निर्मल रखना चाहिए। उन्होनें कहा कि सच्चे मन से श्रीकृष्ण की आराधना का प्रतिफल भक्त को सदैव भगवान के वात्सल्य मे मिला करता है। उन्होनें कहा कि मनोकामना सदैव स्वान्तःसुखाय की जगह सर्वसुख की होनी चाहिए। कथाव्यास जगदीप तिवारी ने श्रीमदभागवतगीता के हर स्त्रोत को जीवन पथ का सुमंगल मार्गदर्शन निरूपित किया। वहीं कथा में भगवान बांके बिहारी के सुमधुर भजन पर महिला श्रद्धालुओं को मनमोहक भाव नृत्य में रमे देखा गया। समाजसेवी देवीदयाल द्विवेदी तथा जगदीश द्विवेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। अधिवक्ता मुकेश द्विवेदी ने कथाव्यास को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर मिथलेश जायसवाल, अमितेश शुक्ल, दिनेश सिंह, हेमन्त पाण्डेय, पं. रामकृष्ण ओझा, रामलोचन त्रिपाठी आदि रहे।

## शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी



▶▶ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

# लोकपाल की जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जारी

▶▶ बडेरा ग्राम की आई शिकायत, बीडीओ को जांच कार्यवाही का दिया निर्देश




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर की प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जन सुनवाई व जन संवाद निरंतर जारी है। आज कालाकांकर ब्लाक के ग्राम पंचायत बडेरा से ग्राम पंचायत मे मनरेगा सहित अन्य ग्राम विकास की योजनाओ में व्यापक अनियमितता की शिकायत की। लोकपाल ने बीडीओ कालाकांकर को एक सप्ताह के भीतर जांच करके आवश्यक कार्यवाही की निर्देश दिया है। ग्राम पंचायत बडेरा के निवासी धर्मेश कुमार ने लोकपाल की जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम में प्रस्तुत होकर ग्राम पंचायत में नाली, खडंजा, इंटर लॉकिंग, पंचायत भवन आदि के संदर्भ में जन समस्या के साथ शपथ पत्र पर शिकायत की। मनरेगा योजना की अनियमितता के साथ फर्जी मास्टर रोल जारी करने की शिकायत की। लोकपाल ने धर्मेश को गंभीरता से सुनकर संबंधित खंड विकास अधिकारी को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिया। एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने को कहा। वहीं सांगीपुर ब्लाक के गदियान ग्राम के राम मिलन सरोज की शिकायतों के क्रम में 26 जनवरी को लोकपाल समाज शेखर संबंधित ग्राम जायेंगे। वहाँ ग्राम वासियों व ग्राम पंचायत व मनरेगा कर्मियों के साथ चौपाल में प्रतिभाग करके समस्याओ का स्थलीय निरीक्षण करके समाधान करेंगे। जन सुनवाई व जन संवाद कार्यक्रम मे पंडित दीनदयाल ग्रामीण आजीविका मिशन की मोबलाईजर जिला समन्वयक रंजना विश्वकर्मा ने लोकपाल से अपनी योजनाओ के संदर्भ में मुलाकात की ग्राम स्तर पर जन सहयोग व लोक भागीदारी हेतु सहयोग पर चर्चा की। लोकपाल ने सभी ग्राम पंचायत को इस योजना का लाभ ग्रामीण महिलाओ को दिलाये जाने पर बल दिया।

## जल संरक्षण में बच्चों की भूमिका अहम-अजय क्रांतिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद नई दिल्ली द्वारा प्राथमिक विद्यालय नरहरपट्टी में जल संरक्षण एवं हमारा भविष्य विषय पर जल चौंपियन अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेशनल वाटर चौंपियन एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि जल संरक्षण हेतु सभी के साथ ही बच्चों को विशेष रूप से जागरूक करने की जरूरत है।बच्चे आसानी से पानी एवं पर्यावरण का महत्व समझ सकते हैं और स्वयं के साथ ही दूसरों को जल एवं पर्यावरण के बारे में प्रेरित करने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि पानी की हर बूंद में जीवन है ,सुरक्षित कल के लिए अभी पानी बचाना होगा।स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक विनोद सिंह ने कहा कि जन जन जल बचाए तभी धरती पर जीवन बचेगा।उहोंने वाटर एड इंडिया के साथ जल



चौंपियन अभियान को आगे बढ़ाने हेतु ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी प्रशंसा करते हुए नव वर्ष की डायरी और कलम भेंट करके उनको सम्मानित किया। इस मौके पर सभी को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।स्कूल की प्रधानाध्यापिका अफ्साना बानो ने जल संरक्षण के साथ ही पौधारोपण कर पेड़ों को बचाने का संदेश दिया।इस मौके स ु र ि भ पाल,अंशिका,सृष्टि,काजोल,रोहित,अ ायुष, आदर्श विश्वकर्मा,खुशबू,अंकुश एवं आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संकुल बैठक में विद्यालय को निपुण करने की दी गई जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**रानीगंज प्रतापगढ़।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकैता में सुल्तानपुर न्याय पंचायत की मासिक संकुल बैठक आज हुई। बैठक में उपस्थित महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशो के विषय में चर्चा हुई। विद्यालय को निपुण करने के विषय में विस्तार से बताया गया। बैठक के समस्त संकुल शिक्षक ,,ऋक्क दिनेश चौरसिया नोडल संकुल राजेंद्र चौरसिया अमरपाल यादव अरविंद कुमार उपेंद्र मिश्र ज्योति गुप्ता वीरेंद्र कुमार यादव राजेश कुमार पटेल प्रधानाध्यापक श्याम श्याम शंकर यादव राजेश कुमार प्रधानाध्यापक मेवालाल धीरेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक रामवृक्ष प्रधानाध्यापक रहे। मीटिंग व्यवस्थापक व संचालन कंपोजिट विद्यालय टिकैठा के प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र पटेल जी ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक जगदीश पटेल अनूप गौतम वंदना शुक्ला सुमित्रता देवी राजकुमार अखिलेश यादव और समस्त प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## परदेश कमाने निकले युवकों पर दबंगों ने रास्ते में झोंका फायर, हमले में एक युवक घायल



**प्रतापगढ़।** पतुलकी ग्राम सभा के इशराज पुत्र लल्लन एवंआदिल पुत्र हाफिज ट्रक ड्राइवर है।दोनों कोलकाता जाने के लिए घर से निकले ही थे कि घर से 200 मीटर की दूरी पर बाइक पर सवार दबंगों ने उन पर हमला कर दिया।पुरानी रंजिश में महुआर निवासी सलमान और अकरम एक बाइक पर छह सात लोगों के साथ आए एवं उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बीच दबंगों ने फायरिंग की, जिसमें आदिल को गोली लगी है।पूरे अंती से सेतापुर की तरफ जाने वाले रास्ते में यूनिवर्स अकैडमी एवं प्राथमिक विद्यालय के बीच हुई घटना से स्कूल के बच्चों में दहशते व्याप्त है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नौनिहालों की झलकी प्रतिभा



लोकमित्र ब्यूरो

**जेठवारा- प्रतापगढ़।** जनपद में ज्ञ्य द्वारा आयोजित ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में डी0 एम0 एम0 पब्लिक स्कूल नारायणपुर के बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन करके क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की आराध्या सिंह ( कक्षा-2 ) , अयांश तिवारी ( कक्षा-1 ) को गोल्ड मेडल, प्रियांश पाण्डेय ( कक्षा-6 ), काजल विश्वकर्मा (कक्षा- 8 ), अवंतिका यादव ( कक्षा-1 ) को सिल्वर मेडल तथा सांभवी तिवारी ( कक्षा-1 ) , भूमिश्री ( कक्षा-1 ), अरनव सिंह ( कक्षा-4 ), आराध्या सिंह ( कक्षा-6 ), सैफुद्दीन ( कक्षा-6 ) को कांस्य पदक के साथ प्रमाण पत्र द्वारा विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया।

विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती निधि सिंह, प्रबंधक एन0 पी0 सिंह ने बच्चों की उपलब्धि पर खुशी जताई और भविष्य में ऐसी सराहनीय उपलब्धियां प्राप्त होती रहें का आशीर्वाद दिया।

## कोर्ट के आदेश पर पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

**रखहा प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पिपरी खालसा गांव में कुछ माह पूर्व बाग में बकरी जाने को लेकर हुए विवाद में कोर्ट के निर्देश पर दिलीपपुर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी । पीड़ित रामकुमार का कहना है कि बीते 30 जून 2024 को शाम लगभग पांच बजे गांव के ही धर्मेन्द्र मिश्र के बाग में अचानक उसकी बकरी चली गई। इससे धर्मेन्द्र एवं उसके पुत्र बकरी को मारने लगे । मना करने पर पिता पुत्र ने मिलकर उसके पुत्र राज एवं परिवार के सुनील कुमार के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया था । रामकुमार का आरोप है कि दिलीपपुर पुलिस से शिकायत के बाद भी आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई । कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को दिलीपपुर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ एससी-एसटी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## व्यापारी के बेटे का सी. आर. पी. एफ. में चयन पर सम्मान समारोह आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय के सुंदरगंज बाजार निवासी हरिकेश गुप्ता उर्फ बबलू के बेटे आकाश गुप्ता ने सीआरपीएफ में चयन हुआ तो बाघराय बाजार समेत क्षेत्र व शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि बाघराय सुंदरगंज बाजार के फल व्यापारी बबलू गुप्ता के बेटे आकाश के चयन पर व्यापार मंडल अध्यक्ष बांकेलाल चौरसिया व महासचिव अनिल पांडेय ने माल्यार्पण करके स्वागत किया तथा ट्रेनिंग के लिए रवाना किया। अनिल पांडेय ने कहा कि युवा ही देश के कर्णधार है, देश की रक्षा मे युवाओ की अहम भूमिका रही है।उन्होंने आगे कहा कि अपने बीच का यह लड़का अपने मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उसने बाजार वासियों समेत बाघराय सुंदरगंज बाजार का नाम रोशन किया है। इस मौके पर हरिकेश, वृजेश, दीपक, सूरज, रोहित,रौनक, गुड्डू यादव, हकीम, उत्तम पाल, रामचरन विश्वकर्मा, मुकेश आदि मौजूद रहे।

### रनिंग भत्ते की मांग को लेकर गार्डों का विरोध प्रदर्शन आज

**प्रतापगढ़।** टीए के अनुरूप रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत वृद्धि को लेकर आल इंडिया गार्ड काउंसिल और लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 22 जनवरी को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शाखा सचिव अमरनाथ तिवारी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन लॉबी के सामने सुबह दस से शुरू होगा और अपराह्न एक बजे तक चलेगा। मंडल अध्यक्ष आर एम सरोज ने बताया कि भत्ते की मांग को लेकर एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

रानीगंज,प्रतापगढ़।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, थाना रानीगंज से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त जोगेन्द्र कुमार उर्फ चौधरी को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## नवनिर्मित नगर पंचायत सुवंशा बाजार का उद्घाटन




लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नवनिर्मित नगर पंचायत सुवंशा बाजार के कार्यालय भवन का उद्घाटन संपन्न हुआ। 21 जनवरी मंगलवार को नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद एवं अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। पंडित श्याम जी उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण के द्वारा कार्यालय का उद्घाटन संपन्न कराया। उद्घाटन समारोह पर सुंदरकांड का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वार्ड के सभासद, कर्मचारी एवं क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभासद दीपक प्रजापति, योगेश सिंह सभासद,गोविंद बिंद सभासद,विनोद प्रजापति, कार्यालय के कर्मचारी बड़े बाबू कमर खान, पवन पाण्डेय, विवेक सिंह,रोहित शुक्ला एवं रमेश मिश्र,मुन्ना तिवारी, सचिन पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने लखपेड़ा कप टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज क्षेत्र के छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा के मैदान पर आयोजित स्व लाल जयेंद्र प्रताप सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल और पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज ने विधि-विधान से फीता काट कर उद्घाटन किया । उद्घाटन मुकाबला सन्नी एलेवेन चौरंग और अर्जुन एलेवेन भवानीगंज के बीच खेला गया।

टास जीतकर कर सन्नी एलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर के मैच में दो विकेट खोकर सन्नी सिंह की 68रनो की पारी की बदौलत 155रनो का स्कोर खड़ा किया। बाद में बल्लेबाजी करने



उतरी अर्जुन एलेवेन लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट खोकर महज 95रन ही बना सकी। मैच के दौरान कमेंटेटर प्रेम कुमार यादव , तथा आरजे संजय कुमार रहे। मैच में अम्पायरिंग की भूमिका अजय यादव तथा बंटी सिंह ने निभाई। इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वरिष्ठ पदाधिकारी पवन सिंह धनगढ, छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी,जनसत्तादल जिला सचिव पंकज यादव,समाजसेवी हर्षवर्धन सिंह, छात्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष बाबागंज शौरभ मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## मारपीट में युवती समेत पांच घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** ठकुराइन का पुरवा भदरी गांव में सोमवार को रात रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष हमलावर हो गया। इसमें मारपीट के दौरान मनोज की 21 वर्षीय बेटी संजू देवी, कंधई लाल की 35 वर्षीय पत्नी रंजना देवी, शीतला प्रसाद की 60 वर्षीय पत्नी समाइन देवी घायल हो गई। परिजनों ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजा। मैकू का पुरवा गांव निवासी 46 वर्षीय ओम प्रकाश पटेल और उसके 24 वर्षीय बेटे गोविंद पटेल को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया तथा आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी।

## नकल माफियाओं से साठ-गांठ करने वाले प्रधानाचार्य जाएंगे जेल

▶▶ डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों के साथ बैठक कर नकल विहीन परीक्षा कराने के दिए टिप्स

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** डीआईओएस ओमकार राणा ने कहा है कि नकल माफियाओं से सांठ-गांठ करने वाले प्रधानाचार्यो पर मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने 15 कॉलेज के प्रधानाचार्य को बैठक में खड़ा कराकर चेतावनी दी कि अगर इस बार नकल हुई तो किसी को छोड़ूंगा नहीं। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। जिले में 200 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मंगलवार को शहर के संत एंथोनी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्यो के साथ बैठक करके नकल विहीन परीक्षा करने का टिप्स दिया।

उन्होंने कहा कि शासन इस बार बहुत सख्त है, अगर किसी परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की नकल सामग्री या सीसीटीवी कैमरा बंद मिलता है, तो वह उसे केंद्र के प्रधानाचार्य को नकल के लिए दोषी माना जाएगा। पूर्व के वर्षो में 15 कॉलेज को नकलची केंद्र के रूप में चिह्नित करते हुए प्रधानाचार्य को चेताया अगर इस बार नकल हुई तो जेल भेजने में मैं देरी नहीं लगाऊंगा। बैठक में रमेश चंद्र मिश्र, प्रमोद कुमार तिवारी, फादर एस आनंद, अखिलेश चंद्र पांडेय, राघवेंद्र शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**कुंडा प्रतापगढ़।** कृपालु महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीयसेवा योजना इकाई प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई के सात दिवसीय शिविर की शुरुआत मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय अघिया में हुई। प्रधान प्रतिनिधि मो. शाकिब, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरीश पांडेय ने संयुक्त रुप से जगदगुरु कृपालुजी की आरती करके शिविर की शुरुआत की।नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए छात्राओं ने स्वच्छता के फायदे बताए। प्राथमिक विद्यालय की सफाई की गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार नागर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा शुक्ला, डॉ. रेखा सिंह, डॉ. निभारानी आदि मौजूद रहे।

## महिला पर जानलेवा हमले में पिता-पुत्र पर केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी नीलम सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 16 जनवरी को सुबह वह उलझे हुए तार को लकड़ी के खम्भे से बांध रही थी। तभी रंजिशन उसके जेठ और उसका बेटा लाठी कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई और वह अचेत होकर गिर पड़ी। पीड़िता पूनम सरोज की तहरीर पर पुलिस ने घायल के जेठ मुन्ना और उसके बेटे रोहित के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 210 जोड़ों का हुआ विवाह

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में 210 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने भगवान गणेश के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया।



कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन विभाग राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि इस पावन भूमि चित्रकूट धाम में भगवान कामतानाथ एवं श्रीराम की कृपा से पूरे जनपद चित्रकूट के सभी विकासखंडों नगर निकायों से कुल 210 जोड़ों की शादियां हुई है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीब कन्याओं की शादियों के लिए यह योजना चलाई जा रही है। जिसमें सरकार द्वारा कुल 51 हजार रुपए प्रति जोड़ा सामूहिक विवाह में खर्च किया जाता है। इसमें बेटियों के खाते में शासन द्वारा 35 हजार रुपए भेजा जाता है तथा 10 हजार रुपए की सामग्री दी जाती है तथा ही 6,000 रुपए वैवाहिक कार्यक्रम में खर्च किया जाता है। कहा कि सभी लोग सुखमय जीवन व्यतीत करें तथा आपस में किसी प्रकार का विवाद न करें। साथ ही अपने माता-पिता व सास-ससुर का विशेष ध्यान रखें। कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेला 144 वर्ष बाद प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। आप लोग इस महाकुंभ का लाभ ले तथा गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करें। कहा कि सभी पात्र सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी नवदंपति विवाह के दौरान दिए गए सातों वचनों का पालन अवश्य करें। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 210 जोड़ों का विवाह हुआ है। जिसमें बौद्ध धर्म रीत रिवाज के अंतर्गत 15 जोड़ो का विवाह हुआ।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत दल मां भगवती संगीत पार्टी द्वारा विवाह कार्यक्रम आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जिले के प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने वर-वधू को विवाह प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित कर आशीर्वाद भी दिया। गायत्री शक्तिपीठ के उपाचार्यो द्वारा विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ललितपुर कैलाश नाथ निरंजन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, श्रमायुक्त आरके गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेंद्र सिंह, मऊ ओम प्रकाश, नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, मऊ राजापुर बालकृष्ण गौतम, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, पन्नालाल, घनश्याम, सहित संबंधित अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि व वर-वधु के परिवारिक जन मौजूद रहे।

# जब तक कार्य पूर्ण न हो, उसे रोका न जाए - डीएम

**15वें वित्त आयोग के कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित की गई बैठक**



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बुनियादी अनुदान एवं निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम व द्वितीय किश्त के रूप में प्राप्त धनराशियों व अन्य धनराशियों के सापेक्ष नगर पालिका परिषद, मीरजापुर व चुनार एवं अहरौरा तथा नगर पंचायत, कछवा द्वारा निर्माण/पेयजल व्यवस्था/प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था/ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन/भू-जल संरक्षण से सम्बन्धित कार्यो/मशीनरी/सामग्रियों के क्रय से सम्बन्धित कार्यों हेतु प्रस्तुत कार्ययोजनाओं के क्रम में निकायवार गठित तकनीकी/प्रशासनिक समिति की जांच आख्या पर विचार करते हुये वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीकृत हुए कार्यों को अलग अलग न करते हुए कार्य प्रारम्भ करने के उपरान्त जब तक पूर्ण न हो जाए कार्य को रोका न जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदों/पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो कार्य पहले स्वीकृत हैं और उन पर कार्य चल रहा है अगली बैठक में उनसे सम्बन्धित पी.पी.टी. के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पम्प हाउसों में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था नही है तो आवश्यकतानुसार प्रस्ताव बनाकर जनरेटर आदि की व्यवस्था करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चुनार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछवा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम ने की धान खरीद प्रगति की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी कार्यालय में धान खरीद की समीक्षा बैठक सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की गई। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव सिंह, ए. आ र. कोआपरेटिव विपिन कुमार सिंह, राम जी कुशवाहा आर.एम. पी.सी.एफ., रामकेश सरोज डी.एस.पी.सी.यू., विजय सिंह डी.एस. यू.पी.एस.एस. उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर धान की खरीद की जा रही है उन्ही केन्द्रों पर गेंहू खरीद हेतु एजेंसी अधिक से अधिक किसानों से सम्पर्क करते हुए उनका पंजीकरण कराएं। गेंहू खरीद पंजीकरण में पी.सी.एफ., पी.सी.यू. के द्वारा कम पंजीकरण कराए जाने पर अपर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि दो दिन के अन्दर सभी किसानों से वार्ता कर अधिकतम पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे 1 मार्च 2025 से गेंहू खरीद प्रारम्भ की जा सके।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने किया स्कूलों और अस्पताल का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात ने महिला अस्पताल, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय देवरी कलां एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवरी कला का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के क्रम में सदस्य ने महिला अस्पताल में बनाए गए लेबर रूम, फार्मेसी आदि विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भूगोल की शिक्षिका दीपिका पाण्डेय बिना किसी पूर्व सूचना अनुपस्थित पाई गई, विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋचा पांडेय ने बताया कि गंभीर बीमारी से ग्रसित होने के कारण अवकाश पर हैं, जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने शिक्षिका के अवकाश जाने पर नाराजगी व्यक्त की कहा कि उनके विषय को कौन पढ़ा रहा बताया गया कि दूसरे विषय को पढ़ाने वाली शिक्षिका को जिम्मेवारी दी गई है। सदस्य ने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं से छात्रावास में जाकर अलग से पठन-पाठन सहित छात्राओं की समस्याओं का हाल जाना। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवरी कला के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखा तो लेखाकार संध्या सिंह अनुपस्थित पाई गई। छात्राओं की उपस्थिति के बारे में पूछा गया तो बताया गया की 100 के सापेक्ष 28 थी तथा पठन पाठन का स्तर बहुत ही संतोषजनक नहीं मिला।

जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय में साइनग्लो साइन बोर्ड लगेगा जिससे छात्राओं को आत्मरक्षा के विशेष चित्र दिए जाएंगे। आत्मरक्षा टिप्स के बारे में जानकारी देते हुए गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और बताया गया कि अपने माता-पिता के अलावा किसी को प्रणाम ना करें बल्कि नमस्ते से अभिवादन करें कभी भी किसी भी परिस्थिति में घबराएं नहीं 1098 नंबर डायल कर अपनी आत्मरक्षा स्वयं कर सकती हैं। वहीं छात्राओं को बताया गया कि शासन ने सुमंगला योजना के तहत जिस पिता को दो से अधिक बच्चियां नहीं हैं उन्हें 5000 का लाभ दिया जाता है। सदस्य ने छात्राओं को बताया कि शासन से इस योजना में बेटियों के परिवार के पिता की मृत्यु, पिता के जेल जाने व दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ित को 4000 रुपए प्रति माह शिक्षा दीक्षा के लिए दिया जाता है जिले में कुल 1500 छात्र ऐसे हैं जिनकी शिक्षा दीक्षा का भार सरकार उठा रही है सदस्य ने छात्राओं के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, नायब तहसीलदार लालचंद खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार राय उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की सुनाई कथा

**चित्रकूट ब्यूरो-** जिले के बिहारा गांव स्थित रामसैया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को हवन-पूजन के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास विकास शुक्ला ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। कथा सुनाते हुए कथा वाचक विकास शुक्ला ने कहा कि सुदामा संसार के सबसे अनोखे भक्तों में से एक थे। भले ही वह बाहरी रूप से गरीब थे, लेकिन उनके मन की धनवानता उन्हें अन्य भक्तों से अलग करती है। उन्होंने अपने जीवन के सभी सुख-दुख भगवान की इच्छा पर समर्पित कर दिए। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने समझाया कि सच्ची मित्रता का अर्थ है बिना किसी भेदभाव के मित्र की भावनाओं को समझना। उन्होंने कहा कि अगर मित्र सच्चा है, तो वह श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। कथा के दौरान



महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया और भगवान की महिमा का गुणगान किया। कथा के समापन पर कथा व्यास विकास शुक्ला ने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। गांववासियों ने गाजे-बाजे के साथ श्रीमद्भागवत कथा की शोभायात्रा निकाली। एक सप्ताह चली इस कथा ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताया। आयोजकों और गांववासियों ने कथा को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया।

# विज्ञान मेले में बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए शानदार मॉडल

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी चित्रकूट के निर्देशन में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में मंगलवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला ने किया।प्रभारी बीएसए ने विज्ञान मेला में बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का पर्यवेक्षण किया तथा बच्चों से उनसे संबंधित प्रश्न पूछे। इस पर बच्चों ने माडलों के संदर्भ में सभी उत्तर दिए। प्रभारी बीएसए ने कहा कि विज्ञान से ही हमारा देश महान बनेगा। हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर फतह पा ली है। सूर्य के पास भी अपना मिशन भेजा है। हमारे देश के वैज्ञानिक बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। जिससे विश्व में हमारे देश का नाम रोशन हो रहा है। उन्होंने



समस्त शिक्षकों को मेहनत एवं लगन से बच्चों को पढ़ाने को कहा। ताकि बच्चे हमारे गांव क्षेत्र, जनपद, प्रदेश तथा देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करें। इस मौके पर डॉक्टर प्रभाकर सिंह द्वारा बच्चों फरूट जूस का वितरण किया। विज्ञान मेला में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा के चार छात्रों का चयन राज्य स्तर पर मॉडल प्रदर्शित करने में हुआ है। जिन्हें 23 व 24 जनवरी को लखनऊ के ऑडिटोरियम में मॉडलों के प्रदर्शन के लिए रवाना किया जाएगा। इस दौरान बच्चों को ऊन वस्त्र तथा ड्रेस का वितरण किया गया।इस मौके पर रचना यादव, सुशील पांडेय, विद्यासागर सिंह, सरला देवी, ममता देवी, गीतांजलि सिंह, गरिमा सिंह, रंजन चंदेल, दीपा देवी, प्रियंका द्विवेदी, सियाराम सिंह, सुनीता देवी, नीलम देवी, सोनू गौतम आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को पेयजल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**चित्रकूट ब्यूरो-** भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में पानी की समस्या के निदान के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन (हर घर जल)' के अंतर्गत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में विकासखण्ड पहाड़ी के गांवों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को जागरूक किया गया।अभियान के तहत विकासखंड पहाड़ी के कुचराम, महुवागांव, कुसेली, खोंपा, बिहरावा के ग्रामीणों को पेयजल के लिए जागरूक करते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो पानी दिया जा रहा है, उसका पीने में उपयोग करें। बताया कि नियमित अंतराल पर पानी का शुद्धिकरण किया जाता है ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

# कवि सम्मेलन में शानदार प्रस्तुतियां देकर किया श्रोताओं का मनोरंजन

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - तहसील मानिकपुर के आदर्श इंटर कॉलिज सभागार में भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बुंदेली साहित्य समागम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्यकारों व कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत बाल कवयित्री प्रियांशी सिंह पल्लवी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर की। कार्यक्रम में महोबा के प्रख्यात बुंदेली साहित्य के मर्मज्ञ संतोष पटेरिया ने बुंदेली गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक रामपाल त्रिपाठी द्वारा अनेक पत्र-पत्रिकाओं की भव्य प्रदर्शनी भी लगवाई गई। साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने अपनी स्वरचित रचना ''तरक्की की भीड़ में बाजार बहुत है, शख्स तन्हा, पर



खरीददार बहुत हैं'' प्रस्तुत की। आयुष्मान वानप्रस्थ विश्व विद्यालय के निदेशक बलबीर सिंह, आदर्श इंटर कॉलिज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मानस किंकर रामप्रताप शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतर्रा-बांदा के वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व प्रधानाचार्य मूलचंद्र कुशवाहा, रामऔतार साहू, दीनदयाल सोनी, ओज की कवयित्री प्रियंका त्रिपाठी, एलआईयू के सब इंस्पेक्टर धर्मपाल सिंह सेंगर, जीआरपी मानिकपुर के थानाध्यक्ष वीनेश सिंह, चित्रकूट से छंद ऋषि डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह भ्रमर, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, गीतकार श्रीनारायण तिवारी, शायर एवं गजलकार संदीप श्रीवास्तव, हास्य कवि शिवपूजन यादव, गीतकार अर्चन द्विवेदी, दिनेश दीक्षित संघर्षी, शिवशंकर विश्वकर्मा बाल कवयित्री प्रियांशी सिंह पल्लवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से काव्यपाठ कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकतंत्र सेनानी रामपाल त्रिपाठी एवं राइटर्स एंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश संगठन मंत्री तथा उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के जिला अध्यक्ष डॉ मनोज द्विवेदी ने साहित्यकारों व कवियों का अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा आयोजित विगत वर्षों के कार्यक्रमों की जानकारी दी।इस अवसर पर थानाध्यक्ष मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, आनंद गिरि, डॉ प्रणय, सतीश मिश्रा, कैलाश मिश्रा, शंकर यादव, हीरा लाल मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, शिव कुमार राजपूत, पवन कुमार नामदेव, संतलाल त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, बुद्ध विलास यादव, वेदांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# छठवें दिन की कथा में सुनाई गई चारों भाईयों के विवाह की कथा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित गुप्ता मैरिज हॉल में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा व्यास माधवी नें चारो भाइयों श्रीराम, लक्ष्मण, शत्रुघ्न व भरत के विवाह की कथा का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।कथा व्यास माधवी ने प्रभु श्रीराम समेंत चारो भाइयों की विवाह कथा का बड़ा ही सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि बारात अयोध्या वापस आयी और माता कौशल्या सभी बहुओ को अत्यंत प्रेम करती है, परन्तु कुमति रूपी कुबरी ने माता कैकेई की वुद्धि परिवर्तित कर दी। जिसके बाद माता कैकेई ने राजा दशरथ से भगवान के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांग लिया और भरत के लिए राजगद्दी। इस दौरान उन्होंने दहेज प्रथा को लेकर जमकर कटाक्ष किया। कहा कि दहेज का दानव दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है, अब इसके शमन-दमन के लिए लोगों को आना पड़ेगा। साथ ही कथा व्यास बृजेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भी कथा का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने चित्रकूट की महिमा का संक्षिप्त वर्णन किया।

साथ ही महाकुंभ के अवसर पर हो रही कथा को शुभ और सुखद संयोग बताया। कथा विश्राम के बाद यजमान अभिषेक पहारिया और दिव्या पहारिया ने आरती की तथा श्रृद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सद्गुरु सेवा संघ के डॉयरेक्टर डॉ बीके जैन, पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# परेड की सलामी लेकर एएसपी ने किया निरीक्षण

**चित्रकूट ब्यूरो-** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन्स पहुंचकर परेड की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। साथ ही आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रैतिक परेड की रिहर्सल कराई गई।मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन्स साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रैतिक परेड की रिहर्सल भी कराई तथा आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स में बने आरक्षी बैरिक, परिवहन शाखा, सीपीसी कैंटीन, साइबर क्राइम थाना, डायल 112 कार्यालय व भोजनालय आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एएसपी ने क्वार्टर गार्द का भी निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया।

# विद्यार्थियों को बताई पुलिस विभाग की कार्य प्रणाली



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) के तहत कोतवाली कर्वी एवं थाना मानिकपुर में विद्यार्थियों को पुलिस विभाग के परिचय के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के साथ चलाए जा रहे स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) के क्रम में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम जयकरन सिंह ने अपराध निरीक्षक कोतवाली कर्वी लाखन सिंह की उपस्थिति में गोस्वामी तुलसीदास स्नात्तकोन्तर महाविद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को थाना कोतवाली कर्वी में व प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह द्वारा राजकीय डिग्री कॉलिज मानिकपुर के चयनित विद्यार्थियों को थाना मानिकपुर में एसपीईएल कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस विभाग का परिचय ग्राम चौकीदार, हल्का चौकी प्रभारी, थाना, सर्किल, शहरी व ग्रामीण, जिला, रेंज, जोन, प्रदेश की व्यवस्था, पदाधिकारी और उनके कर्तव्यों, पुलिस विभाग के यूनिफार्म, जिला स्थित विधिक पुलिस प्रतिष्ठान, राज्य स्तरीय विधिक पुलिस प्रतिष्ठान के बारे में जानकारी दी गई।

# रंजिश में पिटाई करने वाले सात लोगों को सजा

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ल के ही व्यक्ति की पिटाई कर हाथ तोड़ देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने सात आरोपियों को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को सात-सात हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 20 मार्च 2021 को राजापुर क्षेत्र के सरधुवा गांव के कल्याणीपुरवा की निवासी रानी देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके मोहल्ल के ही रहने वाले सोमदत्त निषाद, नंगा उर्फ ओमप्रकाश, पंचू उर्फ रोहित, शंकर प्रसाद, राजा, खुन्नी व बुढ़वा उर्फ बुद्धराज ने पुरानी बातों को लेकर उनके जेठ ननउवा पर लाठी-डंड़ों से हमला कर दिया। साथ ही मारपीट कर उनका हाथ तोड़ दिया। बचाव पर आने पर देवर कल्लू के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर सातों आरोपियों सोमदत्त निषाद, नंगा उर्फ ओमप्रकाश, पंचू उर्फ रोहित, शंकर प्रसाद, राजा, खुन्नी व बुढ़वा उर्फ बुद्धराज को तीन-तीन वर्ष कारावास के साथ सात-सात हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर 'हेमू कालाणी' जी को किया गया याद

## हेमू कालाणी जी सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानी थे:शत्रुघ्न सोनकर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** स्वतंत्रता संग्राम में भारत माता के अनगिनत सपूतो ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया आजादी की लड़ाई में भारत के सभी प्रदेशों के योगदान रहा अंग्रेजो को भारत से भगाकर देश को जिन वन्दनीय विरो को आजाद कराया उनमें सबसे कम उम्र के बालक क्रांतिकारी 'अमर शहीद हेमू कालाणी' को भारत देश कभी नहीं भूल पायेगा।आज डिग्री कालेज स्थिति शहीद हेमू कालाणी पार्क में उनका बलिदान दिवस मनाया गया,वहां एकत्रित हुए सभी लोगो ने दो मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम सयोंजक समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश सावलानी, कार्यक्रम के आयोजक पनव खेत्रपाल, परेश कृपलानी रहे व कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह फौजी ने किया व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे शत्रुघ्न सोनकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, रायबरेली ने कहा की हेमू कालाणी जी सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानी थे,उनकोने कहा कि जैसे अंग्रेजो के विरुद्ध भारत छोड़ो आंदोलन तथा करो या मरो जिससे पूरे देश का वातावरण गर्म रहा उन्होंने कहा की सिंध समाज के लिए बहुत गर्व की बात है ये इन्ही शब्दो के साथ उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया। इसी कड़ी कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये,आर0पी0शुक्ला, नरेंद्र सिंह फौजी,राजा राम यादव फौजी, हरिहर प्रासद शुक्ला, रामू दादा,अतुल गुप्ता,पूनम तिवारी, महेंद्र अग्रवाल, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, इस वक्ताओं ने अपने उदगार व्यक्त किये। गरिमामयी उपस्थित संतोष चेनानी,सत्यानंद सावलानी, रूच्चू मल संतानी, कैलाश चंदवानी, विनोद वलेचा, भीमसेन राजपाल,पेशूराम नंदवानी, गुलाब जगवानी, राजेश चांदनी, राकेश जीवनानी, संजय जीवनानी,सुशील संतानी,महेश कृपलानी, शिवेंद्र अटलानी, नितिन बजाज,सुमित खेत्रपाल, मोहित लखमणि, कुमार बजाज, कुशल कृपलानी, आकाश चेनानी आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का होगा आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** पूर्व सभासद और सर्राफा व्यापारी महेश सोनी ने बताया कि सराफा मंडी चौक स्थित श्री रक्षकेश्वर भगवान महादेव मंदिर में आज बुधवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि यह भंडारा श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। बताते चले कि गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में श्री राम लला मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ था उसी के उपलक्ष्य में भंडारा होने जा रहा है।

# नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर अतुल सिंह ने सुनी जनसमस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं ऊंचाहार पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के पूरे शमशेर का पुरवा में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगो की समस्याएं सुनी व कांग्रेस की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया,इस अवसर श्री सिंह ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए जननायक राहुल गांधीएवं प्रियंका गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि देश के संविधान की रक्षा करें।श्री सिंह ने कहा कि गांव,गरीब,किसान,जवान,झुग्गी झोपड़ियों में रहने वालों की लड़ाई राहुल गांधी जी लड़ रहे है।छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है,इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।गांधी परिवार ने एम्स जैसा बड़ा अस्पताल रायबरेली को दिया जिसका लाभ सभी को मिल रहा है।श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण यहां की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऊंचाहार की जनता हमारे परिवार की तरह है मैं आपके हर सुख दुख में खड़ा रहूंगा, ऊंचाहार में विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,रामदत्त पांडे,अभय सिंह,अमितेश यादव,गोलू अग्रहरि,राकेश सिंह,रवि सिंह,बाबूलाल यादव,राम अवतार सरोज,लल्लू यादव,मनोज मौर्य,बबलू पटेल,मनोज गौतम,विमल कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पूर्व अध्यक्ष स्व.कमल नयन वर्मा की पुण्यतिथि पर तिलक भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व.कमल नयन वर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने पूर्व जिलाध्यक्ष के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि देने वालों में रमेश कुमार शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, वीरेन्द्र यादव, राजकुमार दीक्षित, अनिल मिश्रा, आशीष द्विवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, जगदम्बा बाजपेई, पोलू, शैलेन्द्र सिंह, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, सूर्य कुमार बाजपेई, महेश्वर सिंह, मनोज मिश्रा, दिनेश त्रिवेदी, रमाकांत सिंह, सुनील कुमार, विजय पटेल, विश्वनाथ त्रिवेदी, सरदार भूपेन्द्र सिंह, अविनाश चन्द्र बाजपेई सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के बाबत गोष्ठी का हुआ आयोजन

## चंद्रशेखर स्कूल की यशी गुप्ता ने भाषण प्रतियोगिता व चित्रकला में बैसवारा की शमा ने मारी बाजी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार और प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह की देखरेख में बैसवारा इंटर कॉलेज मे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत तहसील स्तरीय भाषण चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में लालगंज ब्लॉक से बैसवारा इंटर कॉलेज ,चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बाजपेईपुर इंटर कॉलेज तथा राजकीय बालिका विद्यालय ने प्रतिभाग किया तो वही सरेनी ब्लॉक से जनता विद्यालय इंटर कॉलेज पूरे पांडे के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया और इसी के साथ खीरो ब्लॉक से राजकीय इंटर कॉलेज सेमरी ने हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में तहसील स्तर पर चंद्रशेखर मेमोरियल इंटर कॉलेज की यशी गुप्ता ने प्रथम तथा जनता विद्यालय इंटर कॉलेज पूरे पांडे की प्रिया मिश्रा ने द्वितीय और जवाहर राजकीय विद्यालय सेमरी से रूबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बैसवारा इंटर कॉलेज की शमा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान तो चंद्रशेखर मेमोरियल की कुलसुम ने द्वितीय स्थान तथा जनता विद्यालय इंटर कॉलेज पूरे पांडे से पिंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र संस्कार ने प्रथम स्थान जनता विद्यालय की छात्र सिद्धिदात्री ने द्वितीय और वाजपेई पुर इंटर कॉलेज के छात्र अनुभव मौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।
कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में प्रतियोगिताएं संपन्न हुई । प्रतियोगिताओं की सफल आयोजन में विद्यालय के प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार शुक्ला , जीत बहादुर सिंह ,अरुण कुमार बसंत लाल एवं भवानी प्रसाद श्रीवास्तव सोमेश सिंह आदि ने सहयोग किया।

# सहकार भारती का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सहकार भारती के कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डीपी पाठक ने बताया कि सहकार भारती कुटीर उद्योगों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करता है और उन्हें सरकारी आर्थिक लाभ दिलाने के लिए मदद करता है जिससे समाज को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके। सहकार भारती के लखनऊ मंडल के विभाग संयोजक रामकुमार दीक्षित ने सहकारिता के इतिहास को समझाते हुए इसे समाज में आर्थिक बौद्धिक और श्रमिक वितरण का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत बताया उन्होंने कहा कि अगर सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानों को लाभ दे रही है तो सहकारिता के माध्यम से व्यापारियों को और कुटीर उद्योग चलाने वाले लोगों को भी लाभ दिया जा सकता है जिसके कई उदाहरण समाज में स्थापित है। सहकारिता विभाग केएआर रामसागर चौरसिया ने बताया कि 172 केंद्र जिले में मौजूद हैं जो किसानों को खाद वितरित करने का काम करते हैं किसान समितियां से जुड़कर कम ब्याज में लोन भी ले सकते हैं जिसका उपयोग अपनी कृषि में लाभ हेतु ले सकते हैं। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुनीता जायसवाल भी कार्यक्रम में मौजूद रही उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उनके द्वारा संचालित ब्यूटी पार्लर में ऐसी महिलाएं प्रशिक्षण लेती हैं जो प्रशिक्षण लेने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है जिन्हें प्रशिक्षण देकर आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास किया जाता है यह भी सहकारिता का ही एक रूप है।सहकार भारती के जिला अध्यक्ष महेश कौशल ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने जिले में ग्रामीण स्तर पर किसानों को सहकारिता विभाग के माध्यम से लाभ मिले इसके लिए सहकार भारती का सहयोग अपेक्षित बताया है।
सरकार भारती की स्थापना दिवस कार्यक्रम में बीना गुप्ता, इंद्रेश कुमार,चित्रेश सिंह, शिवांशु वर्मा, धर्मेंद्र कुमार ,पंकज गुप्ता, गीत गुप्ता, वीएस कमल, हरि ओम राजकुमार, शकुंतला आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# समाज सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नही:दीप प्रकाश शुक्ला



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** भीषण ठंड को देखते हुए समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ला ने समाचार पत्र वितरको को ट्रैकसूट प्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। वही अखबार वितरक ट्रैक सूट पाकर उनके चेहरे खिल उठे।कस्बे के आजाद नगर स्थिति चन्द्र शेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबन्ध निदेशक दीप्रकाश शुक्ला ने दर्जनों समाचार पत्र वितरकों को ट्रैक सूट प्रदान करते हुए कहा कि मानव के कर्म ही उसे महान बनाते हैं। समाज सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है।उल्लेखनीय है कि समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ला सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हैं। वही हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। श्री शुक्ला अपनी समिति के माध्यम से निर्धन असहाय व जरूरतमंदों की सेवा में सदैव अग्रसर रहते हैं। समाचार पत्र वितरक रंजन बजपेई, आशीष मौर्य, विजय सोनी, प्रभात गुप्ता, बाबू त्रिपाठी, शुभम वर्मा, शिवम गुप्ता, अजय कुमार, विकास मौर्य, दिलावर खान, शर्मा जी, शिवकुमार शुक्ला, शीतल गुप्ता, रामबाबू आदि ने श्री शुक्ल के इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने बहाई गांव में लगाई चौपाल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पाल के द्वारा बहाई गांव में चौपाल लगाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों की जानकारी दी गई ।इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने भी चौपाल को संबोधित किया और कहा कि जनता का हित कांग्रेस में ही संभव है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़ ने बताया कि कांग्रेस के द्वारा पिछड़ा प्रकोष्ठ की पदयात्रा का कार्यक्रम चल रहा है जो गांव-गांव जाकर लोगों को भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को बता रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। उन्हें बेरोजगारी और महंगाई से कोई लेना-देना नहीं है। धार्मिक मुद्दों में उलझा कर जनता का वोट लेने में भाजपा को महारत हासिल है। इससे जनता को बचाना चाहिए। न्याय पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी बबलू ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी यहां की जनता को अपना परिवार मानते हैं और सुख-दुख में सदैव शामिल रहते हैं। इस मौके पर भाई न्याय पंचायत अध्यक्ष रामराज यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जजध्सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। सचिव द्वारा बैरकों में पर्याप्त साफ-सफाई कराये जाने के बावत जेलर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी जिससे अधिक से अधिक बन्दी लाभान्वित हो सके। निरीक्षण के दौरान चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, जेल चिकित्सक डा0 मनीष मिश्रा, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल सुमैया परवीन, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र व प्रशिक्षणरत विधि छात्रा आकृति उपस्थित रही।

# केक काटकर मनाया गया पूर्व विधायक रामलाल अकेला का 70वां जन्मदिन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित व्यवसायी व सपा नेता सुधीर साहू के प्रतिष्ठान पर पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला का 70वां जन्मदिन समर्थकों ने केक काट कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूर्व विधायक रामलाल अकेला के फेसबुकवॉल और एक्स अकाउंट पर नेताओं और समर्थक द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतिनिधि शिवम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जन्मेजय सिंह, पूर्व प्रमुख सतेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता प्रभात साहू, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू, भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, प्रेस क्लब महराजगंज अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, सिकंदरपुर प्रधान डब्बू सिंह, पूर्व प्रधान हलोर संत कुमार चौधरी सहित बछरावां विधानसभा क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों ने दूरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं व बधाई दी।आपको बता दें कि, पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला के 70वें जन्मदिन के अवसर पर कस्बा महराजगंज में सुधीर साहू के प्रतिष्ठान बाकायदा पूर्व विधायक ने अपने हाथों से केक काटा, इसके साथ ही बछरावां चेयरमैन रामजी, सपा नेता लखनऊवा, अनस सिद्दीकी, सौरभ यादव, सूरज यादव, गोलू वर्मा आदि ने पूर्व विधायक को बधाई व शुभकामनाएं दी। अपने जनप्रिय नेता के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह समर्थकों द्वारा केक काटा गया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए पूर्व विधायक की लंबी आयु की कामना के साथ जन्मदिन की बधाई दी गई। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने समर्थकों के इस स्नेह पर खुशी जाहिर कर कहा कि, वह आप सभी की शुभकामनाओं व स्नेह का हृदय से आभारी हैं।
आप सभी और बछरावां विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है। ऐसे ही विधानसभा और क्षेत्र के जनता की सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। आशा करता हूं कि, भविष्य में भी इसी तरह आप सभी का समर्थन, सहयोग व स्नेह मिलता रहेगा।

# भाजपा नेता के निधन पर शोक की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के गेगासो मंडल के पूरे पुराना मजरे गौरा रुपई निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश उर्फ मदन मिश्रा का सोमवार सायं 8 बजे के करीब हार्ट अटैक पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना फैलते ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी , उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह,भाजपा के प्रांतीय नेता अनूप पांडे और सुशील शुक्ला ने कहा कि मदन मिश्रा पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता थे। आजीवन उन्होंने भाजपा की सेवा की। उनके निधन से पार्टी को गहरी क्षति पहुंची है। मंगलवार को दोपहर उनका अंतिम संस्कार उनके ज्येष्ठ पुत्र अनुराग मिश्रा के द्वारा गेगासो गंगा घाट पर किया गया। वही उनके छोटे पुत्र अंकित मिश्रा पिताजी के अचानक निधन से बहुत ही भावुक नजर आए। जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी ,रमाकांत मिश्रा , वीरेंद्र बहादुर सिंह,दीपक पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी,मंडल अध्यक्ष प्रदीप लोधी ,संतोष सिंह आनापुर,भाजपा मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्रा ,महामंत्री विकेश द्विवेदी, सुबोध बाजपेई, शीतला प्रसाद द्विवेदी, डावकल्लू सिंह ,संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नीरज दीक्षित ,सुशील दीक्षित, अभिषेक शुक्ला आदि ने भी गहरा शोक जताया हैं।

# चोरों की शरणस्थली बना सलोन क्षेत्र,चोरों के आगे नतमस्तक हुई कोतवाली पुलिस



**सलोन,रायबरेली।** सलोन थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों की शरणस्थली बना हुआ है।किराना दुकान से लेकर वाहनों में लगे बैटरी तक को गायब करने से चोर बाज नहीं आ रहे हैं।वही स्थानीय पुलिस चोर के सामने घुटने टेक चुकी है।नगर के औना सदरा निवासी अमनदीप की ई रिक्सा घर के बाहर खड़ी थी।बीती रात चोरो ने घर के सामने से ई रिक्सा पार कर दी।इसके बाद ई रिक्सा की चारो बैट्रिया निकाल कर गाड़ी आईटीआई कालेज के पास छोड़कर भाग निकले।घटना की जानकारी सुबह जब वाहन स्वामी को हुई तो ग्रामीणों के जरिये उसे आईटीआई के पास उसकी गाड़ी मिली।विदित हो कि तीन महीने पूर्व कस्बे के थोक व्यवसाई जानकी बेकरी के मालिक की घर के सामने खड़ी ई रिक्सा की चारो बैट्रियों को चोरो ने पार कर दी थी।इसके बाद तेराहो गांव के समीप एक किराना व्यवसाई की दुकान में घुसकर लगभग दो लाख का सामान चोरो ने चोरी किया था।एक हफ्ते पूर्व अत्तानगर मोड़ के समीप राजकुमार किराना की दुकान में घुसे नकाब पास चोरो ने गल्ले में रखी डेढ़ लाख की नगदी और महंगे समानो पार हाथ साफ किया था। घटनाओं में सर्विलांश,एसओजी तक कि टीम लगाई गई। चोरो के आगे कोतवाली पुलिस नतमस्तक हो चुकी है।

# डामरीकरण की बाट जोह रहा नीबी डिनर बस्ती संपर्क मार्ग



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । जबकि डिनर बस्ती के घरों का गंदा सड़कों पर बहता है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढे होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । जबकि नीबी सत्य नारायण सिंह संपर्क मार्ग सुखदेव के घर से रामसूरत हरिजन चार सौ मीटर दूर डिनर बस्ती डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।

नीबी निवासी जीत नारायण ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । एक दशक पूर्व ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण भी नहीं कराया गया । जिससे घरों का गंदा पानी इस मार्ग पर बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । जबकि इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसो दुर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीयकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । अगर कोई व्यक्ति रात में इस दौरान बीमार होने पर गांव में ही दम तोड़ देती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से दो सौ मीटर गिट् टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग चार दशक पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते नीबी डिनर बस्ती सड़क की मरम्मतीयकरण कराएं जाने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

# ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों का दल परमार्थ निकेतन पहुंचा

**नैनी(प्रयागराज)।** महाकुंभ के दिव्य अवसर पर परमार्थ निकेतन शिविर, अरैल, प्रयागराज में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के 15 छात्र और डेलिगेट्स का दल आया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से आये छात्रों ने डा साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन में अपने जीवन व अध्यात्म से संबंधित विभिन्न सरस्याओं का समाधान प्राप्त किया। पूज्य साध्वी जी के सान्निध्य में सत्संग के माध्यम से अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। उन सभी के लिये आज की इस दोपहर और संध्या का अनुभव अद्भुत रहा, जिसमें उन्होंने भारत की पवित्र धरोहर और सनातन संस्कृति को महसूस किया और इस आध्यात्मिकता से युक्त अद्भुत संगम पर गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किए।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और डेलिगेट्स ने अपनी महाकुम्भ



यात्रा की शुरुआत साध्वी भगवती सरस्वती जी के साथ एक दिव्य सत्संग से की, जिसमें उन्होंने भारतीय आध्यात्मिकता की शाश्वत विद्या और महाकुंभ मेला के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस संवाद के माध्यम से साध्वी जी ने छात्रों को सनातन शिक्षाओं को आज के वैश्विक चुनौतियों जैसे पर्यावरणीय संरक्षण, अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष समाधान और आंतरिक शांति से जोड़कर समझाया।

इसके बाद, छात्रों ने परमार्थ निकेतन द्वारा आयोजित त्रिवेणी संगम में होने वाली पवित्र गंगा जी की आरती में सहभाग किया, जहां गंगा, यमुन और अदृश्य सरस्वती जी के संगम पर पवित्र संगीत और विश्व शान्ति यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर अद्भुत अनुभव प्राप्त किया।

छात्रों को पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूज्य स्वामी जी ने छात्रों को पर्यावरण समर्पित और पारिस्थितिकी जिम्मेदारी से युक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित किया।

उनकी यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा परमार्थ निकेतन शिविर में पर्यावरणीय रूप से जारी सतत पहलों का दर्शन करना भी था। उन्होंने ईको फ्रेंडली और सिंगल यूज फ्री आश्रम के दर्शन किये और इस मॉडल की भूरि-भूरि सराहना की, जो आध्यात्मिक सिद्धांतों से जुडने के साथ पर्यावरणीय चेतना का भी प्रतीक है।

ऑक्सफोर्ड संस्कृत अध्ययन केंद्र का यह भ्रमण महाकुंभ की दिव्यता, भव्यता व नव्यता का प्रतीक है। जो दुनिया भर से लोगों को एकत्र करता है ताकि वे एकता, दिव्यता और सुदृढ़ता के अनुभव को महसूस कर सकें।

परमार्थ निकेतन, भारत की शाश्वत विद्या को पूरे विश्व में साझा करने की प्रतिबद्धता का उन छात्रों को संकल्प कराया।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्र और डेलिगेट्स ने गद्गद होकर अनेक नूतन यादों के साथ यहां से प्रस्थान किया। महाकुम्भ से दिव्यता व भव्यता की यादों को अपने दिलों में संजोंये वे धन्यभाव से विदा हुये।

# मनमानी चल रहे निजी अस्पताल जांच में मरीजों की ढीली हो रही जेब

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** नियम के विरुद्ध चल रहे अस्पतालों को फलता फूलता देख दिन प्रतिदिन निजी अस्पतालों की संख्या बढ़ती जा रही है । साइन बोर्ड में लिखे माहिर विशेषज्ञ चिकित्सकों के नाम बेचे जा रहे हैं । अस्पताल में डाक्टर न होने के बाद प्राथमिक उपचार से लेकर गंभीर बीमारी वाले मरीजों के इलाज करने का दावा किया जा रहा है ।

कस्बा में स्टेट राजमार्ग पर एक तरफ अस्पतालों की जहां भरमार है । वहीं लेड़ियारी से कोरांव भी नए - नए अस्पताल खुल गए हैं । खीरी रोड़ स्थित के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरहिर, इटवा की दो दुकानों में अस्पताल संचालित है । आए दिन चिकित्सक नदारद होता है वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खीरी, लेड़ियारी का भी हाल बेहाल है । यहां कई वर्षो से डाक्टर की तैनाती ही नहीं है । फर्माशिष्ट शिव सिंह और वार्डब्याय प्रदीप कुमार पांडेय के सहारे अस्पताल चल रहा है । इतनी बड़ी आबादी के बीच मरीजों की एक भारी संख्या कस्बा के निजी अस्पतालों के भरोसे है । नियम के विरुद्ध संचालित हो रहे निजी अस्पताल मनमानी पर आमदा है । कुछ अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश अस्पतालों में डांक्टर तक उपस्थित नहीं होते । लेकिन बेड पर इलाज के लिए मरीजों को लिटा दिया गया है । अधिकांश अस्पतालों में मेडिकल स्टोर और पैथोलाजी संचालित हो रहे हैं । जेनेरिक दवाएं देकर तीमारदारों से मोटी रकम खींची जा रही है । साइन बोर्ड और लेटर पैड पर जिला के प्रसिद्ध चिकित्सकों का नाम लिख कर उन्हें अस्पताल बुलाकर मरीजों का इलाज कराने का झांसा भी खूब कामयाब है । चिकित्सा के नाम पर खीरी, लेड़ियारी, रतेवरा, बड़ोखर में चल रहे इस खेल से स्वास्थ्य विभाग बिल्कुल भी अनजान बना हुआ है ।

## किन्नरों का गिरोह ने किया हंगामा पैसा जंजीर लेकर फरार

**फाफामऊ।** मंगलवार को फाफामऊ चौराहे पर किन्नरों ने नग्न होकर किया हंगामा जिससे जाम की स्थिति बनी रही।किन्नरों के आतंक व मोटी रकम की वसूली से लोग परेशान हो गये है।मंगलवार को फाफामऊ चौराहे के संगीता केशरवानी अपने परिवार के साथ घर के ऊपरी तल पर बैठी थी कि अचानक कथित किन्नरों का गिरोह के के अन्दर घुसकर नेग की मांग कि तब संगीता ने कहा की पुत्री की शादी की है।इसमे नेग नहीं बनता फिर भी आपलोग इक्कान सौ ले लीजिए इतने मे सभी किन्नर भडक गये। गालियां देते हुए संगीता से 51सौ रुपये और गले मे पहनी सोने की जंजीर छीनकर बाहर आकर सभी किन्नर पूर्णतया नग्नावस्था मे हंगामा करने लगे और 51 हजार की मांग करने लगे सरेआम मार्यादा भंग होते देख स्थानीय लोग विरोध किया।तब जाकर पैसा व जंजीर लेकर फरार हो गये।जिसकी तहरीर संगीता ने फाफामऊ थाने मे दी है।19 जनवरी को संगीता ने पुत्री का विवाह किया

# प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**फाफामऊ।** 101 आर.ए.एफ. में प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के दिशा-निर्देश में किया गया।जैसा कि विदित है कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू किया गया है। आयुष मंत्रालय, द्वारा प्रायोजित लाल बहादुर शास्त्री स्मारक राजकीय आयुर्वेदिक कालेज × हॉस्पिटल, हंडिया के डॉ. शैलेन्द्र सिंह रीडर रोग निदान, डॉ. रितुराज त्रिपाठी, डॉ. आर के दुबे एवं उनकी टीम के सहयोग से वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों तथा महिला कार्मिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। कमाण्डेंट-101 आर ए एफ ने डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही



वाहिनी के सभी कार्मिकों को प्रकृति परीक्षण करनें के लिए प्रेरित किया। स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण हेतु एक कदम बढ़ाए और आज ही अपना प्रकृति परीक्षण करायें। 101 वाहिनी के लगभग 538 कार्मिक एवं 40 महिला कार्मिकों ने अपना प्रकृति परीक्षण कराया।

उक्त अवसर पर, हरिओम सागर, द्वितीय कमान अधिकरी, अशोक कुमार, मुख्य चि0 कि0अधिकारी, (एस एम ओ), यज्ञ कुमार सिंह (उप0कमा0), टी एन सिंह (उप0 कमा0) अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

# बेसहारा गौवंश की दुर्दशा सड़कों पर हो रही मौत नोच रहे कुत्ते

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार भले ही बेसहारा गोवंशों के देखरेख के लिए प्रत्येक गांवों में लाखों रुपए खर्च कर उन्हें चारा पानी का समुचित व्यवस्था कर रही है। लेकिन हकीकत और देखा जा सकता है। इन दिनों सड़कों पर जमावड़ा लगा रहता है। जैसे ही छुट्टा मवेशी वाहनों के टक्कर लगने व अकेला होने पर कुत्ते उन्हें नोचकर उनको मौत को घाट उतार दिया करते हैं।

बता दें कि नारीबारी से कोरांव स्टेट राजमार्ग पर काफी संख्या में बेसहारा गोवंशों का सड़कों पर जमावड़ा लगा रहता है। वहीं रात में तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के चपेट में आने से उनकी मौत हो जाती है। वहीं हफ्तों भर उस स्थान पर दुर्गंध भरा रहता है। जबकि राहगीरों ने अपना मुंह ढक कर चले जाते हैं। लेकिन जिस मजरे व मुहल्ले में बेसहारा गोवंश की मौत होने पर खाना पीना हराम हो जाता है। जबकि इसकी सूचना शासन प्रशासन को दी जाती है।

लेकिन इस ओर कोई देखने तक नहीं आते हैं। फिलहाल जिस स्थान पर उनकी मौत हो जाती है। तो उस मजरे के लोग चंदा लगाकर उसे गांव से दूर कर दिया जाता है। लोगों ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत में गोवंश आश्रम खोला गया है। लेकिन डीही न्याय पंचायत में एक भी गोवंश आश्रम नहीं है। जिससे लेड़ियारी, बहरैचा, कैथवल, डीही खुर्द, देईबाध तक प्रति दिन जानवरों की मौत हो रही है।

# पाइप क्षतिग्रस्त, कभी भी लोग हो सकते हैं हादसे का शिकार

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** स्टेट राजमार्ग से डिनर बस्ती रोड़ पर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल के पास लगाई गई जलनिकासी के लिए पाइप लाइन बड़े वाहनों के चलने के कारण टूट गई है। जिससे छात्रों को आवागमन में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

कैथवल से लेड़ियारी डिनर बस्ती होते हुए तेलियान, देवरी, बरहा, कदौली, होते हुए खिवली,भोगन , बड़ोखर को जाने के लिए सुगम मार्ग है। इस रोड़ पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नौनिहाल शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुज़रते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश राय ने बताया कि दो दशक पूर्व डा, मुरली मनोहर जोशी के कार्यकाल में सड़क निर्माण कार्य किया गया था। इसके बाद आज तक मरम्मतीकरण नहीं हुआ। जिससे बरसात में जगह - जगह गड्ढे में तब्दील हो चला है। पाइप टूट जाने पर बच्चों का पैर



फिसल जाता है। जिससे उनके स्वजनों को अस्पताल जाना पड़ता है। जबकि इस संबंध में लोगों ने कई बार विधायक , सांसद एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रार्थना पत्र सौंपकर टूटी पाइप को ऊंचा करकर बनवाने की मांग की है। इस ओर किसी भी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आज तक नहीं गया। जिससे भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि सड़क की खराब हालत होने होने में यहां के जनप्रतिनिधियों , सांसद, विधायक लोगों का इस ओर ध्यान न देने के कारण इस सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों के साथ कभी भी गंभीर बड़ा हादसा हो सकता है ।

ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मांग की है कि शिशु मंदिर के पास टूटी पाइप ऊंचा बनाकर जनता की समस्या को दूर कराया जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके ।


# किसी धमकी से धर्म मार्ग नहीं छोड़ते साधु संत -डॉ सुमनानन्द गीरि

**➩धर्माचार्यों का जीवन लोक कल्याण के लिए है समर्पित ➩अरैल घाट पर 25 से शुरू होगा विश्व कल्याण के लिए यज्ञ**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** विश्व कल्याण का संकल्प लेकर संगम के अरैल घाट पर अपने शिविर में पहुँचे मौन तीर्थ पीठाधीश्वर स्वामी डॉ सुमनानन्द गिरि महराज ने कहा कि कुम्भनगर में आग लगना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस रेती पर देवताओं का आदर पूर्वक आह्वाहन हुआ हैं वहाँ अग्निदेव का क्रोधित होना चिंताजनक है। संतों के साथ व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को इस पर पैनी नजर रखनी होगी।

स्वामी डॉ सुमनानन्द गीरि का पूर्ण महाकुम्भ के अपने शिविर में आ चुके हैं। उंन्होने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज से भेंट कर आध्यात्मिक चर्चा की और महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर व्यवस्था



से जुड़े अधिकारियों को और चौकस रहने की नसीहत दी है। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज का शिविर प्रयागराज के अरैल घाट पर लगा है, जहां शताक्षरी महायज्ञ का आयोजन 25 जनवरी से शुरू हो रहा है। यज्ञ की पूर्णाहुति 7 फरवरी को होगी। पूज्य गुरुदेव उज्जैन से प्रस्थान कर प्रयागराज पहुंच चुके हैं और राष्ट्र हित के विभिन्न मुद्दों पर साधु संतों के साथ समागम कर रहे हैं।महंत रविन्द्र पुरी महराज से भेंट कर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और युवाओं को धर्म और अध्यात्म से जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया।

क ु म्भ आयोजन पर संतुष्टि जाहिर करते हुए महामण्डलेश्वर डॉ गिरि ने कहा कि योगी खुद एक संत हैं और सनातन के लिए वह खुद समर्पित हैं।योगी सत्ता संचालन का दायित्व संभालते हुए उन्होंने विश्व के सबसे बड़े सनातन समागम को लेकर उतने ही गम्भीर हैं।उनका संतत्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। महाकुंभ का आयोजन अत्यंत कठिन और चुनौतियों भरा है किंतु प्रदेश सरकार ने साधु संतों और आम नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। उल्लेखनीय है कि महामंडलेश्वर डॉ. सुमनानंद गिरि को प्रयागराज से किसी व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी देकर सनातन धर्म के प्रचार से विचलित करने की कोशिश की लेकिन वे प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित होने पहुंचे हैं। उंन्होने संदेश दिया है कि साधु संत राष्ट्र के कल्याण के लिए ही समर्पित रहते हैं।

आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी धवल ठाकुर एवं हॉट स्टार वेब सीरीज ठुकरा के मेरा प्यार के मुख्य अभिनेता) बालकानंद गिरि महाराज से उन्होंने मुलाकात कर धार्मिक चर्चा के साथ, धर्म रक्षा का संकल्प लिया।

# शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि गेहूँ की अति विलम्ब से बुवाई हेतु क्षेत्रीय संस्तुत किस्मों यथा एच.डी.-3271, एच.आई. 1621, डब्लू आर.-544, के.-7903 (हलना) एवं के.-9423 (उन्नत हलना) पी.बी.डब्लू.-833 आदि की बुवाई अतिषीघ्र तक कर दें। गेहूँ की फराल में नाइट्रोजन की शेष मात्रा को दो भागों में बाँटकर एक भाग प्रथम सिंचाई के बाद एवं दूसरे भाग को दूरारी सिंचाई के बाद जब खेत में पैर सधने लगे तब टाप ड्रेसिंग करें।

मक्के में फाल आर्मी वर्म के लिये अवस्था अनुकूल है अतः 10 से 20 प्रतिषत क्षति की अवस्था में रसायनिक नियंत्रण प्रभावी होता है। इसके बचाव हेतु क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिषत एस.सी. 0.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी अथवा इमामेक्टिन बेनजोइट 0.4 ग्राम प्रति लीटर पानी अथवा थायोमेथाक्साम 2.6 प्रतिशत लेम्बडासाइहेलोथ्रिन 9.5 प्रतिषत 0.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

आम में यदि षाखाओं में डाईबेक रोग/गोंद निकलने की समस्या हो तो पोधों की जड़ों के पास 200 से 100 ग्राम कापर सल्फेट प्रति वृक्ष की दर से प्रयोग करें तथा थायोफिनट मिथाइल 1 मि.ली. रसायन प्रति ली. पानी में घोलकर पर्णीय छिडकाव करें। केले में माहू की रोकथाम के लिये इमिडाक्लोप्रिड 2 मि.ली. रसायन को प्रति ली. पानी में घोलकर पर्णीय छिड़काव करें।

## रामपुर डांडी गांव की राम कथा में सीता राम विवाह प्रसंग सुन आनंदित हुए श्रोता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।।** विकास खंड के रामपुर डांडी गांव में चल रही पांच दिवसीय संगीतमयी रामकथा के अंतिम दिन व्यास प्रभाकराचार्य महाराज ने सीता-राम विवाह की कथा सुनाई। जिसे सुन का श्रोता आनंद से भर गए। कथा के प्रसंग में उन्होंने बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। जिसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ। क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा ली, कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी देश के राजा और महाराजाओं को निमंत्रण पत्र भेजा। समय पर स्वयंवर की कार्रवाई शुरू हुई और एक-एक कर लोगों ने धनुष उठाने की कोशिश की। लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्रीराम ने धनुष भंग किया। धनुष के टूटने पर सीता ने राम के गले में जयमाल पहनाया। मिथिला में खूशी छा गई और धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। कथा श्रवण में मुख्य रूप से राजू पाण्डेय, राज कुमार, नागेन्द्र, पांडेय, शिव कुमार पांडेय,

# मिशन प्रेरणा से हाईटेक होगे परषदीय स्कूलों के बच्चे-अवधेश मिश्र

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** मिशन प्रेरणा के तहत सभी बिंदुओं को वास्तविकता के धरातल पर यदि ईमानदारी से अमल में लाया जाए तो प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे किसी मयने में भी कान्वेंट स्कूलों के बच्चों से पीछे नहीं रहेंगे । उक्त बातें संविलियन विद्यालय देबीबांध में मंगलवार को आयोजित मासिक बैठक को संबोधित करते हुए अवधेश मिश्र ने कहीं । न्याय पंचायत डीही खुर्द के समस्त प्रधानाध्यापक इन्चार्ज एवं शिक्षक संकुल ने सहभागिता की । बैठक में लालमनि गुप्ता को संकुल नोडल शिक्षक नियुक्त किया गया । मिशन प्रेरणा से जुड़े समस्त बिंदुओं व निर्देशों को विस्तारपूर्वक बताया गया ।



ब्लाक संसाधन केंद्र से प्राप्त प्रेरणा लक्ष्य प्रेरणा सूची एवं प्रेरणा तालिका को कक्षावार चस्पा करें । आधारशिला ध्यानाकर्षक एवं शिक्षक संग्रह माड्यूलों का नियमित अध्ययन करने विद्यालय में पुस्तकालय रीडिंग कार्नर की आकर्षक सुव्यवस्थित एवं सक्रिय बनाने वाटसएप, रेडियों , टेलीविजन, दीक्षा ऐप आदि माध्यमों से ई - पाठशाला का नियमित, क्रियान्वयन करने ई - पाठशाला पेज दो के अंतर्गत अभिभावक की विद्यालय में बुलाकर शिक्षण सामाग्री उपलब्ध कराने प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के माध्य कार्य विभाजन करते हुए शिक्षण कार्य करने, विद्यालय को आकर्षक एवं शिक्षण अधिगम सामाग्री से समृद्ध बनाने जैसे बिंदुओं पर चर्चा भी की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र पांडेय और संचालन संतोष कुमार पाल ने किया। इस दौरान सुधाकर सिंह , राकेश कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद सिंह , संजय कुमार, शिवराम केशरी , संतोष कुमार पाल, कृष्ण कुमार मिश्र , राजेश प्रताप सिंह, राम अचल, अवनीत कुमार तिवारी , सुरेन्द्र पांडेय , गीता सिंह , साधना राय , उर्मिला देवी , सोनावती देवी , आदि मौजूद रहे ।


# आरके कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मोटिवेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन



**नैनी(प्रयागराज)।** आज आरके कॉलेज आफ फार्मेसी परिसर में मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया जिसके वक्ता डॉक्टर सुग्रीव सिंह ( काउंसलर मॉडल करियर सेंटर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी) रहे।

इस सेमिनार का विषय हाउ टू अचीव और गोल इन फ्यूचर सेपिंग टुमारो की क्वालिटी रिसोर्सेस रहा। इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर आशीष त्रिपाठी, डायरेक्टर आर के सी पी डॉक्टर सी एस सिंह वाइस प्रिंसिपल दिलीप सिंह एवं समस्त फार्मेसी शिक्षक गण एवं समस्त छात्र छात्र उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के बारे में अमिताभ कांत की पुस्तक को सराहा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन, 2023 के बारे में पुस्तक लिखने के लिए अमिताभ कांत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के भारत के प्रयासों पर स्पष्ट दृष्टिकोण दिया है।जी-20 के शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' भेंट की। अमिताभ कांत ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी।अमिताभ कांत ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' भेंट करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह उनकी प्रगतिशील दृष्टि, वैश्विक कद और समावेशी नेतृत्व शैली थी जिसने भारत के कूटनीतिक इतिहास के सबसे परिवर्तनकारी अध्यायों में से एक के लिए एजेंडा और दृष्टिकोण दोनों निर्धारित किए। जी-20 इंडिया टीम में उनके स्पष्ट विश्वास ने हमें असंभव प्रतीत होने वाली वार्ताओं के माध्यम से साहसी बनने और जोखिम उठाने में सक्षम बनाया। मैंने उनके जी-20 शेरपा के रूप में उनके विश्वास और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया।प्रधानमंत्री मोदी ने अमिताभ कांत की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ÷भारत की जी-20 अध्यक्षता और 2023 में शिखर सम्मेलन के बारे में लिखने का आपका प्रयास सराहनीय है, जो एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण देता है।उल्लेखनीय है कि जी-20 का 18वां शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन की शानदार सफलता सुनिश्चित करने वाले पर्दे के पीछे के प्रयासों का खुलासा अब शेरपा अमिताभ कांत की नई पुस्तक, %हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20ः द इनसाइड स्टोरी ऑफ द जी20 प्रेसिडेंसी% में किया गया है। कांत ने अपनी पुस्तक के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्राथमिक रणनीतिकार थे। उन्होंने पुस्तक में 9 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई महत्वपूर्ण बातचीत का वर्णन किया है।

# गुवाहाटी में मिला पहला एचएमपीवी पीड़ित मरीज

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का गुवाहाटी में पहल मरीज मिला है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्तीकराया गया है। उसके पति में भी समान लक्षण दिखने के बाद उसका सैंपल भी लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है।बताया गया कि गुवाहाटी के अपोलो अस्पताल में उपचाराधीन एक 75 वर्षीय महिला के एचएमपीवी पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। मरीज के पति को भी बुखार और खांसी की शिकायत है। महिला के 81 वर्षीय पति का भी एचएमपीवी का परीक्षण के लिए सैंपल भेजा गया है और परीक्षण रिपोर्ट का इंतजार है।उल्लेखनीय है कि असम में पहला एचएमपीवी मरीज डिब्रूगढ़ जिले में पहचाना गया था।अब गुवाहाटी में भी एक मरीज में एचएमपीवीकी पुष्टि हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि मेटाप्न्यूमोवायरस को लेकर घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# हमारा संविधान हमारे प्राचीन मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है - राज्यपाल आरिफ मोहम्मद



**पटना, (हि.स.)।**अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के समापन सत्र में मंगलवार को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हमारा संविधान हमारे प्राचीन मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है। पीठासीन पदाधिकारी सम्मेलन में लिए गए फैसले से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।राज्यपाल खान ने कहा कि राजनीति का मतलब त्याग, ज्ञान प्राप्त करना और संस्कारी होना है। सभी को अपने दिल में समाहित करने की क्षमता है। इस मौके पर पीठासीन पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि लोक कल्याण और लोक संग्रह के लिए आपको काम करना है ताकि हर व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके और जो स्वार्थ के लिए काम करते हैं वे अज्ञानी हैं।भारत के संविधान के अंगीकरण की 75वीं वर्षगांठ पर भारतीय विधायी संस्थाओं के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन ने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान के प्रति अपनी संपूर्ण आस्था व्यक्त की तथा संकल्प लिया कि संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप अपने अपने सदनों का कार्य संचालन करेंगे।भारतीय विधायी संस्थाओं के पीठासीन अधिकारियों ने पुनः सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि विधायी संस्थाओं में बाधारहित व्यवस्थित चर्चा एवं परिचर्चा को सुनिश्चित करेंगे, ताकि विधायी एवं नीतिगत मुद्दों पर जनहित में श्रेष्ठ संवाद का वातावरण बन सके।भारतीय विधायी संस्थाओं के पीठासीन अधिकारियों ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर इसके मूल्यों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इसके अंतर्गत पंचायती राज व्यवस्था, शहरी निकायों, सहकारी संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों तक संवैधानिक मूल्यों को योजनाबद्ध तरीके से पहुंचाने का अभियान व कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया, जिससे संवैधानिक मूल्यों की जड़े और गहरी व स्थायी हों और जन सहभागिता पर आधारित यह शासकीय व्यवस्था देश में और सुदृढ़ व मजबूत बने।दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में देशभर से 23 विधानमंडलों के 41 पीठासीन अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन का एजेंडा था %संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को सशक्त करने में संसद और राज्य विधायी निकायों का योगदान%।सम्मेलन के समापन सत्र में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# देश की आजादी से लेकर अब तक की डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित होगा -ओम बिरला



**पटना,(हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में कहा कि देश की आजादी से लेकर अब तक की डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित होगा। साथ ही 22 भारतीय भाषाओं में इसका अनुवाद भी होगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) की मदद से साल 1947 से लोकर अबतक के डिबेट का संकलन हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित करेंगे।

भविष्य में उनका 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी बढ़ाकर विधायी संस्थाओं को मजबूत और प्रभावी बनाना है।ओम बिरला ने कहा कि सम्मेलन में लिए गए निर्णय और संकल्प देश के लोकतंत्र को सशक्त करेंगे। साथ ही जनता के प्रति और जिम्मेदार बनाएंगे। इसी से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों को विधायी निकायों की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए।

यह तभी संभव होगा जब राजनीतिक दलों के पास अपने सांसदों के लिए आचार संहिता होगी।सम्मेलन के समापन सत्र में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाएगा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस योजना के दस साल पूरे होने के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 22 जनवरी से शुरू हो कर 8 मार्च तक चलेंगे। यानी इस जश्न का समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी।इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी भी विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगी।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता और जिले के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट बाल कोष (यूनीसेफ), संयुक्त राष्ट महिला संगठन, संयुक्त राष्ट विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जीआईजेड) जैसे अंतर्राष्टीय संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का भी शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्प की गतिविधियां शामिल हैं। महिला सशक्तीकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे, जिसमें स्कूली छात्राएं, सफल महिलाएं और सामुदायिक समूह सहित विविध हितधारकों को शामिल किया जाएगा।पूरे उत्सव के दौरान प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर में अभियान चलाकर योजना के संदेश को प्रचारित किया जाएगा। इसमें वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत में भारत में लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात की चिंताजनक स्थितियों के जवाब में शुरू किया गया था, जो अपने नीतिगत पहल से राष्ट्रीय आंदोलन में बदल गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने और बालिकाओं के महत्व को समझने तथा उनके अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में सांस्कृतिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, सिविल सोसायटी, मीडिया और जनता को संगठित किया है। इसकी प्रमुख उपलब्धियों में जन्म के समय राष्टीय लिंग अनुपात, जो 2014-15 में 918 था, वह 2023-24 में सुधर कर 930 हो गया। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51 प्रतिशत था, जो 2023-24 में सुधर कर 78 प्रतिशत हो गया। संस्थागत प्रसव 61 से बढ़कर 97.3 प्रतिशत तक पहुंचा और पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61 से बढ़कर 80.5 प्रतिशत तक पहुंचा, जो उल्लेखनीय सुधार में शामिल है।पिछले कुछ वर्षों में बीबीबीपी ने महिला सशक्तीकरण को प्रदर्शित करने वाले यशस्विनी बाइक अभियान, कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव , जिसके तहत स्कूल न जाने वाली 100,000 से अधिक लड़कियों का फिर से नामांकन हुआ।

# राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से आम जनता के लिए खुलेगा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्टपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 30 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच उद्यान में जा सकेंगे। सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सोमवार को उद्यान रखरखाव के लिए बंद रहेगा।राष्टपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, उद्यान 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान, 20 एवं 21 फरवरी को राष्टपति भवन में आगंतुकों के सम्मेलन तथा 14 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा।सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्टपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। यह गेट नॉर्थ एवेन्यू से राष्टपति भवन के नजदीक है। आगंतुकों की सुविधा के लिए, केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 से शाम 6 बजे के बीच हर 30 मिनट में उपलब्ध होगी। अमृत उद्यान चार दिन विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। इसमें 26 मार्च को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, 27 मार्च को रक्षा, अर्धसैनिक एवं पुलिस बलों के कर्मियों, 28 मार्च को महिलाओं और आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 29 मार्च को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित है।गार्डन में बुकिंग और प्रवेश निःशुल्क है। ऑनलाइन बुकिंग राष्टपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है। वॉक-इन आगंतुकों को राष्टपति भवन के गेट के पास सुविधा काउंटर या स्वयं सेवा कियोस्क पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

# पूर्व मंत्री कवासी लखमा को ईडी की स्पेशल कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड में भेजा



**रायपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आज ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया।

जहां से कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। अब लखमा को 5 फरवरी को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा।ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेशी होने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि मैं पूरी तरह निर्दोष हूं। मुझे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई जल्द ही सामने आएगी। लखमा को ईडी ने 15 जनवरी 2025 को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले 28 दिसंबर 2024 को ईडी ने लखमा और उनके बेटे और करीबियों के घरों पर छापेमारी की थी।ईडी के छापे के बाद कवासी लखमा ने कहा था कि घोटाला हुआ है या फिर नहीं, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मैं अनपढ़ आदमी हूं, अधिकारी मुझे जहां साइन करने को कहते थे, मैं कर देता था। 3 और 9 जनवरी को भी लखमा से पूछताछ की गई थी।

21 जनवरी तक उन्हें रिमांड पर भेजा गया था और आज रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था।पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के घर पर छापामार कार्रवाई के बाद ईडी ने 2 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए लिखा था कि छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत रायपुर, धमतरी और सुकमा जिलों में स्थित 7 जगह तलाशी अभियान चलाया गया।ईडी का दावा है कि कवासी लखमा द्वारा नकद में (पीओसी) प्रोसीड ऑफ क्राइम यानी की अपराध से अर्जित आय के उपयोग से जुड़े सबूत मिले हैं । इसके अलावा, तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गई, जिनके बारे में माना जाता है कि उनमें आपत्तिजनक रिकॉर्ड हैं।उल्लेखनीय है कि शराब घोटाले की जांच में ईडी ने अब तक कई खुलासे किए हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर पैसों के लेन-देन और अनियमितताओं की बात सामने आई है। लखमा की गिरफ्तारी से इस मामले ने और तूल पकड़ लिया है।

इस मामले में तत्कालीन कांग्रेस सरकार में राज्य विपणन निगम लिमिटेड (सीएसएमसीएल) में एमडी अरुणपति त्रिपाठी, बिजनेसमैन अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# फीस न भरने पर स्कूल में प्रताड़ित 8वीं की छात्रा ने की आत्महत्या



**सूरत/अहमदाबाद, (हि.स.)।** सूरत शहर के सचिन इलाके के निवासी व गोडादरा स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में 8वीं कक्षा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि फीस जमा न करने पर स्कूल में छात्रा को परीक्षा नहीं बैठने दिया गया औरउसे कक्षा के बाहर खड़े होने की सजा दी गई थी। जिससे छात्रा ने यह कदम उठाया है। छात्रा के माता-पिता के गंभीर आरोप पर शिक्षा विभाग और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले और सूरत के गोडादरा क्षेत्र में स्थित प्रियंका नगर सोसायटी में राजूभाई खटीक अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा हैं और वे राजूभाई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। राजू की सबसे बड़ी बेटी भावना गोडादरा क्षेत्र के आदर्श पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ रही है। सोमवार को जब उसके माता-पिता काम पर गए हुए थे, तब उसने अपने घर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह परिजनों में हड़कंप मच गया।मृतक छात्रा के पिता राजू खटीक ने बताया कि जब उत्तरायण से पहले मेरी बेटी की परीक्षा थी। स्कूल ने उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी। स्कूल में उसे कक्षा के बाहर खड़ा रखा जाता था। घर आते ही वह रोने लगती थी। जब मैंने फोन किया तो उन्होंने बताया कि आपको अभी फीस देनी होगी। मैंने अगले महीने फीस देने को कहा, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद बेटी ने स्कूल जाने से इनकार कर दिया और बाद में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

# अभिनेता सैफ अली खान पर हमले में निकला बंगाल कनेक्शन, मुंबई पुलिस का खुलासा



**कोलकाता,(हि.स.) ।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले का बंगाल कनेक्शन सामने आया है। मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि आरोपित शरीफुल इस्लाम शहजाद बांग्लादेशी नागरिक है। उसने भारत में प्रवेश करने के बाद पश्चिम बंगाल में कुछ समय बिताया और वहीं से आधार कार्ड बनवाने की कोशिश की।पुलिस के अनुसार, करीब सात महीने पहले शरीफुल ने मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित डाउकी नदी पार कर अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल आया, जहां उसने कई जिलों में काम की तलाश की। भारतीय दस्तावेज बनाने की कोशिश की।

जांच अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में रहने के दौरान शरीफुल ने एक स्थानीय महिला के नाम पर एक भारतीय सिम कार्ड हासिल किया।

इसी सिम का इस्तेमाल उसने बाद में मुंबई में रहते हुए अपने परिजनों से संपर्क करने के लिए किया। मुंबई पुलिस ने पश्चिम बंगाल पुलिस से यह जानकारी साझा कर संबंधित महिला की तलाश करने का अनुरोध किया है।पुलिस के अनुसार, मुंबई पहुंचने पर शरीफुल ने वहां काम की तलाश शुरू की। उसने ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी, जहां नागरिकता के प्रमाण की आवश्यकता न हो। इस दौरान वह मुंबई में ठेकेदार अमित पांडे के संपर्क में आया। पांडे ने उसे कई जगह काम दिलाने में मदद की।

पुलिस का कहना है कि सैफ अली खान के घर में घुसने से पहले शरीफुल को बांद्रा के एक अन्य अभिनेता के बंगले के पास घूमते हुए देखा गया था।पुलिस की पूछताछ में शरीफुल ने कहा कि उसने परिवार से संपर्क किया। उसने अपने भाई से बात की। भाई बांग्लादेश में रहता है। शरीफुल ने बांग्लादेश में 12वीं तक पढ़ाई की है और उसके दो भाई हैं। मुंबई पुलिस की एक टीम पश्चिम बंगाल आकर मामले की जांच करेगी।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को मिली सफलता नक्सलवाद को एक और करारा झटका - अमित शाह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मुठभेड़ में 14 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका।

हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है।

गृहमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷नक्सलवाद को एक और करारा झटका।

नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में हमारे सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को ढेर कर दिया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से आज नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है।एक अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में अब तक 14 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है।

इनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपति भी मारा गया है। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियार भी बरामद किए गए हैं, जिनमें एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार शामिल हैं। नक्सल विरोधी इस सर्च ऑपरेशन में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30, कोबरा 207, सीआरपीएफ की 65 और 211 बटालियन, और एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त टीम शामिल है।

# भूकंप से हिला ताइवान, भारत के लेह में भी लगे झटके



**ताइपे, (हि.स.)।** दक्षिणी ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से लोग दहल गए। ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दक्षिणी ताइवान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 दर्ज की गई। इससे तमाम घर और सड़कें ढह गईं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

ताइपे टाइम्स की खबर में स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि कुल 26 लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्हें सुबह अस्पतालों में भेजा गया है। भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी के दापू टाउनशिप के सिसिंग गांव में था। सिसिंग गांव में भारी क्षति हुई है। गांव में प्रवेश करने वाली सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने कहा कि आठ लोग ताइनान और चियाई शहर की इमारतों के अंदर फंसे हुए थे। उन्हें बचा लिया गया है। ताइनान फायर ब्यूरो ने कहा कि नानसी जिले में एक मंजिला तमाम घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान बचाए गए 11 निवासियों में से चार लोग घायल हो गए।सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा, भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी हॉल से 37.9 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में 9.7 किमी की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता चियाई काउंटी में सबसे अधिक रही। पड़ोसी ताइनान के साथ काऊशुंग में भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई। ताइनान के मेयर हुआंग वेई-चे ने क्षेत्र का दौराकर हालात का जायजा लिया। भूकंप के कारण आज स्कूलों में छुट्टी रद्द कर दी गई।ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ने भूकंप के बाद मध्य और दक्षिणी ताइवान में कई कारखानों से अपने कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया। दक्षिणी ताइवान साइंस पार्क ब्यूरो ने कहा कि भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर पार्क में उद्योगों को बंद कर दिया गया।एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, रात 12ः17 बजे आए इस भूकंप से ताइवान में ऊंची इमारतें हिलने लगीं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने इस भूकंप की पुष्टि की है। इस भूकंप के झटके लद्दाख के लेह इलाके में भी महसूस किए गए। ताइवान में सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। सरकार ने लोगों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी दी है। भूकंप से ताइवान के स्टेट हाइवे पर बना झूवेई पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राजधानी ताइपे में भी झटके महसूस किए गए।भारत में मंगलवार आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र लेह से करीब 15 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था। यहां से किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। रात को आए भूकंप के बाद सुबह 11 बजे तक कई छोटे झटके महसूस किए गए।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

- अरैल के त्रिवेणी संकुल में बुधवार को आयोजित होगी बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था। महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे।

यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।


# वन नेशन वन इलेक्शन देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा: रामनाथ कोविंद

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं डॉ. कुमार विश्वास ने संगम में लगाई डुबकी
- औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत और लोक आस्था के महापर्व एवं धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृतियों के महासमागम महाकुम्भ में सम्मिलित होते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द एवं प्रख्यात कवि युग वक्ता एवं अपने-अपने राम के जरिये प्रभु श्री राम की कथा का वैज्ञानिक एवं तार्किक विश्लेषण करने वाले डॉ. कुमार विश्वास ने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई।

मंत्री नन्दी ने संगम घाट पर भारत गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। वहीं डॉ. कुमार विश्वास ने मां गंगा का जयकारा लगाते हुए एवं श्री राम धुन गुनगुनाते हुए स्नान किया।मंत्री नन्दी ने मंगलवार को दिन में संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत एवं अभिन्दन किया। वीआईपी घाट पर पर पूर्व राष्ट्रपति ने पत्नी एवं पुत्री के साथ संगम की पवित्र जलधारा में डुबकी लगाई। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति का हाथ पकड़ कर स्नान में उनका सहयोग किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने प्रयागराज में आयोजित नव्य, भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ के आयोजन एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। पूर्व राष्ट्रपति ने स्नान के बाद मंत्रोच्चारण के बीच सपरिवार मां गंगा, यमुना एवं अदृष्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की।पत्रकारों से बातचीत करते हुए एवं उनके सवालों का जवाब देते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा। इससे देश के जीडीपी इकोनॉमी कंडीशन में काफी सुधार होगा। स्नान एवं पूजा के बाद पूर्व राष्ट्रपति मेला क्षेत्र के सेक्टर 24 स्थापित नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे जहां उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया।



प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। डॉ. कुमार विश्वास भी नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे।प्रख्यात कवि एवं राम कथा मर्मज्ञ डॉ. कुमार विश्वास का भी मंत्री नन्दी ने संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मां गंगा की महिमा का गुणगान करते हुए डॉ. कुमार विश्वास ने मंत्री नन्दी के साथ पवित्र जलधारा में डुबकी लगाई।

# महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में नही रखनी कोई कोर-कसर: शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत प्रयागराज शहर सहित कुंभ मेला क्षेत्र में 28, 29 एवं 30 जनवरी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। मौनी अमावस्या के दिन 08 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाने की संभावना है। इस दृष्टि से अभी से सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पूरी तरह से सतर्क रहें।महाकुंभ मेले के प्रबंधन हेतु ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तीन दिन से मेला क्षेत्र में डटे हैं। मेला प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्होंने कहा कि महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं रखनी है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय और तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाय। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रही भीड़ के दृष्टिगत खघसकर मौनी अमावस्या में महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर युद्ध स्तर पर सक्रिय दिखे। उन्होंने सोमवार को शाम मेला प्राधिकरण कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिया।उन्होंने मेला में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क,परिवहन,व रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिया। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी यात्रियों को रोडवेज बस और ट्रेनों के विषय में टोल फ्री नंबर के माध्यम से जानकारी दिया जाये। और मेला क्षेत्र में हेल्पलाइन नंबर की जानकारी बैनर पोस्टर और अन्य माध्यम से प्रचारित किया जाये। भीड़ को सूचना देने और नियंत्रित करने में चूक न हो। श्रद्धालुओं के लिए कुंभ क्षेत्र में प्रवेश और निकास और अन्य सुविधाओं को दर्शाने वाले बोर्ड की भी समुचित व्यवस्था हो।

# भाजपा सरकार में निर्दोषों को प्रताड़ित कर रही है पुलिस

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस अपराधियों के खिलाफकार्रवाई के बजाय निर्दोषों को प्रताड़ित कर उनकी जान ले रही है। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कि भाजपा सरकार में लोग सुरक्षित नहीं है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

हत्या, लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। अपराधी दिन दहाड़े हत्याएं कर रहे है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं है।

सोमवार को सपा नेता इशरत अली की दिन दहाड़े बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। कासगंज में रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र प्रसाद कश्यप की हत्या हो गयी। गाजियाबाद में बदमाशों ने रूपये से भरा बैग लूट लिया। पूरे-प्रदेश में हर दिन अपराध की सैकड़ों घटनाएं हो रही है।

उन्होने कहा कि सरकार का कानून-व्यवस्था और पुलिस का अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। भाजपा सरकार में पुलिस से जनता का भरोसा उठ गया है। इस सरकार में पुलिस मदद के बजाय लूट रही है। कानपुर में डायल 112 पर मदद के लिए फोन मिलाने पर पहुंचे पुलिस वालों ने पीड़ित की ही पिटाई कर पैसे छीन लिए। इसी तरह से पुलिस में हिरासत में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा सरकार में पुलिस रक्षक की जगह भक्षक बन गई है। अन्याय करने वाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है। जनता भाजपा के अन्याय, उत्पीड़न को देख रही है।

# आरजी कर मामला एक दुर्लभ अपराध, दोषी को उम्रकैद नहीं, मौत की सजा देनी चाहिए: प्रमोद तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं राज्यसभा के उपनेता प्रमोद तिवारी मंगलवार को एक न्यूज एजेंसी से खास बात की। इस दौरान उन्होंने कोलकाता के आरजीकर मामले में मुख्य आरोपी संजय राय को हुए उम्रकैद पर निराशा व्यक्त की और मौत की सजा देने की बात कही। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने न्यूज एजेंसी से कहा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद पता चला कि एक बेटी जो डॉक्टर के रूप में अनंत संभावना ली हुई थी, उसको वासना और बर्बरता के भेंट चढ़ना पड़ा, सिर्फ एक सिरफिरे इंसान के कारण।

कोई अगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट देख ले तो पता चलेगा कि लड़की के साथ कितनी निर्ममता और क्रूरता हुई। ऐसे में उसके साथ न्याय नहीं हुआ। दोषी को मौत की सजा होनी चाहिए थी, जो नहीं हुई है। सरकार को हाईकोर्ट में जाकर अपील करनी चाहिए और मौत के सजा की मांग करनी चाहिए। यह दुर्लभ अपराध में से एक है। उत्तराखंड कैबिनेट द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को पास करने और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूरे उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने को लेकर प्रमोद तिवारी ने कहा, सालों से ऐसा सुन रहे हैं। हर चुनाव से पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ऐसा बोलते हैं। अब दिल्ली चुनाव से पहले भी उन्होंने ऐसा बोला है। हम इस पर तभी प्रतिक्रिया देंगे, जब उसका प्रारूप और ड्राफ्ट प्रस्ताव के रूप में हमारे सामने आएगा। दिल्ली चुनाव में अवैध रोहिंग्या घुसपैठिए के मामले के तूल पकड़ने और उपराज्यपाल द्वारा पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस पर कार्रवाई करने को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा, ष10 साल से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है। एक केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण दिल्ली की कानून व्यवस्था उपराज्यपाल के हाथों में है। लेकिन अब तक उन्होंने कुछ नहीं किया और जब चुनाव आ गया है, तो एलजी पत्र लिख रहे हैं। दिल्ली का कानून व्यवस्था केंद्र की भाजपा सरकार के हाथ में है। उन्होंने अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की।

# होमगार्ड मंत्री ने लगभग 63 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के होमगाड्‌र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने आज विभिन्न आवासीय प्रशिक्षण कार्यालय एवं प्रशासनिक भवनों का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर पर कार्य करने वाले तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कोई विभागीय आवासीय भवन नहीं था। कर्मचारियों की आवश्यकताओं को देखते हुए जी11 टाइप-ए टाइप-बी के 24 नग बहुमंजिला भवन के निर्माण हेतु आज शिलान्यास किया जा रहा है। इससे उनके रहने की व्यवस्था अच्छे से हो जायेगी और उन्हें काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही जनपद कौशाम्बी, महराजगंज में जिला कार्यालय, जनपद बांदा, शामली, वाराणसी मे जिला व मण्डल कार्यालय, जनपद गोरखपुर में मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में बनने वाले भवनों का भी आज शिलान्यास किया। बनने वाली उक्त भवनों के निर्माण में लगभग 63.84 करोड़ रूपये की लागत का अनुमान है। गोरखपुर में बनने वाले प्रशिक्षण भवन के निर्माण से होमगाड्‌र्स जवानों के टेनिंग में सुविधा होगी और विभाग को कुशल जवानो की आवश्यकता पूरी होगी। प्रमुख सचिव होमगाड्‌र्स राजेश कुमार सिंह ने कहा विभाग में सभी जरूरी कार्य प्राथमिकता के आधार पर समय पूर्ण किये जायेगे। आने वाली समस्याओं व बाधाओं का तत्काल निराकरण कराते हुए कार्य तेजी से कराये जायेगे। इस अवसर पर डीजी होमगाड्‌र्स विजय कुमार मौर्य, आईजी धर्मवीर, विवेक कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।




# लखनऊ के इमामबाड़े और अयोध्या में बहू-बेगम का मकबरा सरकारी जमीन पर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में आज वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी की बैठक हुई। यूपी सरकार की तरफ से कृषि उत्पादन आयुक्त और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एसीएस मोनिका गर्ग ने सरकार और अपने विभाग का पक्ष रखा। सूत्रों की मानें तो बैठक में जेपीसी के सामने मोनिका ने कहा कि यूपी में वक्फकी 14 हजार हेक्टेयर जमीन है।इसमें से 11 हजार हेक्टेयर यानि करीब 78 प्रतिशत सरकारी जमीन है। लखनऊ का बड़ा और छोटा इमामबाड़ा और अयोध्या में स्थित बहू-बेगम का मकबरा भी सरकार का है। शिया वक्फ बोर्ड ने इसका विरोध किया और बैठक में मौजूद कई सदस्यों ने इसका विरोध किया।वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसदीय समिति 24 और 25 जनवरी को प्रस्तावित कानून पर खंड-दर-खंड विचार करेगी।यह रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया है।समिति की रिपोर्ट संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किए जाने की उम्मीद है।भारतीय जनता पार्टी सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति ने देश भर के हितधारकों के साथ अपनी परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले समिति के सदस्यों की राय लेने की दिशा की तरफ बढ़ रही है।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समिति को आगामी बजट सत्र के आखिरी दिन तक कार्यकाल विस्तार दिया था। बजट सत्र 31 जनवरी से चार अप्रैल तक चलेगा। सदस्य अब मसौदा कानून में अपने संशोधनों का प्रस्ताव कर सकते हैं और उन पर मतदान किया जाएगा।विपक्षी सांसद, जो विधेयक का कड़ा विरोध कर रहे हैं, संशोधन का प्रस्ताव दे सकते हैं। इन्हें स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि समिति में बीजेपी और उसके सहयोगी दल बहुमत में हैं।

# बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जारी रहेगी धम्म यात्रा

- बुद्ध सर्किट भ्रमण के लिए आए नौ देशों के बौद्ध भिक्खु
- उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग करा रहा भ्रमण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन के संयुक्त तत्वावधान में नौ देशों के बौद्ध भिक्खुओं का दल राज्य भ्रमण के लिए आया है। बौद्ध भिक्खु 18 से 30 जनवरी तक बुद्ध सर्किट से जुड़े गंतव्यों का दर्शन करेंगे। यह दल 19 जनवरी को लखनऊ पहुंचा। इनके सम्मान में 20 जनवरी की देर शाम शांति उपवन बौद्ध विहार में संगोष्ठी और स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह दल 21 जनवरी को श्रावस्ती के लिए रवाना हुआ, जो कुशीनगर, सारनाथ और कौशांबी में भ्रमण करेगा। इसके बाद सभी भिक्खु श्रावस्ती के लिए रवाना हो गए। यह दल 22-23 जनवरी को श्रावस्ती, 24-26 जनवरी को कुशीनगर, 27-28 जनवरी को सारनाथ और 29-30 जनवरी को कौशाम्बी पहुंचेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन और लाइट ऑफबुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धम्म यात्रा में कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार आदि थेरवादी बौद्ध देशों के वो विशिष्ट भिक्खु सम्मिलित हैं, जो प्रतिदिन कम से कम 30 किलोमीटर चारिका करने के अभ्यस्त हैं। ब्राजील, पुर्तगाल, अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के श्रद्धालु बौद्ध उपासक भी उत्तर प्रदेश के बौद्ध पर्यटन में सम्मिलित हैं। भिक्खुओं का दल प्रत्येक स्थान पर बुद्ध पूजा-पाठ करेंगे। लखनऊ के शान्ति उपवन बुद्ध विहार, आलमबाग में 20 जनवरी को विश्व शान्ति के लिए बुद्ध के वचनों के संग्रह धम्मपद का अखंड पाठ, नृत्य नाटिका, फिल्म प्रदर्शन, संघदान आदि किया गया। इस दौरान अमेरिका से आए डॉ. वांगमो डिक्सी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार बुद्धिस्ट सर्किट का निरंतर विकास कर रही है, जो कि बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए अच्छा प्रयास है।



उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थल जीवंत विरासत के रूप में मौजूद हैं। यह दल पाली, तिब्बती, संस्कृत आदि भाषाओं में उन स्थलों को सक्रिय करेंगे। धम्म यात्रा में लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल की कार्यकारी निदेशक डॉ. वांगमो डिक्सी के साथ बॉलीवुड के सिनेमेटोग्राफर एरिक, ब्राजील से नेल्सन फिल्फो छमा आदि गणमान्य लोग भी चारिका में सम्मिलित हैं। विश्व में भगवान बुद्ध को मानने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या है। इनके लिए प्रदेश में महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल हैं। पर्यटन विभाग इन स्थलों का निरंतर विकास कर रही है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगे भी धम्म यात्रा जारी रहेगी।

# उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र असीम संभावनाओं वाला राज्य: जयवीर

- पर्यटन के प्रति रूचि पैदा करने के लिए विद्यालयों में हो रही प्रतियोगिताएं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर 16 जनवरी से 27 जनवरी तक विद्यालयों में पर्यटन से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और आगरा में प्रतियोगिता आयोजित हो चुकी है। नोएडा में 21 जनवरी, बरेली 22 जनवरी, लखनऊ 23 जनवरी और 27 जनवरी को झांसी के विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 4,000 छात्र-छात्राएं भाग लेंगें। कार्यक्रम में शामिल होने वाले छात्र-छात्रओं को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासत के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जनपदों के विद्यालयों में युवा टूरिज्म क्लब का गठन किया गया हैं। इसमें छात्र-छात्राओं के अलावा दो शिक्षक शामिल किए गए हैं। विभिन्न अवसरों पर क्लबों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र असीम संभावनाओं वाला राज्य है। सरकार इन अवसरों को धरातल पर उतार रही है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए युवाओं का आगे आना आवश्यक है। युवा पर्यटन क्लबों का गठन किया गया है। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है।

# पसमांदा मुस्लिम समाज ने वक्फ संशोधन विधेयक पर जताई गहरी चिंता

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने आज संयुक्त संसदीय समिति के लखनऊ आगमन पर अध्यक्ष जगदंबिका पाल को वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर चिंताओं और सुझावों से संबंधित एक ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड की स्थापना का मूल उद्देश्य पसमांदा तबके के लोगों, यतीम बच्चों, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए किया गया था लेकिन वर्तमान में वक्फ संपत्तियों का उपयोग इन जरूरतमंद वर्गों के हित में नहीं हो रहा है। वक्फ संपत्तियों के मुतवल्ली और प्रबंधक इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद वंचित रह जाते हैं।पसमांदा समाज ने मांग की है कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग पसमांदा समाज, यतीम बच्चों, विधवाओं और गरीबों के हितों के लिए किया जाए।वक्फसंपत्तियों के दुरुपयोग करने वाले मुतवल्लियों और वक्फबोर्डो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाए।

उपयोगकर्ता द्वारा वक्फष् की संपत्ति जैसे प्रावधान से मस्जिदों, कब्रिस्तानों और दरगाहों जैसी ऐतिहासिक संपत्तियों के अस्तित्व पर खतरा पैदा होगा।

वक्फ संपत्तियों की स्थिति तय करने का अधिकार जिला कलेक्टरों को देने से हितों का टकराव बढ़ेगा और अतिक्रमणकारियों को लाभ होगा।वक्फ बोर्डो में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और गैर-मुस्लिमों की भागीदारी के प्रावधान को हटाया जाए, ताकि मुस्लिम समुदाय अपनी धार्मिक और धर्मार्थ संपत्तियों का स्वतंत्र प्रबंधन कर सके।विधेयक में स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया जाए कि वक्फ संपत्तियों का प्राथमिक उपयोग पसमांदा समुदाय और समाज के गरीब वर्गों के लिए किया जाए। वक्फ संपत्तियों का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक कल्याण है।

# सभी धर्मनिरपेक्ष दलों ने अल्पसंख्यकों को निराश किया: रोहित अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित अग्रवाल ने अपने साथियों एन त्यागी व एस गोयल के साथ उपस्थित मोहम्मद आफाक से कहा कि भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और मुसलमानों का एक वर्ग तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है।

बदलते भारत में अपनी जगह बना रही है। सरकार ष्सबका साथ सबका विकासष् के नारे के साथ काम कर रही है, लेकिन साथ ही मुसलमानों में सरकारों के प्रति अविश्वास की भावना भी है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को सरकारों की ओर से वैध अधिकार नहीं दिए गए। ऐसी अपेक्षाएं थीं जो कभी पूरी नहीं हुई, जिसके परिणामस्वरूप अविश्वास बढ़ा है। देश की सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों ने वोट बैंकिंग के लिए मुसलमानों का इस्तेमाल किया है और मुसलमानों को निराश किया है। मेरा मानना है कि मुसलमानों को अब राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करना चाहिए। आंशिक रूप से अपने स्वयं के शैक्षिक पिछड़ेपन और आंशिक रूप से पूर्वाग्रह के कारण, मुसलमानों का सेना, पुलिस और खुफिया एजेंसियों में कम प्रतिनिधित्व है, जिसे वर्तमान सरकार सुधारने का हर संभव प्रयास कर रही है। 15 लाख सैनिकों वाली सेना में मुसलमानों की संख्या मात्र 1.5 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में अविश्वास की समस्या आजादी के बाद से ही रही है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कई खामियां हैं, लेकिन समय के साथ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था परिपक्व हो रही है। अंत मेंमुहम्मद अफाक से फिर कहा कि आज हमारी सरकार बिल्कुल भी विभाजन की राजनीति नहीं कर रही है। चाहे आयुष्मान कार्ड हो, पीएम आवास हो, उज्ज्वल योजना हो, सभी योजनाओं का लाभ हर धर्म के व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

# महाकुंभ बीजेपी का कार्यक्रम: लोकदल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महाकुंभ पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह जनता का पैसा है जिसे सरकार अपने प्रचार प्रसार के लिए सरकार सरकारी खजाने को खाली करके कर रही है। यह उत्सव केवल हिंदू वर्ग के लिए किया जा रहा है जबकि भारत की संस्कृति सभी धर्म को लेकर है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। जबकि सरकार सिर्फ एक धर्म और वोटो को लेकर कर रही है इस प्रकार सरकार को बगैर भेदभाव के सभी धर्म को लेकर कार्य करना चाहिए, ना की विशेष धर्म को लेकर। भारतीय जनता पार्टी इस उत्सव को धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है, जिसका उदाहरण पूर्व में संभल और अजमेर की घटना जनता ने देखा है। श्री सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि इस प्रकार के आयोजनों को पार्टी को अपने फंड के द्वारा खर्च करना चाहिए ना कि सरकारी खजाने से। सिंह ने यह भी कहा है कि भाजपा समर्थित यह कुंभ आयोजन है। भाजपा इसका इस्तेमाल धर्म के नाम पर अपने वोटर के लिए कर रही है, और यह बीजेपी पार्टी द्वारा आयोजन उसके द्वारा करवाया जा रहा है। भाजपा महाकुंभ को अपने वोट के लिए इस्तेमाल कर रही है और मात्र हिन्दुओं में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए आयोजन करके सरकारी खजाने का दुरुपयोग कर रही है। ये एक राजनैतिक उत्सव है इसका आयोजन जनता के बीच बीजेपी का संदेश पहुंचाना न की कुंभ का संदेश है। कुंभ के नाम पर देश और दुनिया भर से लोग यहां डुबकी लगाकर अपने पाप को धोलेंगे, लेकिन क्या किसी को मां गंगा की फिक्र है। पाप धोने के लिए बीजेपी जितनी भी कोशिश कर रही हैं, उतनी कोशिश ईमानदारी से बेरोजगारों को रोजगार देने, महंगाई पर काबू पाने, किसानों के फसलों का वाजिद मूल्य का काम करने में करते तो शायद उन्हें कुंभ में डुबकी लगाने की जरूरत नहीं पड़ती । बीजेपी के द्वारा इस प्रकार के उत्सव को मनाने पर जनता से किसी भी प्रकार का लाभ होने वाला नहीं है यह उनका असफल उत्सव है।



## संक्षिप्त खबरें

### बिना ब्याज के मिलेंगे 5 लाख, डालीगंज मे आज लगेगा कैंप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत लखनऊ के युवा व्यापारियों को मिलेंगे बिना ब्याज के 5 लाख रुपए। कैंप का संयोजन कर रहे लखनऊ युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया है कि विधायक नीरज बोरा जी के मार्ग दर्शन मे कल 22 जनवरी दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक उमराव सिंह धर्मशाला डालीगंज मे कैंप आयोजित किया जायेगा। मनीष गुप्ता ने बताया कि निचले दर्जे के युवा व्यापारियों को अपने व्यापार को मजबूत करने हेतु बिना ब्याज के 5 लाख रुपए मिलेंगे। बड़ी संख्या में संपूर्ण लखनऊ के जरूरतमंद व्यापारी कैंप में आएंगे। लोन संबंधित जानकारी देने के लिए कैंप में अधिकारी उपस्थित रहेंगे इस मौके पर कैंप में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष धनश्याम अग्रवाल गुड्डा, लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक खरे सहित भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ एवं लखनऊ युवा व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मतदाता जागरूकता के लिए वॉकथान कल

**लखनऊ।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉकथान का आयोजन 23 जनवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि 23 जनवरी को वॉकथान में एन एस एस, भारत स्काउट गाइड, एन वाई के, स्पोर्ट्स परसन एवं छात्र-छात्राएं कुल मिलाकर लगभग 1500 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। वॉकथान प्रातः 08 बजे, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने गेट से, हजरतगंज रोड से सहारागंज होते हुए वापस स्टेडियम के गेट नंबर-3 से प्रवेश कर स्टेडियम ग्राउण्ड में समाप्त होगी। राज्य स्तरीय वॉकथान के आयोजन से संबंधित गतिविधियों की तैयारी कर ली गई है। वॉकथान समाप्ति के उपरान्त केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा प्रतिभागियों को मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी।

### झुग्गियों में रहने वाले लोगों का एलडीए ने सर्वे शुरू किया

**लखनऊ।** बटलर पैलेस के पास झुग्गी बना कर रह रहे लोगों का एलडीए ने सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे में मिलने वाले प्रदेश के निवासियों को अन्यंत्र बसाएगा। बांग्लादेशियों और रोहिंग्या मिलने की दशा पर आगे की कार्रवाई के लिए उनकी रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी। बटलर पैलेस के पास नजूल की जमीन पर अवैध रूप से दो सौ से भी अधिक बनी झुग्गियों और टीन शेड वाली दुकानों को हटाने की कवायद एलडीए ने दो बार की। इस दौरान पहली बार में 20 और दूसरी बार में 12 झुग्गियां व टीन शेड की दुकानें हटाईं। वहां रह रहे लोगों के भारी विरोध के बाद अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई एलडीए ने रोक दी। अब झुग्गी में रहने वालों का उसने सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे के आधार पर झुग्गी -झोपड़ी में रहने वाले प्रदेश के निवासियों को पीएम आवास योजना के तहत अन्यंत्र आवास देकर बसाएगा। साल 2022 में एलडीए ने जब यहां बसी झुग्गियों और अवैध दुकानों का सर्वे कराया था तब इनकी संख्या 194 थी। अब यह संख्या काफी बढ़ गई है। आशंका है कि इनमें कई रोहिंग्या और बांग्लादेशी भी झुग्गी बना कर रह रहे हैं। इसी को देखते हुए ही एलडीए अब यहां का सर्वे करवा रहा है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी मिलने पर आगे की कार्रवाई के लिए उनकी सूची पुलिस को सौंपी जाएगी।

### पेट्रोल पंप के पास पंचर की दुकान धधकी,हड़कंप

**लखनऊ।** बाजारखाला के ऐशबाग रोड पर मंगलवार को पेट्रोल पंप के बगल में पंचर की दुकान में आग लग गई। आग देख अफरा-तफरी मच गई। पेट्रोल पंप कर्मियों ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया पर कुछ ही देर में आग विकराल हो गई। मौके पर पहुंची दो दमकल ने एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। इस दौरान आधे घंटे तक पेट्रोल पंप बंद रहा। ट्रांसपोर्टनगर में रह रहे कासिम की बाजारखाला के ऐशबाग रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के बगल में पंचर की दुकान है। पुलिस के मुताबिक कासिम सुबह 10 बजे वह जनरेटर चला कर टंकी में हवा भर रहे थे। इस बीच कंप्रेशर की पाइप में आग लग गई। चीख पुकार सुन पेट्रोल पंप के कर्मचारी दौड़े लेकिन तब तक वहां पड़े पुराने टायर व लकड़ी के ढेर तक पहुंच गई। आग की लपट निकलने लगी। इस बीच वहां रखे एलपीजी के छोटे सिलेंडर को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही की सिलेंडर फटा नहीं। पेट्रोल पंप पर तेल भराने आए लोग अपनी गाड़ियां लेकर भागने लगे। एहतियातन पेट्रोल पंप बंद करवा दिया गया। चौक फायर स्टेशन से मौके पर पहुंची दो दमकल ने एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। स्थिति सामान्य होने पर आधे घंटे बाद पेट्रोल पंप खुला।

### केजीएमयू में कर्मचारी ने डॉक्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप

**लखनऊ।** केजीएमयू क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के कर्मचारी ने डॉक्टर पर अभद्रता का आरोप लगाया है। कर्मचारी ने विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर पूरी घटना से अवगत कराया है। केजीएमयू में शीतकालीन अवकाश चल रहा है। क्रिटिकल केयर विभाग के अध्यक्ष डॉ. अविनाश अग्रवाल भी शीतकालीन अवकाश पर हैं। विभाग के कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नीरज कुमार सिंह का आरोप है कि विभाग के एक डॉक्टर कमरे में आए। विभागाध्यक्ष की उपस्थित संबंधी जानकारी मांगी। यह जानकारी नीरज सिंह ने देने में असमर्थता जाहिर की। इस बात को लेकर दोनों में नोंकझोंक हुई। नीरज का आरोप है कि डॉक्टर ने अभद्रता की। इसी नोंक झोंक में मेज पर रखी भगवान की मूर्ति जमीन पर गिरने से टूट गई। पूरे मामले की कर्मचारी ने विभागाध्यक्ष से शिकायत की है।

### नाली व सड़क बनने से दूर होगी जलनिकासी की समस्या

**लखनऊ।** सरोजनी नगर वार्ड द्वितीय के बदाली खेड़ा कॉलोनी में कुमार ट्रेडर्स से शिवाकांत गुप्ता के घर तक सड़क और नाली का निर्माण कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। इसके निर्माण से कॉलोनी में 15 वर्षों से चली जा रही जल निकासी की समस्या दूर होगी। कार्य का शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने मंडल अध्यक्ष केके.श्रीवास्तव से नारियल तुड़वाकर किया। पार्षद ने बताया कि आठ लाख रुपए की नगर निगम निधि से इस 70 मीटर लंबी और पांच मीटर चौड़ी सड़क और नाली का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कॉलोनी में अब तक नाली न होने से साल भर जलभराव की समस्या बनी रहती है। बदाली खेड़ा कॉलोनी का यह मार्ग हमेशा जलमग्न रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। अब नाली के साथ सड़क निर्माण से यह समस्या नहीं रहेगी। इस मौके पर प्रीतम सिंह, संतोष त्रिपाठी,जयराम यादव, सतीश रावत, उमाशंकर वर्मा, अनिल दुबे, अभय द्विवेदी, शिवपाल वर्मा, अपर्णा दीक्षित आदि रहे।

### पीजीआई निदेशक को सेवा विस्तार मिला तो डॉक्टर आंदोलन करेंगे

**लखनऊ।** पीजीआई में निदेशक और डॉक्टरों के बीच लंबे समय से चल रही भीतरघात सामने आ गई। पीजीआई के डॉक्टरों का फैकल्टी फोरम मंगलवार को खुलकर विरोध पर अड़ गया। फोरम ने साफ कर दिया है कि निदेशक का यदि सेवा विस्तार हुआ तो पुरजोर विरोध होगा। यह भी दावा किया कि वर्तमान निदेशक के कार्यकाल में संस्थान के 24 डॉक्टरों ने पीजीआई छोड़ दिया है। फोरम ने मांग की कि पीजीआई निदेशक के चयन में एक्ट का पूरा पालन किया जाए। फोरम ने राज्यपाल, मुख्य सचिव को भी सारे मामलों को बताते हुए पत्राचार किया है। एसजीपीजीआई फैकल्टी फोरम के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ आर्या और महामंत्री डॉ. पुनीत गोयल ने मंगलवार को संस्थान के टेलीमेडिसिन विभाग में प्रेसवार्ता की। फोरम के द्वय पदाधिकारियों ने बताया कि निदेशक का कार्यकाल सात फरवरी को समाप्त हो रहा है। फोरम ने कहा कि निदेशक के चयन में संस्थान के एक्ट का पूरी तरह पालन किया जाए। संस्थान के एक्ट (1983) के अनुसार निदेशक पद चयन के लिए 65 साल या पांच साल जो भी पहले यह तय किया गया है। निदेशक का कार्य पांच साल को होता है, इसलिए जिसकी उम्र 60 साल या इससे कम उसे ही निदेशक बनाया जाए, जिससे वह पांच साल तक संस्थान की प्रगति और हित के लिए काम कर सके। नियमानुसार 65 साल की आयु के बाद निदेशक संस्थान में सेवा नहीं दे सकते है।

# युवती को मारा चाकू, मौके पर गाड़ी छोड़कर भागा आरोपी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थानाक्षेत्र के शंकरपुर गांव में 22 साल की युवती पर चाकू से सिरफिरे ने हमला कर दिया। घायल की चीख सुनकर जैसे ही भीड़ जमा होने लगी आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया है। उसकी हालत नाजुक है। पुलिस का कहना है कि गाड़ी के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। शंकरपुर मड़ियांव की रहने वाली रूबी घर पर अकेली थी। उनकी मां नसरीन काम करने गई थी। तभी एक अज्ञात युवक घर में घुस गया। घर में रखे चाकू से उस पर हमला कर दिया। उसके गले और चेहरे में चोट लगी है। वह चीखते हुए बाहर निकली तो आरोपी बाइक स्टार्ट कर करने का प्रयास किया लेकिन भाग नहीं सका। इसके बाद वह बाइक छोड़कर ही फरार



हो गया। युवती को आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं है। परिजनों का कहना है युवती कहीं आती जाती नहीं थी। उसका किसी से कोई संपर्क भी नहीं है। युवती को अकेला पाकर आरोपी घर में घुसा था। युवती पांच भाई बहनों में से चौथे नंबर की है। लखनऊ में अकेले मां के साथ रहती है। बाकी भाई बहन सिधौली में रहते हैं। कांस्टेबल कमलेश वर्मा ने बताया घटना की सूचना मिलने के बाद अपने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचा। इसके बाद बिना देर किए युवती को प्राइवेट गाड़ी से लेकर से निकल पड़े। गाड़ी के आगे चल कर रास्ता खुलवाया। एक घंटे के भीतर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। इसके बाद इलाज शुरू हो गया। ऑपरेशन के दौरान ब्लड की जरूरत लगी तो परिवार का कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। इस पर हमने खुद ब्लड देने की बात कही। हालांकि, तब तक अस्पताल ने ब्लड अरेंज करके लगवा दिया था। उनको रिजर्व में रखा है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई इस घटना में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के चौधरी खेड़ा निवासी सूरज के रूप में हुई। वह मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के उदवंत खेड़ा गांव में अपनी दीदी के घर जा रहा था। नरपतगंज के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सूरज उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज एक होटल में काम करता था और अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा दो भाई और चार बहनें हैं। उसके पिता राजगीर मिस्त्री का काम करते हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। इस दुर्घटना से परिवार में मातम छा गया है।

## बाघ ने 15वां शिकार किया, टीम को फिर दे गया चकमा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के रहमानखेड़ा जंगल के पास बाघ ने फिर से पड़वा का शिकार किया है। सोमवार की रात को बाघ ने वन विभाग को फिर से चकमा दे दिया। वह न तो ट्रैपिक केज में फंसा और न ही गड्ढे में उलझा। शिकार के बाद वह फिर से गायब हो गया। फिलहाल, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा और उसके आसपास के 50 गांवों में बाघ की मौजूदगी से डर का माहौल है। पिछले 48 दिनों से बाघ की चहलकदमी ने इलाके में दहशत बना रखी है। वन विभाग की टीम, पुलिस और प्रशासन के 80 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी बाघ को पकड़ने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। बाघ अब तक 15 मवेशियों का शिकार कर चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार, बाघ बीते 6 दिनों से भूखा था, लेकिन सोमवार रात को उसने पड़वा का शिकार कर लिया। ग्रामीण बाघ के डर से खेतों में जाने से कतरा रहे हैं,



जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं। वन विभाग ने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। दुधवा नेशनल पार्क से आई दो हथिनियों सुलोचना और डायना की मदद से कॉम्बिंग की जा रही है। डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव और डीएफओ सितांशु पांडे ने प्रभावित गांवों का दौरा किया है। ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। साथ ही वन विभाग की टीम बाघ के सुरक्षित रेस्क्यू की रणनीति पर काम कर रही है। वन विभाग ने मचान के जरिए निगरानी बढ़ा दी है। रहमानखेड़ा और मीठे नगर क्षेत्र में ट्रैपिंग केज लगाए गए हैं। डीएफओ ने संस्थान और उसके आसपास मिले बाघ के ताजे पग चिह्नों का निरीक्षण किया। टीम को निर्देश दिए हैं कि बाघ को जल्द से जल्द सुरक्षित पकड़ने की कोशिश की जाए।

## बिरयानी खाकर शटरिंग कारीगर की मौत, हत्या की आशंका

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महिंगवा के खंतारी में शटरिंग कारीगर रविवार रात बिरयानी खाकर घर लौटा। कुद देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिवार ने भी पुलिस को सूचना दिए बिना शव गाड़ दिया। मंगलवार सुबह कारीगर का भाई खेत में पहुंचा। जहां भाई की जैकेट पड़ी मिली। भाई ने कारीगर को जहर मिली बिरयानी खिलाए जाने का संदेह जताते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। घर लौट कर बताया बिरयानी खाई है, कुछ देर बाद हुई मौत खंतरी निवासी जितेंद्र के मुताबिक भाई अवधेश (28) शटरिंग कारीगर था। रविवार को वह काम पर गया था। रात में घर लौटने पर बताया कि उसने बेहटा के पास बिरयानी खाई है। उसके बाद से ही तबीयत ठीक नहीं लग गई। घर आने के कुछ देर बाद ही अवधेश की हालत बिगड़ गई। परिवार वाले उसे



इलाज के लिए राम सगर मिश्र अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने अवधेश को बलरामपुर अस्पताल रेफर किया था। जहां इलाज के दौरान शटरिंग कारीगर की मौत हुई। एसओ महिंगवा शिवमंगल सिंह के मुताबिक अवधेश की मौत के बाद परिवार वाले शव लेकर घर आ गए। फिर गांव में ही गड्ढा खोद कर अंतिम संस्कार कर दिया। मंगलवार सुबह भाई जितेंद्र बेहटा स्थित खेत में पहुंचा। जहां अवधेश की जैकेट पड़ी मिली। पास में ही काफी उल्टी भी पड़ी थी। जितेंद्र ने भाई की मौत पर संदेह जातते हुए जांच की मांग की। एसओ महिंगवा ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुला कर जांच कराई गई है। वहीं, शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए उच्च अधिकारियों से स्वीकृति मांगी गई है।

## श्यामलाल को माना जिन्दा, दूसरे के नाम दर्ज वरासत पर रोक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मलिहाबाद के खड़ौंहा के किसान श्यामलाल को तहसील के अधिकारियों ने मंगलवार को जिन्दा मान लिया। श्यामलाल को मृतक दिखाकर उसकी जो भूमि दूसरे के नाम दर्ज की गई थी, उसके दाखिल खारिज पर रोक लगा दी गई है। जमीन अब श्यामलाल के पक्ष में ही रहेगी। इस मामले में एसडीएम की कोर्ट में वाद भी दायर कर दिया गया है। जल्द ही सुनवाई कर विधिक आदेश भी जारी होगा।

मलिहाबाद के खड़ौंहा के किसान श्यामलाल की जमीन मलिहाबाद तहसील के अधिकारियों व लेखपालों ने मिलकर दूसरे के नाम पर दर्ज कर दी थी। श्यामलाल को मृतक दिखा दिया था। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम विशाख जी अय्यर के सामने उपस्थित होकर श्यामलाल ने अपने जिन्दा होने का सबूत पेश किया था। उन्हें अपने जिन्दा होने का कागजी सबूत दिखाया था।



डीएम ने मामले की जांच का आदेश दिया था। श्यामलाल के मुताबिक गांव स्थित खसरा संख्या 2147 की 0.013 हेक्टेयर, 2173 की 0.380 हेक्टेयर, 2126 की 0.367 हेक्टेयर तथा 2122 की 0.023 हेक्टेयर भूमि पर काबिज है। यह जमीन वर्ष 1976 में पिता जयराम पुत्र नन्हें के नाम आवंटित हुई थी। उनकी मृत्यु के बाद भूमि का श्यामलाल और उनकी मां सुखदेई के नाम वरासतन दर्ज हुई थी। वर्ष 2019 में मां सुखदेई की मृत्यु के बाद भूमि उनके यानी श्यामलाल के नाम दर्ज हुई थी। कुछ दिन पहले जब वह केवाईसी कराने के लिए जमीन के कागज निकलवाने गया तब उसे पता चला था कि उसे मृत दिखाकर उक्त नम्बरों पर बांक गांव निवासी राजपति पत्नी श्यामलाल व देवीप्रसाद और राजबहादुर पुत्र गण श्यामलाल रावत के नाम वरासत के रूप में दर्ज कर दिया गया है। डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम व तहसीलदार बीकेटी ने मंगलवार को इसकी जांच करायी। जांच में पता चलाकि वास्तविक श्यामलाल यही है जो डीएम के सामने पेश हुआ था। उसकी मृत्यु नहीं हुई है। सही तथ्य सामने आने के बाद तहसीलदार व एसडीएम ने दूसरे के नाम हुए दाखिल खारिज पर स्टे कर दिया। तहसीलदार मलिहाबाद विकास सिंह ने बताया कि दो लोगों का नाम व पिता का नाम एक होने की वजह से यह दिक्कत आयी। दूसरे व्यक्ति के नाम जमीन की दाखिल खारिज हुई। लेकिन अब इसमें स्टे कर दिया गया है।

### एसडीएम की कोर्ट में वाद भी दायर हुआ

इस मामले में अधिकारियों ने एसडीएम की कोर्ट में वाद भी दायर कर दिया है। वाद पंजीकृत होने के बाद सभी पक्षों को नोटिस जारी की जा रही है। सभी को पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि जवाब आने के बाद इसका निस्तारण विधिक रूप से होगा। क्योंकि दूसरे के नाम नामांतरण हो गया था। इसी वजह से वाद पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो लोगों के नाम व उनके पिता का नाम एक होने की वजह से यह समस्या पैदा हुई है। लेकिन मामला जानकारी में आ गया है इसलिए इसे सुधार दिया गया है।

## ऋण योजनाओं में रूचि न लेने पर बैंको के विरुद्ध होगी कार्रवाई: मंडलायुक्त



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं में बैंक द्वारा आ रही कठिनाइयों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में आहूत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त श्री केके सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार योजना, पशुपालन व मत्स्यपालन से सम्बन्धित योजनाओं तथा सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा के दौरान बैंकों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित कराएं। मंडलायुक्त ने कहा बैंक मिशन मोड में कार्य कर अधिक से अधिक लोगों को स्वावलम्बी बनाने में रचनात्मक सहयोग प्रदान करें। मंडलायुक्त ने सचेत किया कि पुनः समीक्षा में फिसड्डी पाये जाने पर सम्बन्धित बैंकों के स्टेट हेड व कन्ट्रोलिंग अथारिटी को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जायेगा। समीक्षा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में मंडल के 357 प्रकरण लंबित मिले।

## 38वें राष्ट्रीय खेल को लेकर यूपी की टीम का ऐलान

> ओलंपिक संघ ने कहा राष्ट्रीय खेल कराने के लिए कई बार दिया प्रपोजल,हरियाणा की तरह नहीं सुविधाएं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तराखंड में होने वाले 38 वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश के टीम की घोषणा हो गई है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की तरफ से टीम में खेलने वाले खिलाड़ियों की घोषणा हुई है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के दल को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन का ध्वज सौंपा गया। यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आनंदेश्वर पांडेय ने पिछले राष्ट्रीय खेल में खराब परफार्मेंस पर कहा कि हमारे यहां कई पद खाली हैं। हरियाणा की तरह सुविधाएं नहीं है। इस मौके पर नेशनल गेम करने पर उन्होंने कहा कि यह सरकार की इच्छाशक्ति पर है कि वह कब नेशनल गेम कराएंगे। हमने कई बार प्रपोजल सरकार को दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को यूथ गेम कराने का प्रपोजल सरकार को दिया है। खेल निदेशक आरपी सिंह ने कहा कि कहा कि गोवा में हुए राष्ट्रीय खेल का प्रदर्शन सही नहीं था। यूपी में सुविधा और पैसे की कमी नहीं है। यहां पर जब राष्ट्रीय खेल और यूथ गेम जब कराया जायेगा तो पूरी सुविधा के साथ बेहतर ढंग से होगा। राष्ट्रीय खेलों के लिए एके त्रिपाठी (उपाध्यक्ष, यूपी हॉकी) को उत्तर प्रदेश टीम का मुख्य दलनायक (चीफ डि मिशन) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी खेलों के लिए कैंप की व्यवस्था की जाएगी। किट, बैग सहित अन्य सुविधाएं खिलाड़ियों को दी जाएंगी। इन खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, जिसमे उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 31 खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। एक खेल डेमोंस्ट्रेशन का कलारीपट्टू रहेगा। कुल 32 खेल होंगे। इसमें उत्तर प्रदेश के 434 सदस्यीय दल राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगा, जिसमे 340 खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में 195 पुरुष और 145 महिला खिलाड़ी हैं। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने खिलाड़ियों व आफिशियल की सूची जारी कर दी। खेल निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि काफी अर्से बाद यूपी के इतने खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इन खेलों में नेशनल गेम से खिलाड़ियों का रुझान बढ़ गया है। खिलाड़ियों को थर्ड एसी की व्यवस्था, किट की व्यवस्था सरकार की तरफ से रहेगी। 6 लाख गोल्ड, 4 लाख सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल को 2 लाख रुपए मिलेगा। टीम इवेंट में 2 लाख रुपए गोल्ड, 1 लाख रुपए सिल्वर और 50 हजार रुपए ब्रॉन्ज को ईनाम के तौर पर सरकार की तरफसे मिलेगा। गोवा में हुए नेशनल गेम में 15 वें स्थान पर रहने पर उन्होंने कहा कि वहां का प्रदर्शन सही नहीं था।

## नाली व सड़क बनने से दूर होगी जलनिकासी की समस्या

**लखनऊ।** सरोजनी नगर वार्ड द्वितीय के बदाली खेड़ा कॉलोनी में कुमार ट्रेडर्स से शिवाकांत गुप्ता के घर तक सड़क और नाली का निर्माण कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। इसके निर्माण से कॉलोनी में 15 वर्षों से चली जा रही जल निकासी की समस्या दूर होगी। कार्य का शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने मंडल अध्यक्ष केके.श्रीवास्तव से नारियल तुड़वाकर किया। पार्षद ने बताया कि आठ लाख रुपए की नगर निगम निधि से इस 70 मीटर लंबी और पांच मीटर चौड़ी सड़क और नाली का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कॉलोनी में अब तक नाली न होने से साल भर जलभराव की समस्या बनी रहती है। बदाली खेड़ा कॉलोनी का यह मार्ग हमेशा जलमग्न रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। अब नाली के साथ सड़क निर्माण से यह समस्या नहीं रहेगी।

# गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के चलते कल विधानसभा मार्ग पर रहेगा रूट डायवर्जन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में विधानसभा मार्ग पर गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बुधवार को परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रिहर्सल किया जाएगा। इस दौरान सुबह छह बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक चारबाग से हजरतगंज होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। ट्रैफिक विभाग के मुताबिक 22 जनवरी को प्रथम पूर्वाभ्यास, 24 को दूसरा पूर्वाभ्यास व 26 जनवरी को मुख्य परेड प्रस्तावित है। परेड में शामिल झांकियां चारबाग रेलवे स्टेडियम के सामने बाल विद्या मंदिर के पास एकत्र होंगी। इसके बाद हजरतगंज होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास समाप्त होंगी। इस मार्ग के बीच पड़ने वाले रास्ते से वाहन मुख्य मार्ग पर नहीं आ सकेंगे। ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- आलमबाग, मवैया की ओर से चारबाग जाने वाले वाहन लाटूश रोड गुप्ता तिराहा से रविन्द्रालय (बाल विद्या मन्दिर) केकेसी की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन चारबाग लाटूश रोड (गुप्ता तिराहे) से बाएं बांसमंडी चौराहा कैसरबाग या रविन्द्रालय से दाहिने यूटर्न कर मवैय्या, आलमबाग होते हुए जाएंगे।
- डीएवी कॉलेज ओवरब्रिज ढाल से एवं बांसमंडी चौराहे से गुरु गोविन्द सिंह चौराहा (राणा प्रताप) की ओर यातायात नहीं जा सकेगा। यह यातायात कैसरबाग या चारबाग तिराहे से दाहिने नत्था तिराहा, मवैय्या, आलमबाग होकर जा सकेगा।
- मोहन होटल तिराहे से केकेसी एपीसेन रोड तिराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे। ये बांसमंडी, रविन्द्रालय तिराहा से दाहिने यूटर्न कर नत्था, मवैया होकर को जा सकेंगे। हीवेट रोड तिराहे से राणा प्रताप चौराहे की ओर जाने के बजाय वाहन बांसमंडी या अशोक लाट कैसरबाग चौराहा होकर जा सकेंगे।
- केकेसी तिराहा से चारबाग रविन्द्रालय एवं राणा प्रताप चौराहा की ओर यातायात नहीं जा सकेगा। यह यातायात लोको चौराहा, कुंवर जगदीश चौराहा, आमलबाग या सदर कैंट, अब्दुल हमीद चौराहा, एसएन ओवरब्रिज, लालबत्ती, बन्दरियाबाग, गोल्फ क्लब चौराहा, गांधी सेतु (1090) चौराहा होकर जा सकेगा।
- सदर एवं कुंवर जगदीश चौराहा (बूचड़ी ग्राउन्ड), लोको चौराहा से केकेसी, चारबाग की ओर जाने वाला यातायात लोको वर्कशॉप फतेहअली आलमबाग या सदर कैन्ट होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। राणा प्रताप चौराहे से छितवापुर चौकी, केकेसी, चारबाग जाने के बजाय वाहन बांसमंडी चौराहा होकर जाएंगे।
- उदयगंज, सिंचाई भवन से एनेक्सी की ओर एवं हुसैनगंज चौराहा की ओर जाने-आने वाले वाहनों को लालबहादुर शास्त्री तिराहे से सिसेण्डी विधानसभा की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। ये वाहन लालबत्ती चौराहा या उदयगंज तिराहे से सदर ओवर ब्रिज होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। केवल कार पास वाले वाहनों को सचिवालय विधानभवन के पीछे सड़क के प्रवेश द्वार से सचिवालय के अन्दर आने की अनुमति होगी।
- हुसैनगंज (वर्लिंगटन) चौराहा से सिंचाई भवन, सदर की ओर से हुसैनगंज चौराहे की ओर निर्धारित समय के बाद वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन उदयगंज तिराहे से सदर ओवर ब्रिज या योजना भवन, लालबहादुर शास्त्री तिराहे से दाहिने, लालबत्ती चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।
- कैसरबाग अशोक लाट चौराहे से हुसैनगंज चौराहे की ओर निर्धारित समय के पश्चात वाहन नहीं जाएंगे। यह यातायात अशोक लाट कैसरबाग चौराहे से बांसमण्डी, चारबाग, नत्था या परिवर्तन चौक होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
- रॉयल होटल (बापू भवन) चौराहा से सिसेण्डी एवं कन्धारी बाजार (सुपर मार्केट), लालबाग चौराहा के मध्य निर्धारित समय के पश्चात् यातायात प्रतिबन्धित रहेगा। सिसेण्डी की तरफ एवं कन्धारी बाजार/नूर मंजिल की तरफ से आने वाले यातायात को कुछ समय के लिए चौराहा की ओर नहीं आने दिया जाएगा। ये वाहन डॉ. सूजा रोड या लालबाग होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

विधानसभा के सामने की यातायात व्यवस्था

- हजरतगंज चौराहा से रॉयल होटल (बापू भवन) चौराहा तक विधानसभा मार्ग पर यातायात पूरी तरह से 25 जनवरी को दोपहर 02.00 से ही बन्द कर दिया जाएगा। इस दौरान बैठने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा किया जाएगा।
- नॉवेल्टी (लालबाग) चौराहा से कैपिटल तिराहा के मध्य निर्धारित समय के पश्चात् यातायात प्रतिबन्धित रहेगा। केवल कार पास वाले वाहन ही नॉवेल्टी (लालबाग) चौराहा से जनपथ तक आ सकेंगे तथा वहां पर अपने वाहनों को पार्क करेंगे।
- हजरतगंज चौराहा से निर्धारित समय के पश्चात् कोई यातायात मेफेयर, सुभाष/परिवर्तन चौक चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात हजरतगंज चौराहा से अशोक मार्ग होते हुए मीराबाई मार्ग, सप्रू मार्ग तिराहा, सिकन्दरबाग चौराहा से संकल्पवाटिका तिराहा, सुशीला स्मृतिका, हनुमान सेतु, सुभाष चौराहा होए हुए जाएगा।
- आईटी चौराहा/कैसरबाग, चौक की ओर से आने वाला यातायात सुभाष चौराहा होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम, हजरतगंज की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात सुभाष चौराहा से परिवर्तन चौक होकर कैसरबाग अशोक लाट चौराहा या क्लार्क अवध तिराहा या हनुमान सेतु से दाहिने सुशीला स्मृतिका संकल्प वाटिका, बैकुण्ठधाम तिराहा, पीएनटी, गांधी सेतु (1090) चौराहा या सिकन्दरबाग होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।
- प्रेस क्लब तिराहा से किसी भी प्रकार का यातायात डीएम आवास, हिन्दी संस्थान हजरतगंज की ओर नहीं जा सकेगा। ये वाहन परिवर्तन चौक, चाइना बाजार निशात हॉस्पिटल होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। जनपथ के पीछे से कोई यातायात जनपथ मार्केट होकर हजरतगंज बाजार नहीं जा सकेगा।

# दिल्ली प्रचार में जुटे नोएडा के कांग्रेसी नेता



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य कांग्रेसी नेता सतेन्द्र शर्मा ने काँग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार एव अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव गोकलपुर विधानसभा के ऑबजर्वर लियाक़त चोधरी दोनो नेता ने गोकुलपुर विधानसभा से काँग्रेस प्रत्याशी श्री ईश्वर सिंह बागड़ी के साथ गंगा बिहार में ड़ोर टू डोर जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट की अपील की, श्री सतेन्द्र शर्मा ने बताया है कि दिल्ली में काँग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ रही है दिल्ली की मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित जी के कामो को जनता याद कर रही है केजरीवाल ने दिल्ली को बदहाल कर दिया है कोई काम जनता के हित मे नही किया है।

अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाक़त चौधरी ने कहा है कि जनता से झूठे वादे केजरीवाल सरकार ने किए है जनता माफ नही करेंगी अबकी बार दिल्ली की जनता ने कांग्रेस के साथ चलने का वादा किया है, इस अवसर पर बॉबी पंचाल, देवदत्त शर्मा, रवि तिवारी, अली हसन, गमन बागड़ी, रोहित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहें।

# जिला स्तरीय वर्कशाप आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** मुख्यमन्त्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय वर्कशाप मंगलवार को विधायक, एटा सदर विपिन कुमार वर्मा डेविड की अध्यक्षता में राजकीय आई0टी0आई0. कासगंज रोड एटा के सभागार में आयोजित की गई उपरोक्त वर्कशाप में समाधान समिति संस्था के महाप्रबन्धक, सुभाष चन्द्र, मोटीवेटर रवि गुप्ता एवं कोर्डीनेटर अभिषेक कुमार, द्वारा जनपद के प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को सम्बोधित करते हुये जानकारी दी गई कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के 21 से 40 वर्ष के युवाओं को प्रथम चरण में बिना ब्याज के 10 प्रतिशत सब्सिडी के साथ धनराशि रू0 5.00 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि बैंक का व्याज लाभार्थी की ओर से त्रैमासिक प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। योजना के पोर्टल पर 300 से अधिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट उपलब्ध है. जिसमें से 170 उद्योग क्षेत्र एवं 130 सेवा क्षेत्र से सम्बन्धित है, साथ ही पोर्टल पर कुटेशन प्राप्त करने के लिये फर्म भी रजिस्टर्ड हैं. आवेदक अपने परियोजनाओं के कुटेशन प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी डा0 नागेन्द्र नरायण मिश्रा द्वारा सभागार में उपस्थित युवाओं/युवतियों से अपेक्षा की गई कि सरकार आपके द्वार नई



योजना लेकर आयी है, जनपद का हर पुरूष एवं महिला अपने स्वयं के कार्य से जुडकर प्रदेश की जी0डी0पी0 को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करके, स्वयं भी रोजगार से जुडकर अपने परिवार को आगे बढ़ाये। माननीय विधायक विपिन कुमार डेविड द्वारा जनपद के युवाओं को सम्बोधन करते हुये, बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा, जिला उद्योग उद्योग केन्द्र के माध्यम से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति सबप्लान प्रशिक्षण योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना में लाभान्वित नवयुवक एवं नवयुतियां सी0एम0 युवा उद्यमी योजना में अपना आवेदन कर, स्वयं का रोजगार स्थापित करके, अपने परिवार को खुशहाली के रास्ते पर लाने में अहम किरदार अदा कर सकते हैं। उन्होंने जनपद के युवाओं को भरोसा दिलाया कि बैंक त्वरित गति से ऋण देने के लिये तत्पर हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र, प्रश्नोत्तर सेशन के दौरान (1) क्लाउड किचिंग प्रोजेक्ट क्या होता है, पूछने पर श्री उदयकान्त नवयुवक द्वारा बताया गया कि महिलायें जो अपने घर में, खिचडी, कड़ी चावल, दूध, सब्जियां आदि बनाती है, यदि वे ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन कर, उस पर अपने खाद्य पदार्थ डालकर, जनता की मांग के आधार पर, उन्हें आनलाइन उपलब्ध कराती है उसे क्लाउड किचिंग कहा जाता है, जो आज हमारे एटा में भी संचालित किया जा रहा है।

लीड बैंक प्रबन्धक प्रीतम सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में जनमानव से अनुरोध किया गया कि बैंकें ऋण देने में हमेशा से अग्रणी रहीं हैं। उद्यमी एवं बैंक एक ही गाडी के दो पहिये हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में उपायुक्त उद्योग प्रेमकान्त द्वारा युवाओं को सम्बोधन में कहा गया कि प्रदेश के मान0 मुख्यमन्त्री हमारे अविभावक हैं, और आप सब भावी उद्यमी बच्चों की तरह हैं। जैसे एक अविभावक अपने बच्चों के जीवन में उन्नति एवं खुशहाली का ध्यान रखते है, इसी प्रकार, सरकार हमारे उत्थान के लिये नई-नई योजनायें बनाती है। कार्यक्रम में एटा सदर विधायक विपिन कुमार डेविड, मुख्य विकास अधिकारी, डा0 नागेन्द्र नरायण मिश्र, अरविन्द कुमार प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, सी0पी0 सिंह, प्रधानाचार्य, पालीटेकनिक, लीड बैंक प्रबन्धक प्रीतम सिंह, ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह, के अलावा बैंक शाखाओं के शाखा प्रबन्धक एस0 केवर्मा, केनरा बैंक गिरौरा, रामविनोद कुमार केनरा बैंक जी0टी0रोड, सहायक आयुक्त उद्योग, बांकेलाल, एवं अनिल कुमार शर्मा, जिला उद्योग केन्द्र के वरदान शर्मा, सरिता भारद्वाज, राजीव कुमार, इन्द्रपाल सिंह, वेदप्रकाश, जमील अखतर, गौरव सचान, आदि उपस्थित थे।

## अभिजीत बनाए गए उत्तर भारत रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य

**गाजियाबाद।** भाजपा नेता अभिजीत मुखर्जी को उत्तर भारत रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गए है ढ्ढ इस मनोनयन पर उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है ढ्ढ मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चे के महानगर मीडिया प्रभारी एवं पूर्व मिनिस्ट्री ऑफ टेलीकॉम के सलाहकार रहें अभिजीत मुखर्जी ये नियुक्ति पत्र रेलवे मिनिस्ट्री से प्राप्त हुआ ढ्ढ इस मौके पर बोलते हुए अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि यात्रियों की रेलवे से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा ढ्ढ अभिजीत मुखर्जी ने रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनाएं जाने पर पार्टी का, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा एम चुबा आओ का, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है इस आगे अभिजीत मुखजी ने बतया की उत्तर रेलवे में पांच डिवीज़न हैं अंबाला, दिल्ली, फिरोजपुर, लखनऊ, मुरादाबाद ढ्ढ उत्तर रेलवे, भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा ज़ोन है. यह ज़ोन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, और चंडीगढ़ जैसे राज्यों में फैला हुआ है ।

# सीएससी केंद्र पर हुई कार्रवाई

» दो कॉमन सर्विस सेंटर को एसडीएम ने बंद करने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** फार्मर रजिस्ट्री कराने को लेकर जहां किसान परेशान है तो वही कॉमन सर्विस सेंटर वाले फार्मर रजिस्ट्री को लेकर लापरवाही बरत रहे थे जिस पर एसडीएम अलीगंज द्वारा कार्रवाई करते हुए दो कॉमन सर्विस सेंटर को बंद करने के निर्देश दिए है। मंगलवार को उपजिला अधिकारी डॉ. विपिन कुमार और तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय ने अलीगंज और जैथरा क्षेत्र में 20 कॉमन सर्विस सेंटरों के संघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अलीगंज के अमरोली रतनपुर स्थित शिव जनसेवा केंद्र और जैथरा के प्रशांत जनसेवा केंद्र को फॉर्मर रजिस्ट्री में रुचि न लेने पर और कोई भी फार्मर रजिस्ट्री न किए जाने पर उप जिलाधिकारी द्वारा सीएससी को बंद करने के निर्देश दिए हैं।



उपजिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार ने कहा फार्मर आईडी बनवाने वाले किसानों को ही मिलेगी किसान सम्मान निधि मिलेगी।तहसीलदार ने राजस्व कर्मियों के साथ अलीगंज पहुंच सीएससी संचालकों को फार्मर आईडी बनवाने के दिये निर्देश दिए हैं। सीएससी केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्र संचालकों को अधिक से अधिक फार्मर आईडी बनवाने पर जोर दिया। सीएससी केंद्र का निरीक्षण कर केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आइडी जनरेट करने के निर्देश दिये। तहसीलदार के साथ राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।उप जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार ने बताया कि सीएससी संचालक द्वारा कोई भी फॉर्म रजिस्ट्री न किए जाने तथा विवरण मांगे जाने पर नहीं दिखा पाए। जिसके चलते अलीगंज के अमरोली रतनपुर स्थित शिव जनसेवा केंद्र और जैथरा के प्रशांत जनसेवा केंद्र को बंद करने के निर्देश दिए गये हैं।

# व्यापारियों ने किया राज्यकर अधिकारियों का घेराव




लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ सोमवार को जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर जोन दो मानवेंद्र प्रकाश सिंह का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। महानगर अध्यक्ष ओमदत्त गुप्ता ने बताया कि जीएसटी कर प्रणाली की जटिलताओं से व्यापारियों को काफी समस्या आ रही है। वहीं अधिकारी भी व्यापारियों का आर्थिक उत्पीड़न कर रहे हैं। इसको बंद करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा ने बताया कि जीएसटी का सरलीकरण होना चाहिए और जिला स्तरीय सरलीकरण कमेटी में व्यापारियों को भी जोड़ा जाए और उनके सुझाव को महत्व दिया जाए। व्यापारी हर माह करोड़ रुपये का टैक्स जमा कर सरकार के खजाने को भरने का कार्य करता है। बावजूद इसके राज्यकर के अधिकारी उसके प्रतिष्ठानों व उद्योगों के बाहर जीएसटी की टीम का पहरा बैठा देते हैं। इससे व्यापार में समस्या होती है और कार्य प्रभावित होता है। प्रदर्शन करने वालों में पंकज तनखा, महानंद नागर, सीपी शर्मा, गोपीचंद शर्मा, बीरसिंह, अनिल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, एसपी वर्मा, आशुतोष गुप्ता, राजकुमार शर्मा समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौ संरक्षण केंद्र जलेसर देहात का निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 नागेंद्र नारायण मिश्र द्वारा विकासखंड जलेसर स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र जलेसर देहात का निरीक्षण कर संरक्षित किए गए गोवंशों की स्थिति को देखा,

उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि गौशालाओं की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए सुनिश्चित किया जाए कि पशु सूखे स्थान पर बांधे जाएं शीत ऋतु के दृष्टि गत उनके बांधे जाने के स्थान पर अलाव की व्यवस्था भी नियमित रूप से की जाए तथा गोवंशों को 100- 100की संख्या में अलग-अलग ब्लॉक बनाकर बांधा जाए तथा हवा आदि रोके जाने हेतु जो तिरपाल लगाया गया है

उसे बदलवाकर उसके स्थान पर नया तिरपाल लगाया जाए। उन्होंने गौ वंशों की देखरेख कर रहे केयर टेकर को कहा कि निराश्रित गौ वंशों की देखभाल पूरी जिम्मेदारी के साथ करें, निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को 532 गौवंश संरक्षित मिले जिसमें एक गोवंश जो बीमार था उसका इलाज उप पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी जलेसर पी. एस आनंद,उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जलेसर ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे।

# बिजली का निजीकरण नहीं रोका तो होगा प्रदेश व्यापी आन्दोलन



» भाकियू किसान ने सीएम ज्ञापनपत्र भेज दी चेतवानी

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिलाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम भावना विमल को एक ज्ञापनपत्र सौंपा। सीएम के नाम संबोधित इस ज्ञापनपत्र मे भाकियू पदाधिकारियों ने विद्युतक निजीकरण नही रोके जाने पर प्रदेश व्यापी आंदोलन किये जाने की चेतावनी दी गयी है। सीएम को भेजे गये ज्ञापनपत्र में भाकियू किसान के पदाधिकारियों द्वारा कहा गया है कि किसानों की फसलों की सिंचाई हेतु बिजली अत्यंत आवश्यक है। यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल द्वारा दक्षिणाचल एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को पीपीपी मॉडल का नाम दिलाकरर निजीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे किसानो पर अत्यधिक आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। जय किसान जय जवान नारे को साकार करते हुए बिजली के निजीकरण को रोका जाए अन्यथा उत्तर प्रदेश के किसान आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापनपत्र देने वालों में- प्रबल प्रताप सिंह, आकाश प्रताप सिंह, राहुलप्रताप, अमर दीप, तरुण प्रताप, शरद गोस्वामी, सचिन प्रताप, झलके ठाकूर, विक्की ठाकुर आदि पदाधिकारी प्रमुख थे।

# खिलाड़ियों को मिलेगी मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के खिलाड़ियों और जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में, नोएडा सेक्टर 141 में डॉ हलदर्स ऑर्थोविजन हेल्थकेयर का शुभारंभ हुआ। इस हॉस्पिटल में जिले के हर खेल के शीर्ष खिलाड़ियों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस हॉस्पिटल का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वस्थ भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेल हमारे समाज और युवाओं को सशक्त बनाने का माध्यम है।

ऐसे में खिलाड़ियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देकर हम उनके प्रदर्शन को नई ऊंचाई पर ले जाने में मदद करेंगे। हॉस्पिटल की स्थापना डॉ अभिषेक हलदर और डॉ श्रीदेवी हलदर द्वारा की




गई है।

इसका उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ-साथ जरूरतमंदों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है। हॉस्पिटल में पहले 10 आने वाले मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। यह सुविधा आगे भी जरूरतमंदों और असहाय लोगों के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगी, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को लाभ मिलेगा।

डॉ हलदर्स ऑर्थोविजन हेल्थकेयर न केवल खिलाड़ियों और जरूरतमंदों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेगा, बल्कि यह क्षेत्र में खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में डॉ अजय वाधवान और अजय अरोड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा, प्रशांत कुमार हलदर, डॉ अशोक गुंडा, डॉ अनिल पांडे, अविनाश सिंह, डॉ शशेन्द्र, अशोक अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस शुभ अवसर पर मौजूद रहे।

# फार्मासिस्ट और लेब टेक्नीशियन का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/कासगंज।** सीएचसी अलीगंज पर 100दिवसीय टीवी स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत 5 न्यू पीएचसी के फार्मासिस्ट और लेब टेक्नीशियन का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण,अब ऑनलाइन बना सकेंगे निश्चय आईडी और रिपोर्ट करेंगे अपलोड संवाद सीएचसी अलीगंज के बैठक सभागार में चिकित्साधीक्षक डॉ शिव कुमार राजपूत की अध्यक्षता में पांचों पीएचसी के फार्मासिस्ट और लेब टेक्नीशियन का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ,जिसमें उनको प्रशिनत करते हुए बताया,कि सौ दिवसीय टीवी स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत मरीजों की निश्चय आईडी ऑनलाइन बनाए साथ ही उनकी रिपोर्ट भी अपलोड करें। पांचों पीएचसी के नाम नगला गजपति से फार्मासिस्ट प्रेम सिंह वर्मा, भदकी से फार्मासिस्ट जय प्रकाश यादव,राजा का रामपुर से लेब टेक्नीशियन अभिषेक पाल,एसटीएस विपिन पाठक और नूर अहमद ,लेब टेक्नीशियन रविन्द्र यादव मौजूद रहे है।

# दो युवकों से 9.60 लाख की ठगी

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशांबी।** पंजाब के बठिंडा निवासी गुरविंदर सिंह और उनके भाई को न्यूजीलैंड का वीजा दिलाने के नाम पर तीन लोगों ने 9.60 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने वैशाली सेक्टर एक स्थित कंसल प्लाजा के बेसमेंट में जय टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से कार्यालय खोला था। साथ ही फेसबुक के जरिए युवकों को जाल में फंसाया।

ठगी करने के बाद आरोपी कार्यालय बंद करके भाग गए। गुरविंदर सिंह की तहरीर पर कौशांबी पुलिस ने ठगी करने वाले आशुतोष कुमार, अजय राज विश्वकर्मा और पप्पू नाम के तीन व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

गुरविंदर सिंह ने बताया कि वह भटिंडा स्थित एक फैक्टरी में इलेक्ट्रीशियन हैं। करीब चार महीने पहले उन्होंने फेसबुक पर बने जय टूर एंड ट्रेवल्स के पेज पर वीजा और टिकट दिलाने




का विज्ञापन देखा। पोस्ट में दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो कंपनी संचालक आशुतोष कुमार ने उन्हें वीजा दिलाने का भरोसा दिया। गुरविंदर और उनके भाई वैशाली स्थित आरोपी के कार्यालय मुलाकात के लिए गए।

आशुतोष व उनके साथियों ने भरोसे में लेकर 25 सितंबर 2024 को 9.60 लाख रुपये का भुगतान करवाया। इस दौरान उन्होंने जालसाजों के भरोसे में आकर अपनी नौकरी भी छोड़ दी थी। काफी समय तक जब वीजा नहीं मिला तो आरोपियों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। वह दोबारा जब कार्यालय पहुंचे तो वहां ताला लगा मिला। फोन करने पर आरोपियों ने होटल में मिलने बुलाया, लेकिन वहां भी नहीं पहुंचे। ठगी का अंदेशा होने पर उन्होंने कौशांबी थाने में शिकायत की । कई राज्यों के युवा बने शिकार, करोड़ों की ठगी का अंदेशा गुरविंदर ने बताया कि जब वह पहली बार जय टूर एंड ट्रेवल्स के कार्यालय गए थे तब वहां राजस्थान के लोग बैठे मिले थे।

# जमीनी विवाद में काटा किसान का अंगूठा, चार पर रिपोर्ट दर्ज



लोकमित्र ब्यूरो

**मोदीनगर।** निवाड़ी के कुन्हैड़ा गांव में जमीनी विवाद में गांव के ही नरेंद्र ने किसान अमित कुमार पर कुल्हाड़ी और बलकटी से हमला कर दिया। हमले में किसान के हाथ का अंगूठा कट गया। पुलिस ने महिला समेत एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कुन्हैड़ा गांव निवासी ललित कुमार ने बताया कि कुछ नरेंद्र जमीनी विवाद के कारण उनसे रंजिश रखते हैं और आए दिन उनसे झगड़ा करते हैं। रविवार को उनका भाई अमित ट्रैक्टर ट्राली से सेंटर पर गन्ना डालने जा रहा था। तभी नरेंद्र, उसकी पत्नी कृष्णा व दोनों पुत्र सोनू और गौरव उसके साथ गाली गलौज करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह मामला शांत करा दिया। इसके बाद आरोपियों ने लौटते समय अमित को घेरकर उसकी पिटाई कर दी और उस पर कुल्हाड़ी व बलकटी से हमला कर दिया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1) सहित कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# पशुओं का तबेला व मूत्रालय बन गया है शहीद स्थल



» कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापनपत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** नगर स्थित शहीद स्थल आज़ादी 77 साल बाद भी अपनी बदहाली पर आंशू बहा रहा है। स्थिति इतनी बदतर है कि यह शहीद स्थल आवारा पशुओं के तबेले और सार्वजनिक मूत्रालय में तब्दील हो गया है। नगर के कांग्रेसियों ने एसडीएम को ज्ञापनपत्र सौंप के शहीद स्थल पर खड़ंजा निर्माण एवं नियमित साफ सफाई कराये जाने की मांग की है। एसडीएम भावना विमल को सौंपे गये ज्ञापनपत्र में कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजू रज़ा आदि कांग्रेसियों द्वारा कहा गया है कि नगर के मण्डी जबाहरगंज स्थित शहीद स्मारक पार्क बना हुआ है। जिसका निर्माण 15 अगस्त 1955 में हुआ था।


जो नगरपालिका की हद में आता है। आज की स्थिति में यह शहीद स्थल खण्डहर में तब्दील हो गया है। जिसमें आवारा पशु घूमते हैं। कुछ लोग पेशाव आदि करके गन्दगी फैलाते हैं।

ऐसी स्थिति में उक्त शहीद स्मारक पार्क तक खरंजा एवं साफ सफाई आदि भी नगर पालिका परिषद द्वारा नही कराया गया है। जो कि बेहद शर्मनाक पूर्ण स्थिति है।

ज्ञापनपत्र में एसडीएम से अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद जलेसर को आदेशित कर शहीद स्मारक पार्क मण्डी जबाहरगंज जलेसर में खरंजा के निर्माण के साथ साथ नियमित साफ सफाई कराये जाने की मांग की गयी है।

# उत्तर प्रदेश दिवस, को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा यूपी दिवस, विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी** जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सभी तैयारियां ससमय सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यक्रमों को गरिमामय ढंग से व भव्यता के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाए जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में रैली, मानव श्रृंखला, भाषण, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने को कहा।

बैठक में एआरटीओ ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उन्होंने यूपी दिवस के संबंध में सभी विभागों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में किया जाएगा जिसमें संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का स्टाल लगाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस ÷विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश÷ थीम पर आयोजित होगा। 26 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों रैली, पेंटिंग, वाद विवाद, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर भी वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विभागों, सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों में नियत समय पर झंडारोहण किया जाएगा एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संबंधित विभागों द्वारा कराया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए उपरोक्त विभिन्न दिवसों का गरिमामय रूप से भव्यता पूर्ण आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। जिसके लिए सभी तैयारियां ससमय सुनिश्चित कर ली जाएं। जनपद के सभी शहीद स्मारकों स्थलों की साफ सफाई तथा सजावट कराया जाए साथ ही सभी सरकारी भवनों की साफ सफाई एवं लाइटिंग कराई जाए। नगरीय निकायों में साफ सफाई को लेकर अभियान चलाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त दिवसों के आयोजन को लेकर जिन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं वह उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करायेंगे अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, बीएसए संजय तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, डीआईओएस राजेश द्विवेदी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिकर भुगतान के लिए काश्तकार करायें अभिलेखों का सत्यापन

**अमेठी।** प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 के अधिशासी अभियन्ता शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में राजस्व ग्राम-मिश्रौली, सराय भागमानी, मेदन मवई एवं टिकरिया होते हुए निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग-128 रायबरेली-सुल्तानपुर मार्ग से साइंस कालेज, पूरे गंगाधर पाठक होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग-931 गौरीगंज-प्रतापगढ़ मार्ग तक बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु मार्ग के चौड़ीकरण में आने वाले काश्तकारों की प्रभावित भूमि को उक्त मार्ग निर्माण हेतु क्रय करने के लिए क्रय की दर एवं कुल भूमि मूल्य का अनुमोदन सक्षम स्तर से प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित भूमि के समस्त काश्तकारों के प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही 22 जनवरी 2025 से प्रारम्भ की जायेगी, सम्बन्धित काश्तकार प्रतिकर प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग अमेठी में गठित समिति के समक्ष काश्तकार अपना आधारकार्ड, पैनकार्ड, नवीनतम खतौनी की प्रमाणित खतौनी की प्रति, पासबुक एवं राजस्व विभाग द्वारा काश्तकार के अंशों के निर्धारण की प्रति व 4 पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि के साथ उपस्थित होकर अभिलेखों का सत्यापन कराकर विभाग के पक्ष में रजिस्ट्री कराकर अपना प्रतिकर प्राप्त कर सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि यदि किसी काश्तकार की भूमि ऋण आदि प्रयोजन हेतु बन्धक हो, तो सम्बन्धित काश्तकार द्वारा उक्त भूमि को बन्धक मुक्त कराने के पश्चात् ही विभाग के पक्ष में रजिस्ट्री की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

### एक गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** मंगलवार को उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज मय हमराही, द्वारा मु0अ0सं0 210/24 धारा 2/3(1) यू0पी0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी से संबंधित अभियुक्त कासिफ उर्फ राशिद पुत्र एजाज निवासी पीली कालोनी एशबाग थाना बाजार खाला जनपद लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष को बधौना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### अवैध तमंचा व और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**अमेठी।** मंगलवार को उ0नि0 सुरेश कुमार थाना फुरसतगंज मय हमराह द्वारा दो अभियुक्त 01.मो0 नसीम पुत्र मो0 रसूल उम्र करीब 50 वर्ष एवं 02.मो0 नफीस पुत्र मो0 नसीम उम्र करीब 33 वर्ष निवासीगण पूरे भूसू मजरे तेन्दुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को ग्राम तेन्दुआ के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त मो0 नसीम के कब्जे से एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर व मो0 नफीस के कब्जे से एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### अवैध पिस्टल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान में सोमवार रात्रि में प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज राकेश सिंह मय हमराह द्वारा प्लेटिना मोटरसाइकिल सं0 क्ष36त्त9287 पर सवार अभियुक्त सूरज तिवारी पुत्र शिव प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम निजाम पाकर मजरे मोहना थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को निर्माणाधीन पुल राजामऊ के पास से समय करीब 22÷50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक पिस्टल व 02 जिंदा कारतूस 09 एमएम बरामद हुआ। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### 70 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में चलाये जा रहे नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार 21.01.2025 को उ0नि0 संकठा प्रसाद मौर्य थाना जायस मय हमराही द्वारा दो अभियुक्त मन्नू उर्फ दिलरैन पुत्र अलीबक्श उर्फ गुड्डे निवासी छोटा कजियाना कस्बा व थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष व आरिफ पुत्र अल्लू निवासी अजीम का पुरवा कस्बा व थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को सम्मन तालाब के पास से समय करीब 06÷53 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त मन्नू उर्फ दिलरैन के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक व अभियुक्त आरिफ के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ने तीन ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर स्वच्छता कार्य देखे



**रामनगर।** जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन उद्धव राय द्वारा ग्राम पंचायत बिछलखा, लालूपुर और बुधेड़ा का निरीक्षण किया गया । मंगलवार को एडीओ पंचायत अभय शुक्ला के साथ उन्होंने बिछलखा में सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, व्यक्तिगत शौचालय, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन और कंपोस्ट पिट अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर सचिव ऋषभ पांडेय को दिशा निर्देश दिया। लालूपुर में आरसीसी कार्य नहीं चल रहा था जिस पर सचिव निखिल कनौजिया से जल्द कार्य शुरू करने को कहा। ग्राम पंचायत बुधेड़ा में भी आरसीसी कार्य निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया था जिस पर सचिव बीना चतुर्वेदी द्वारा अवगत कराया गया कि उनको अभी भूमि उपलब्ध नही के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। तीनों गांवों में व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों की प्रथम किस्त पाने वाले 10-10 लाभार्थियों का भी घर घर सत्यापन किया ।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिछलखा सचिन मिश्रा, ग्राम प्रधान लालूपुर लवलेश वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बुधेड़ा राममिलन वर्मा, बीसी प्रदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### किशोरी से छेड़खानी में तीन पर मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में तीन युवकों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी कर दी। जिसके बाद पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगर के एक गांव में रहने वाली एक नाबालिग लड़की सोमवार को सुबह शौच के लिए जा रही थी। तभी गांव के ही नन्हा, स्वदेश और रोशन नामक युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और आरोप है कि युवकों ने उसके साथ छेड़खानी की। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों नन्हा, स्वदेश और रोशन के खिलाफ छेड़खानी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पक्के की कौन कहे मजदूरी तक महीनों से बकाया हाल मनरेगा का

**रामनगर।** धीरे धीरे दो महीने होने वाले है मगर मनरेगा मजदूरी नही आई है जिससे मजदूर परेशान हैं। कच्चे कार्य करवाने वाले ग्राम प्रधान इस बात से दुखी है कि बीते 29 नवम्बर से मजदूरों की मनरेगा मजदूरी नहीं मिल सकी है वे कंहा से मजदूरी दें।।करीब डेढ़ करोड़ मजदूरी ब्लॉक में बकाया है।मनरेगा मजदूर परेशान है कि उनको मजदूरी जल्दी मिले मगर जब सरकार भेज नही रही तो प्रधान कंहा से दें। इसी वजह से कई प्रधान कच्चे काम कराने से कतरा रहे हैं। पक्के काम के करोड़ो बाकी पहले से ही है अब कच्चे कार्यो का बकाया उनको और परेशानी दे रहा है।

## वृद्ध का गला काटने वाला आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी भी दूर

**निन्दूरा बाराबंकी।** कुर्सी कोतवाली पुलिस के लंबे हाथ 8 दिन बाद भी उस्तरे से वृद्ध का गला काटने वाले आरोपी को पुलिस अब तक नहीं पकड़ सकी कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में 8 दिन पूर्व दाढ़ी बनवाते समय नई ने उस्तरे से वृद्ध के ऊपर किया था जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को नहीं पकड़ सकी 8 दिन पूर्व बुधवार को मदारपुर मजरे अनवारी गांव निवासी रामसागर 65 पुत्र स्वर्गीय बाबादीन बुधवार दोपहर बाद अनवारी स्थित पाड़ारी रोड पर आदिल की गुमटी पर वृद्ध दाढ़ी बनवा रहा था तभी आदिल ने वृद्ध का सर पड़कर कुर्सी पर रखकर उस्तरे से दो बार रेत कर जानलेवा हमला करके मौके से फरार हो गया वृद्ध का इलाज मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है वृद्ध जानलेवा हमले को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था पुलिस ने एक दिन बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया था लेकिन 8 दिन बीतने को है लेकिन पुलिस अब तक आरोपी को नहीं पकड़ सकी इन संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही लेकिन अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

## महाई में ग्राम समाज की भूमि पर बिना अनुमति बन रहे धार्मिक निर्माण को प्रधान ने रुकवाया

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महाई में ग्राम समाज की भूमि पर बालाजी का मंदिर बना रहे ट्रस्ट के सदस्यों को ग्राम प्रधान ने रोक दिया।ट्रस्ट के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से मंदिर निर्माण कराया जाने की मांग की है। संतोषी देवी सत्यनारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह पुत्र अभिमन्यु सिंह ने सी ओ ऋषिकांत शुक्ला को पत्र देकर अवगत कराया कि गांव में ग्राम समाज की भूमि पर 40 वर्षों से संतोषी माता का मंदिर बना हुआ है इसी भूमि पर ट्रस्ट बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया था कार्य शुरू होते ही ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र पटेल व उनके भाई ज्ञान चंद्र पटेल द्वारा खुदाई के समय ही कार्य को रुकवा दिया गया उसने ग्राम प्रधान की कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मंदिर निर्माण कराए जाने की मांग की है। प्रधान पक्ष का कहना है कि वह भूमि ट्रस्ट की नहीं है। सी ओ ऋषि कांत शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

## अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन, अपराधियो रखें नज़रः एसपी



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा महाकुम्भ-2025 के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से बनाये रखने व सर्तक दृष्टि रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा शीतऋतु के दृष्टिगत रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी तिलोई, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## अधीक्षक की सक्रियता से सीएचसी पर तमाम सुविधाए बढ़ी, मरीजों को मिल रहा लाभ

लोकमित्र ब्यूरो



**रामनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा मुकुंद पटेल की सक्रियता से नौ महीने के अंदर रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तमाम सुविधाए बढ़ी हैं। डिजिटल एक्सरे की सुविधा करवाई जिससे मरीजों को अब बाहर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। अल्ट्रा साउंड मशीन भी आ गई है। डाक्टर की मांग हुई है जिसके आते यह मशीन भी शुरु होगी। अब जाँच भी कई तरह की यहीं होने लगी है। वे लगातार सक्रिय रहकर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने में लगे रहते जिससे मरीजों को सुबिधाए मिल रही हैं।

करीब नौ माह से अधीक्षक के पद पर डा मुकुंद पटेल रामनगर सी एच सी पर तैनात है।इनके आने के समय यंहा बड़ी समस्याए थी।स्टॉफ को साथ लेकर आशाबहुओ,एएनएम व अन्य से खूब कार्य करवाया। टीकाकरण से लेकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लगातार लगे रहे। एक्स रे मशीन जिले से लाकर चालू कराए व अल्ट्रासाउंड भी लाए जो जल्द चालू होने वाली है। दवाओ की भी उपलब्धता रखी। ओपोड़ी में कोई न कोई डाक्टर सदैव मिलते हैं। कर्मचारियों में आपसी सामंजस्य कायम कराकर विरोधाभास खत्म कराया।अब स्वास्थ्य सेवाए पटरी पर हैं जिससे यंहा आने वाले मरीज भी संतुस्ट रहते हैं। प्रयास कर हार्ट,किडनी,लीवर की जांच भी शुरु कराई। अधीक्षक ने पहली बार इसे कायकल्प योजना का पुरस्कार दिलाया। अब सब तरह से सी एच सी ठीक चल रही है जिसमे अधीक्षक की मानिटरिंग को प्रमुख माना जा रहा है।

## पंचायत सहायकों ने एडीओ को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** एडीओ पंचायत मसौली ब्लाक कार्यालय मंगलवार को दर्जनों पंचायत सहायकों ने चार बिन्दु का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कर रहे है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओ के क्रियान्वयन से लेकर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों को सम्पादित करने में हम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, किन्तु हमारे द्वारा किये जा रहे कार्यों और प्राप्त हो रहे मानदेय तथा सुविधाओ के बीच काफी असमानता है, पंचायत सहायको की निम्नलिखित प्रमुख मांगो को उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उन्हें शीघ्र समाधान की अपेक्षा करते है।पंचायत सहायको का मानदेय वृद्धि न्यूनतम कुशल मजदूरी दर के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही इसे ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किया जाये। अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायको की सेवा नियमावली बनाई जाए और उन्हें स्थाई किया जाये, ताकि हम अधिक स्थायित्व और सुरक्षा के साथ अपनी सेवाए दे सके, पंचायत सहायक लगभग पंचायत सचिव के सामान कार्य कर रहे है। अतः ग्राम पंचायत आधिकारी के रिक्त पदों पर पंचायत सहायको को आरक्षण प्रदान किया जाए , पंचायत सहायको द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किये जाते है, जिसके लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फ़ोन या टैबलेट की आवश्कता होती है। शासन से आग्रह है कि हमें यह उपकरण प्रदान किये जाये। इस मौके पर हंसराज वर्मा, जितेन्द्र, अखिलेश, विनय, प्रिया, शालिनी, चन्द्रकेश, शय्यदा, अंकिता सहित दर्जनों की संख्या में पंचायत सहायक मौजूद थे।

## महिलाओं को कानून के प्रति होना होगा जागरूक:श्रीकृष्ण

लोकमित्र ब्यूरो




**मसौली बाराबंकी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह के निर्देशन में ब्लॉक सभागार मसौली के सभागार में विधान से समाधान कार्यक्रम मे महिलाओं के हितार्थ कानूनी एवं लाभकारी योजनाओं के दृष्टिगत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने महिलाओ के अधिकार एव घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण अधिनियम आदि के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओ को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने कहा कि अंतराष्टीय स्तर पर हम एक आर्थक और राजनीतिक शक्ति पुंज के रूप में उभर रहे है। हमारे संविधान ने हमें जो अधिकार और अवसर दिए है ऐसे में महिलाओं को भारतीय कानून द्वारा दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार अगर बात वेतन मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। काम पर हुए यौन उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार आपको यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है। शिकायत पर तत्काल करवाई होगी। यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को नाम न छापने देने का अधिकार है। अपनी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए यौन उत्पीड़न की शिकार हुई महिला अकेले अपना बयान किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी मे या फिर जिलाधिकारी के सामने दर्ज करा सकती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने कहा कि बलात्कार की शिकार हुई किसी भी महिला को मुफ्त कानूनी मदद पाने का पूरा अधिकार है। यदि किसी भी महिला को विधिक सहायता की आवश्यकता होती है तो ये जरूरी है कि वह विधिक सेवा प्राधिकरण को वकील अथवा अन्य लीगल एड की व्यवस्था करने के लिए सूचित करे। ब्लाक प्रमुख रईस आलम एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , निराश्रित महिला पेंशन योजना , उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कारस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्राधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्टीय पोषण मिशन आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, एडीओ कोऑपरेटिव खुशबू राय,जेई एमआई अरुण कुमार व्यास, सौम्य सिंह, प्रियंका सिंह, वन्दना पाल, संजीव सिंह, आकिब जमाल, महेश प्रताप सिंह, उत्तम वर्मा, जैसराम,अजय वर्मा,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आये लवकुश कनौजिया, सौरभ शुक्ला, मोहित कुमार वर्मा, मोहित कुमार प्रजापति व काफी संख्या में महिलायें उपस्थित रही।

## लोभ लालच में बुद्धि खो देता है मनुष्यः आरती व्यास

लोकमित्र ब्यूरो



**निन्दूरा बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा के बैनाटीकरहार गांव में शनिदेव मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पीठ पर बैठी कथा वाचिका पूज्य आरती व्यास जी ने अपने कथा प्रसंग में बताया कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करने चाहिए लोभ लालच या सत्ता का अहंकार जब मनुष्य के अंदर आ जाता तो वह अपनी बुद्धि विवेक खो देता है। देवराज इन्द्र को अभिमान हो गया था। इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण जो स्वयं लीलाधारी श्री हरि विष्णु के अवतार हैं ने एक लीला रची। प्रभु ने देखा की सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने बड़े भोलेपन से मईया यशोदा से प्रश्न किया मईया ये आप लोग किनकी पूजा की तैयारी कर रहे हैं कृष्ण की बातें सुनकर मैया बोली लल्ला हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? मैईया ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की उपज होती है उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये वहीं चरती हैं, इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं अत÷ऐसे अहँकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए। गोवर्धन की पूजा होता देख इंद्र क्रोधित होकर ब्रजवासियों पर मूसलधार वर्षा करते हैं किन्तु श्रीकृष्ण उनके अहंकार को चूर कर देते हैं। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्धन पूजा की जाने लगी। बृजवासी इस दिन गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है व उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है,कथा का समापन एवं भंडारा बुधवार को किया जायेगा। कथा पंडाल में सोनू मौर्य, फूलचंद्र, रावत, सियाराम यादव,लाल बहादुर मौर्य, रामनरेश यादव, निरंकार मौर्य, चंद्रपाल गौतम, राम चरन गौतम, कौशल एडवोकेट, अरविंद मौर्य, पवन मौर्य आदि श्रोतागणों ने कथा का रसपान किया।

## फौजी की पत्नी व दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचते ही मचा कोहराम

लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित एक तीन मंजिला मकान में बीते रविवार की रात कोयले की अंगीठी से निकले धुएं और गैस से फौजी की पत्नी और दो बच्चों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई थी। परिजनों को घटना की जानकारी सोमवार को सुबह हो सकी थी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया था। सोमवार को देर रात तीनों शव फौजी के पैतृक गांव मुन्नी खेड़ा लाए जाते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और फौजी के आवास पर हजारों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। घटनाक्रम के अनुसार फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ घाट अंतर्गत मजरा मुन्नी खेड़ा निवासी सुंदर सिंह उर्फ नन्हक्के का इकलौता पुत्र आलोक सिंह राजपूत रेजीमेंट में सुबेदार के पद पर तैनात है और वर्तमान समय में उसकी ड्यूटी कश्मीर के राजौरी सेक्टर में लगी है। बीते करीब दो वर्ष से फौजी आलोक सिंह की पत्नी रचना सिंह उर्फ नीशू और उनका बेटा अंश सिंह उर्फ़ वैभव 7 वर्ष तथा अबोध बेटी वैष्णवी 3 वर्ष नगर के में मोहल्ला न्यू कटरा स्थित नवनिर्मित तीन मंजिला मकान में रहते चले आ रहे हैं। बीते रविवार की रात फ़ौजी की पत्नी रचना सिंह अपने पुत्र और पुत्री के साथ मकान की निजली मंजिल के अंदर एक कमरे में सोए हुए थे। बेड के बगल में ही फर्श पर कोयले की अंगीठी जल रही थी। सोमवार की सुबह पड़ोसी महिला द्वारा गेट खटखटाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर फौजी का चचेरा भाई किसी तरह छत के सहारे मकान के अंदर पहुंचा था। जहां फौजी की पत्नी रचना सिंह और उसकी अबोध बच्ची वैष्णवी दोनों मां-बेटी के शव बेड पर पड़े हुए थे और बेटे अंश सिंह का शव बेड के नीचे फर्श पर पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया था।

पोस्टमार्टम के बाद फौजी के पिता सुंदर सिंह, चचेरे भाई पंकज सिंह, फौजी के ससुर शिवशंकर सिंह और फौजी के साले अमरेन्द्र सिंह व शुभम सिंह आदि परिजनों द्वारा सोमवार को देर रात करीब 9 बजे पत्नी और दोनों बच्चों के शव पैतृक गांव मुन्नी खेड़ा लाए जाते ही गांव और क्षेत्र में कोहराम मच गया। खबर फैलते ही हजारों ग्रामीणों हुजूम उमड़ पड़ा और मां और दोनों बच्चों के एक साथ रखें शवों का वीभत्स नजारा देखकर लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। शव गांव लाए जाते ही फौजी की मां प्रतिमा सिंह और विवाहित बहने मधू सिंह व महिमा सिंह तथा मृतका रचना सिंह की मां मुन्नी देवी सहित परिवार की सभी महिलाएं दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगीं। फौजी की मां नियति को कोश रही थी कि उसने दोनों वारिस छीनकर उसे तड़पता छोड़ दिया।

संक्षिप्त खबरें

## लक्ष्मी नारायण श्रीराम दरबार व मां दुर्गा की निकली शोभा यात्रा



**बीघापुर,उन्नाव।** आध्यात्मिक गांव बेहटा भवानी के महावीरन धाम में आयोजित तीन दिवसीय मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के द्वितीय दिवस में भगवान की मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया।भक्तों ने भक्ति भाव से बैंड बाजा और डीजे की धुन में नाचते गाते आस्था और भक्ति रस का आनंद लिया।प्रातः कालीन बेला में आचार्य विमल शास्त्री राजन शुक्ला,सहित सभी आचार्यों ने वैदिक विधि विधान से वेदी पूजन के पश्चात भगवान लक्ष्मी नारायण ,श्रीराम लक्ष्मण सीता हनुमान एवं आदि शक्ति मां दुर्गा सहित सभी मूर्तियों का अन्नाधीवास पुष्पाधीवास, फलाधिवास, दुग्ध,दही,घृत,शहद सहित महास्नान संपन्न कराया ।वस्त्र मुकुट आदि दिव्य परिधान से श्रृंगार कर भव्य रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण हुआ।गांव के सभी मन्दिरों एवं प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा महावीरन धाम पहुंची। जहां पर प्रमुख यजमान राम प्रकाश मिश्रा ने वैदिक ऋचाओं से प्रतिष्ठा न्यास एवं शयनाधिवास संपन्न कराया।भक्तों के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।महिलाओं पुरुषों ने आरती पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान राम जी पाण्डे,अजय शुक्ला,नितिन,अनुज, बड़कऊ तिवारी,हर्षित,आशुतोष, पप्पू तिवारी,लवकुश चौरसिया, ननकू चौरसिया प्रधान सशान,सतीश मिश्रा, पुत्तू अवस्थी,अशोक,राजा,सनी सविता,पप्पू सेठ सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजा का सुंदर विवेचन किया



**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन भागवताचार्य श्री कृष्ण महाराज वृंदावन ने श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए गिरिराज पूजन तक संगीतमय कथा श्रवण करायी। भागवताचार्य ने कहा कि जो दूसरे को यश दे उसी को यशोदा और जो सभी को आनन्द दे उसी को नन्द कहते है। जहां मां यशोदा हो और पिता नन्द हो उसी के यहां आनंद कन्द कृष्ण चन्द्र का प्रादुर्भाव होता है। श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि इन्द्र के अभिमान को नष्ट करने के लिए ही हो गोवर्धन की लीला भगवान द्वारा की गई। ब्यास जी ने कहा कि सामाजिकता का कवच ओढ़ने वालो को निजी स्वार्थों एवं सम्बन्धों की बलि तक देनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि भगवत आराधना के साथ-साथ लोकहित और लोकमंगल करने वाला इस भूलोक में सभी प्रकार के सुखों को प्राप्त करता है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि समाज के लिए कुछ न कुछ अवश्य करें सामाजिक बुराइयों का प्रतिकार कर लोगों को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए यह भी ईश्वर की भक्ति है। पांचवें दिन कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से वेथर के प्रधान विमल शुक्ला,संजय गुप्ता, अमित चौधरी, राम जी शुक्ला, धीरज प्रजापति, नेता गोस्वामी, शंभू दयाल पांडे, श्याम लाल चौरसिया, दिनेश चौरसिया, कृष्ण प्रकाशअवस्थी,बहादुर चौरसिया आदि रहे।

## साइकिल की दुकान में गैस सिलेंडर फटने से तीन घायल



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के सामने स्थित एक साइकिल की दुकान में मंगलवार अपराह्न एक गैस बैल्डिंग का सिलेंडर फट गया। धमाके के साथ सिलेंडर के टुकड़े तेज रफ्तार से चारों ओर फैल गए और दुकान में मौजूद अमित, विनोद और शानू को जा लगे। घायलों को तुरंत पास के एक डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया। बताया जा रहा है कि तीनों को चोटें तो आई हैं, लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर है। सिलेंडर फटने के धमाके से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। कुछ लोग मदद के लिए आगे आए और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। वहीं, इस हादसे के चलते दुकान और आसपास के सामान को भी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने सिलेंडर फटने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि गैस बैल्डिंग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान में इस तरह के खतरनाक काम के लिए उचित सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान में ज्यादा लोग मौजूद नहीं थे, अन्यथा यह हादसा और भी भयावह हो सकता था।

# डीएम ने तीन परिषदीय विद्यालयों में देखी खेल मैदानों की प्रगति

▸▸ यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम खफा, सेक्रेटरी, प्रधानाध्यापक का स्पष्टीकरण तलब

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसील सदर, ब्लॉक नकहा के परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी का औचक निरीक्षण कर ÷मिशन मैदान÷ के तहत निर्माणाधीन खेल मैदान की प्रगति देखी और विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षिक गुणवत्ता को भी परखा। यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम बेहद खफा नजर आईं। ग्राम सेक्रेटरी/सचिव प्रिया वर्मा, प्रधानाध्यापक बंदना सिंह का स्पष्टीकरण तलब किया। वही बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी शिथिल पर्यवेक्षक पर फटकार भी लगाई। डीएम ने डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी संग ब्लॉक नकहा के क्रमशः परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी पहुंची, जहां उन्होंने संविलियन विद्यालय रवही मुबारकपुर और यूपीएस पतरासी में बृहद खेल मैदान और झूले आदि का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि विभिन्न खेलों के लिए बनाए गए खेल मैदानो में व्हाइट पट्टी के बीच हरी घास लगवाए। निर्देश दिए कि लगाए गए पोल्स के बीच बच्चों की हाइट के अनुसार नेट बंधवाई जाए। ताकि सुगमता से बच्चे खेल सके। उन्होंने लगाए जा रहे झूलों की गुणवत्ता भी परखी। प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि खेल सामग्री का प्रॉपर रखरखाव सुनिश्चित करते हुए झूलों की क्रियाशीलता को सुनिश्चित कराया जाए। संविलियन रवही मुबारकपुर खेल मैदान स्तरविहीन पाया और पाथवे के निर्माण में कमियां मिली। बीडीओ को शिथिल पर्यवेक्षण पर फटकार लगाकर पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्लासेज में जाकर शैक्षिक गुणवत्ता भी जांची। मौजूद नौनिहालों से प्रश्न किया सही जवाब देने पर उत्साहवर्धन करते हुए टॉफियों का वितरण किया। निर्देश दिए कि पठन-पाठन के साथ खेल भावना को भी विकसित किया जाए। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद शिशुओं को दुलारा। डीएम ने पीएस सेवकहा में देखा निर्माणाधीन रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन, दिए निर्देश डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय सेवकहा पहुंचकर विद्यालय की छत पर बनाए जा रहे रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन का औचक निरीक्षण किया और तय समय पर गुणवत्ता के साथ गेमिंग जोन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बीएसए को निर्देश दिए कि वह स्वयं एक-एक रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन को स्वयं मॉनिटर करते हुए समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ उसे पूर्ण कराए।

## टेगनहा तिराहे पर चोरों का आतंक, कुण्डी तोड़कर घटना को दिया अंजाम



▸▸ दो दुकानों से 72 सौ की नगदी, 35 हजार का सामान व प्लेट बैटरा चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के चलते कोतवाली क्षेत्र से निकले हाइवे किनारे रक्खे लकड़ी के दो खोखो के ताले बीती रात चोरों द्वारा काटकर नगदी,घरेलू सामान,बैटरा इन्वर्टर प्लेट आदि चोरी होने की घटना हुई।
पीड़ितों ने धौरहरा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। वर्तमान समय में क्षेत्र में पड रही कड़ाके की ठंड व कोहरे के कारण सिसैया ढखेरवा हाइवे किनारे बसे टेगनहा तिराहे पर बीती सोमवार रात चोरों के नाम रही यहां चोरों ने लकडी के खोखे में दुकान चला रहे मुजीब पुत्र वहीद खां 35 हजार का परचून का सामान,सौर ऊर्जा प्लेट मय बैटरा,3200 रुपए नगद व इमरान पुत्र अजीज रहमान निवासी टेगनहा के खोखे का ताला तोड़कर अंडा की पेटी,चार हजार रुपए नगद चोरी होने की घटना हुई।जिस पर पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की।

## दहेज में मांगे पांच लाख, मना करने पर गोद भराई के बाद रिश्ता तोड़ा

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाप क्षेत्र की युवती का रिश्ता तय कर गोद भराई की रस्म की गई। इसके बाद मंगेतर और उसके पिता ने शादी में पांच लाख रुपये नकद दहेज की मांग कर दी। असमर्थता जताने पर आरोपी मंगेतर और उसके पिता ने रिश्ता तोड़कर शादी से इंकार कर दिया। युवती के पिता ने मंगेतर विकास तोमर और उसके पिता राकेश तोमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। स्वर्णजयंतीपुरम निवासी युवती से वर पक्ष ने अधिक दहेज की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ दिया। युवती के पिता ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्री की शादी विकास तोमर से तय की थी। दो दिसंबर को रिंग सेरेमनी और गोद भराई की रस्म हुई थी। जुलाई माह में शादी की तारीख निश्चित की गई। आरोप है कि युवती के मंगेतर और उसके पिता ने उनसे पांच लाख रुपये दहेज के रूप में मांगे। उन्होंने असमर्थता जताई तो बेटी के मंगेतर विकास तोमर और उसके पिता राकेश तोमर ने रिश्ता खत्म करने की बात कही।

## साइकिल और मोटरसाइकिल में आमने-सामने से हुई टक्कर



लोकमित्र ब्यूरो

**ढखेरवा-खीरी।** धौरहरा मार्ग पर बुद्धापुरवा क्रेशर के सामने मंगलवार दोपहर साइकिल और मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में मोटर साइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए द्य जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी रमियाबेहड़ भेज दिया गया है। बताया जाता है कि निघासन के गांव रानीगंज निवासी बलजीत सिंह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था तभी बुद्धापुरवा क्रेशर के सामने उसकी बाइक आयंत्रित होकर गांव जम्होरा निवासी साइकिल सवार छोटेलाल से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बलजीत सिंह ( 28 ) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साइकिल सवार छोटेलाल व बाइक सवार मीना देवी पत्नी सुदर्शन निवासी खमरिया निघासन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी रमियाबेहड़ भेज दिया गया है।

## कोतवाल ने महज दस घंटे में किया लूट का सफल अनावरण

▸▸ बुजुर्ग को बंधक बनाकर दिन दहाड़े लूट कांड में तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे अवैध हथियार और बाइक समेत दस हजार नकदी बरामद पुलिस ने भेजा जेल

लोकमित्र ब्यूरो



निघासन-खीरी। सोमवार को हुई दिनदहाड़े लूट कांड में कुशल नेतृत्व व तेजतर्रार कोतवाल महेश चंद ने सजगता दिखाते हुए तत्काल टीम गठित की परिणाम स्वरूप अपराधियों को दस घंटे के भीतर सलाखों के पीछे भेजा जैसा कि विदित हो कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुजुर्ग से हुई लूट का पुलिस ने किया सफल खुलासा आपको बताते चले की दुर्गापुरवा निवासी प्यारे लाल सोमवार को जिला सहकारी बैंक से दस हजार रुपये निकालकर ऑटो से घर लौट रहे थे निकट दुर्गापुरवा भट्ठा के पास गन्ने की पत्ती बांधने खेत में गए तभी एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रस्सी से बांधकर रुपए लूट लिया था। बुजुर्ग की सूझबूझ से एक बदमाश मौके पर ही पकड़ा गया आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों की मदद से बाइक समेत आरोपी को पकड़ लिया गया पकड़े गए युवक की पहचान बैरिया गांव के जमाल अहमद के रूप में हुई मौके से प्लास्टिक की रस्सी बरामद हुई थी जबकि पुलिस ने मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को पकड़ा जो कि जमाल पुत्र इकबाल निवासी बैरिया सद्दाम पुत्र कल्लू और कुर्सील पुत्र डल्ला निवासी गण डांडुरी को गिरफ्तार किया साथ ही आरोपियों के पास से लूट के हजार रुपए एक 12 बोर का तमंचा,दो जिंदा कारतूस, एक 315 बोर का तमंचा,दो जिंदा कारतूस,एक सुपर स्प्लेंडर बाइक और प्लास्टिक की रस्सी बरामद की गई इस दौरान गिरफ्तारी में वरिष्ठ उपनिरीक्षक आदित्य कुमार यादव, महिला उपनिरीक्षक महिमा पाण्डेय, उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, कॉन्स्टेबल अतुल कुमार व सलमान मौजूद रहे।

## आईजी लखनऊ ने किया थाने का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** ख़बर उन्नाव से है जहां पुलिस और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंगलवार को आईजी रेंज लखनऊ प्रशांत कुमार ने दही थाने का निरीक्षण किया और कई जन-केंद्रित पहलों की शुरुआत की। थाने में %नन्हे फरिश्ते प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया, जिसके तहत महिला पुलिसकर्मियों और पीड़ित महिलाओं के बच्चों के लिए खेल-कूद और मनोरंजन की विशेष सुविधाएं विकसित की गई हैं। यह पहल बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास में मददगार साबित होगी। बता दे की आईजी ने थाने के विभिन्न हिस्सों का गहन निरीक्षण किया, जिसमें कार्यालय, हवालात, सीसीटीएनएस और मालखाना शामिल थे। उन्होंने मालखाना इंचार्ज को जब्त सामग्री के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और पुलिसकर्मियों से पारदर्शी कार्य-प्रणाली अपनाने को कहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों से संवाद कर उन्हें पढ़ाई और अनुशासन का महत्व समझाया गया। इसके अलावा, पुलिस व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग चौकीदारों की सेवाओं को सम्मानित करते हुए 50 चौकीदारों को साइकिल और कंबल वितरित किए गए। आईजी प्रशांत कुमार ने उन्नाव में पुलिस थानों की व्यवस्थाओं में नवाचार और बदलाव की दिशा में यह दौरा किया। जहां शिकायतकर्ता अपनी समस्याओं को बिना झिझक साझा कर सकें।
साथ ही थानों की व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने पर भी जोर दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह के अलावा पुलिस के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस वे पर दो बसों की आपस में जोरदार भिड़ंत,दो दर्जन घायल

लोकमित्र ब्यूरो



**आगरा।** मंगलवार को तड़के तीन बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर खंदौली थाना क्षेत्र में एक लग्जरी बस में दूसरी यात्री बस ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में 25 लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है।

बताया गया है कि यह दुर्घटना थाना खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 160 के पास हुई। सवारियों से भरी वोल्वो बस में पीछे से आ रही दूसरी बस ने टक्कर मारी। तड़के तीन बजे हुए इस हादसे के बाद दोनों बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची खंदौली पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया।
घायलों को बसों से निकालकर अस्पतालों में भेजा गया। घायलों को पहले खंदौली और एत्मादपुर के सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें होने पर उन्हें आगरा के लिए रैफर कर दिया गया।
हादसा मंगलवार तड़के साढ़े तीन बजे हुआ। दिल्ली से बनारस जा रही वोल्वो बस में पीछे से आ रही एक अनियंत्रित बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बसें क्षत्रिग्रस्त हुई हैं। पुलिस ने गंभीर घायलों को इमरजेंसी भेजा जबकि घायलों की ज्यादा संख्या देख कुछ को नजदीकी खंदौली और एत्मादपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जिनमें कुछ की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगरा इमरजेंसी में रैफर कर दिया गया।
एत्मादपुर सीएचसी पर पहुंचे घायलों में 27 वर्षीय दिल्ली निवासी माधुरी पत्नी सुनील कुमार, 19 वर्षीय मयंक मेहता पुत्र नरेंद्रजीत निवासी भुवनेश्वर, नगीना पत्नी पप्पू निवासी हरदोई, स्वास्तिक पुत्र मनोज कुमार निवासी भुवनेश्वर, पप्पू पुत्र मुदित निवासी कन्नौज, काजल पुत्री अजय कुमार निवासी संतनगर दिल्ली, निशा पुत्री पप्पू व मजूम पुत्र पप्पू निवासी हरदोई हैं। जयमंती पत्नी सत्य प्रकाश व सुनीता पत्नी निपेंद्र निवासी इटावा, कृष पुत्र रमेश निवासी पंजाब को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसएन इमरजेंसी भेज दिया।
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि सभी घायल मरीजों को स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, फार्मासिस्ट इत्यादि की मदद से उपचार कराया गया।

# पुलिस अभिरक्षा में भागा हिस्ट्रीशीटर माठा मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो सिपाही सस्पेंड

▸▸ शातिर अपराधी के हिरासत से भागने पर दो सिपाही सस्पेंड

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** यहां जिला जेल से कोर्ट में पेशी पर आने के दौरान पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भागा शातिर लुटेरा आरिफ उर्फ माठा पनकी की थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।
उसके पास से तमंचा और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पैर में गोली लगने की वजह से उसे इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।
जानकारी के मुताबिक पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार होने के बाद दिनभर पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश करती रहीं थी। इसी बीच मिली सटीक सूचना के आधार पर देर रात पनकी पुलिस ने कपली अंडरपास के पास मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके बाएं पैर में गोली लग गई। आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक और तमंचा बरामद हुआ है। उसे प्राथमिक उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पनकी के गंगागंज निवासी माठा पर पनकी के अलावा शहर के कई थानों में लूट, एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में 16 मामले दर्ज हैं। वह लूट के मामले में जिला जेल में बंद था।
पुलिस के अनुसार एनडीपीएस के मामले में कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर रखा था।
इसी मामले में उसकी जेल से एडीजे 11 के कोर्ट में सोमवार को पेशी होनी थी। पुलिस लाइन में सिपाही सत्यम सिंह और सन्नी चौधरी माठा को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रहे थे। शातिर ने मौका देखकर सिपाहियों को धक्का दिया और भीड़ का फायदा उठाते हुए परिसर से भाग गया। इस बीच कोतवाली पुलिस ने माठा व दोनों सिपाहियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने दोनों सिपाहियों को निलंबित भी कर दिया।

## प्रतिबंध रॉटविलर ने किया महिला पर हमला

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की गुलमोहर गार्डन सोसायटी में सोमवार रात संगीता त्यागी ( 55 ) पर प्रतिबंधित कुत्ते रॉटविलर ने हमला कर दिया। करीब पांच मिनट तक हमलावर कुत्ते ने उनके हाथ को बुरी तरह से नोच लिया। उनके हाथ में छह-सात जगह गहरे जख्म हो गए हैं। कुत्ते को पालने वाली महिला ने कुत्ते को पकड़ने की कोशिश की तो कुत्ते ने उन्हें भी काट लिया। घटना के बाद संगीता के बेटे अक्षय और सोसायटी के लोग उन्हें अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने एंटीरेबीज का इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। डाक्टरों का कहना है कि घाव सूखने के बाद प्लास्टिक सर्जरी भी करानी पड़ेगी। सोसायटी निवासी अभिषेक पांडेय ने बताया कि टावर 16 के 203 नंबर फ्लैट में किराए पर एक परिवार रहता है। सोमवार रात करीब आठ बजे सोसायटी के टावर 15 के फ्लैट नंबर 1003 में रहने वाली संगीता त्यागी महिला किराएदार से किसी काम से मिलने गई थीं। किराएदार ने रॉटविलर पाल रखा है।

## आज से से प्रारम्भ हुआ गुरुनानक विद्यक सभा कॉलेज में नि:शुल्क संगीत प्रशिक्षण

▸▸ गायत्री परिवार की पहल पर प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी किया जा रहा शिविर का आयोजन

▸▸ प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए बताया ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते जब कोई कला स्वयं आपके द्वार पर आकर आपको कृतार्थ करे

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा चलाए जा रहे संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत लखीमपुर के सीतापुर रोड स्थित गुरुनानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज में नि:शुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज दिनांक 22 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे होगा। विद्यालय प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी ने गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ की इस पहला का स्वागत किया है। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए बताया ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते जब कोई कला स्वयं आपके द्वार पर आकर आपको कृतार्थ करे। संगीत सीखने का कोई शुल्क भी नहीं रखा गया है।
अतः संगीत में रुचि रखने वाली छात्राओं को इस नि:शुल्क ढपली वादन शिविर में ढपली सीखकर अवश्य लाभ उठाना चाहिए। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने सभी को ढपली बजाकर देशभक्ति के गीत भी सुनाए जिससे अधिक छात्राएं शिविर में पंजीकरण के लिए प्रेरित हुई हैं। विदित हो संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत लखीमपुर में यह युवा प्रकोष्ठ का दूसरा नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर है। इससे पूर्व विगत माह भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पहला नि:शुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर पूरा किया जा चुका है।

संक्षिप्त खबरें

## प्रधानाचार्यों के सहयोग से बनाई जाए जाए मानव श्रृंखला

**बांदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा ने सड़क सुरक्षा जागरुता के लिए मानव श्रृंखला बनाए जाने संबंधी बैठक की। बैठक में उन्होंने मानव श्रृंखला आयोजित करने के लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से सहयोग लेने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इस मानव श्रृंखला में जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों, उद्यमियों के द्वारा भी प्रतिभाग कराया जाए। यह मानव श्रृंखला लगभग 12 किलोमीटर की महाराणा प्रताप चैक-कालूकुआं चैराहा, बाबूलाल चैराहा, अमर टाकीज चैराहा, बाकरगंज चैराहा, रेलवे स्टेशन रोड, नया ओवर ब्रिज से अशोक लाट चैराहा, बजेटा चैराहा, जेल रोड, पुलिस लाइन तिराहा व महाराणा प्रताप चैक तक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मानव श्रृंखला बनाये जाने के साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस मानव श्रृंखला में उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं तथा कक्षा-8 से लेकर छात्रों की वृहद स्तर पर मानव श्रृंखला बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी यातायात को मानव श्रृंखला आयोजन के लिए यातायात की समुचित व्यवस्था व रूट डायवर्जन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेन्स की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रों के प्रतिभाग किये जाने के लिए सम्बन्धित विद्यालयों के अध्यापकों की ड्यूटी लगाये जाने तथा आवागमन हेतु साधनों की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, एआरटीओ शंकर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नालियों में बजबजा रहा मलबा, नहीं हो रही सफाई



**बांदा।** शहर के सेढू तलैया मोहल्ले वार्ड नंबर 20 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। नालियों में भरा मलबा बजबजा रहा है। इधर, पाइप लाइन न होने की वजह से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद और मुख्य सफाई निरीक्षक के संज्ञान में कई बार इस बात को लाया गया है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सेढू तलैया मोहल्ले की सफाई व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से ध्वस्त है पिछले 25 दिनों से छोटी काली देवी मंदिर के ठीक बगल में नालियों की सफाई नहीं की जा रही है जिससे सड़कों पर पानी भरा हुआ है। सेढू तलैया के इस गली में कूड़ा उठाने वाली किसी भी प्रकार की कोई गाड़ी कभी नहीं आती है इस गली में जहां 40- 50 मकान बने हुए है, लेकिन क्षेत्र के लगभग 400-450 सौ मीटर गली में कहीं भी पानी की पाइपलाइन नहीं है, जिसके कारण आम जनता मुख्य सड़क से पानी के पाइप लाने के लिए मजबूर है जिसके कारण पूरी की पूरी नालियां पाइपों से ढक गई है। सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो जाती हैंढ इस संदर्भ में क्षेत्रीय नागरिकों के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सेढू तलैया क्षेत्र में पाइप लाइन नहीं बिछाई गई। नाला निर्माण भी नहीं हुआ, इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या बनी रहती है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद और मुख्य सफाई निरीक्षक के संज्ञान में कई बार इस बात को लाया गया, लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत नाला निर्माण के कार्य में उक्त नाले को शामिल नहीं किया गया। जबकि 20 वर्ष पूर्व बना नाला कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षेत्र में पूरी तरह से गंदगी का अंबार है, जबकि लगातार शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। गंदगी और दलदल होने की वजह से स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

## दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार, 1540 रुपये बरामद



**बांदा।** ऑपरेशन ईगल के तहत मरका थाना पुलिस ने अवैध गांजा की बिक्री करने वाले अभियुक्त को दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गांजा बिक्री के 1540 रुपये भी बरामद किए गए हैं। थाना मरका पुलिस को सुबह गश्त व चेकिंग के दौरान ग्राम मुड़वारा के पास संदिग्ध रुप से एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए हुए आता दिखाई दिया। पुलिस की ओर से तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध सूखा गांजा व गांजा बिक्री के रुपये बरामद हुए । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर मौरंग खदानों के आस-पास घूमकर बिक्री करता है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए इस सम्बन्ध में थाना मरका पर अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त ने अपना नाम रामजीत उर्फ बच्चा सिंह पुत्र जगतपाल निवासी मुड़वारा थाना मरका बताया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक भोलानाथ बिंद, कांस्टेबल हृदयेश सैनी शामिल रहे।

## ट्रक से कुचलकर सिक्योरिट गार्ड की मौत, लगाया जाम

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूंगुस गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने युवक को कुचल दिया, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बताया गया कि युवक सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था, वह काम पर जाने के लिए सड़क पार कर रहा था, तभी यह हादसा हो गया। नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने जाम लगाया दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूंगुस गांव निवासी शिवप्रसाद (40) सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था। मंगलवार की दोपहर को अपने घर से बांदा जाने के लिए निकला। वह सड़क पार कर रहा था, तभी बांदा की ओर से आ रहे ट्रक ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर जाम लगा दिया। दो घंटे तक लगे जाम में दोनो ओर सैकड़ों वाहन फंस गए। खबर पाकर मौके पर पहुंचे तिंदवारी थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाया। परिजनों ने मुआवजा दिलाए जाने और ट्रक चालक को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। आश्वासन मिलने के बाद जाम खुला और यातायात बहाल हो सका। इधर, घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को तिंदवारी में गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। परिजनों का कहना है कि मृतक सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चुनाव प्रचार पर निकले खब्बू तिवारी का मिल्कीपुर में जोरदार स्वागत

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** विधानसभा मिल्कीपुर की शुरुआती सीमा पर स्थित बारुन बाजार में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।मंगलवार को मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में प्रचार को निकले पूर्व विधायक खब्बू तिवारी का भाजपा नेता अजीत मौर्य के नेतृत्व में खब्बू तिवारी 51 किलो की माला पहनाकर शाही अंदाज में स्वागत किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों ने गगनचुंबी नारों,पटाखों और ढोल नगाड़ों के साथ खब्बू तिवारी का स्वागत किया। बारुन पहुंचे खब्बू तिवारी ने सबसे पहले सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया।इसके बाद वे उत्साह से लबरेज समर्थकों से मिले।खब्बू तिवारी को अपने बीच पाकर समर्थक काफी उत्साहित नजर आए। इस मौक पर जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित,पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजीत मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,व्यापार मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर कौशल,ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह गुड्डू,लल्लन दूबे,मुकेश पंडित,धर्मचंद मौर्य,जगन्नाथ पाठक,पंकज कौशल,अभिषेक कौशल,बंटी श्रीवास्तव,नवल जायसवाल मौजूद रहे।

# मरीजों को दिया जाए बेहतर उपचार, व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त

### जिलाधिकारी ने मंगलवार की सुबह जिला महिला व पुरुष अस्पताल का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जिला पुरुष अस्पताल का मंगलवार की सुबह जिलाधिकारी जे. रीभा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुरुष और महिला जिला अस्पताल के वार्डो में जाकर मरीजों और प्रसूताओं उपचार और दवाएं मिलने के बारे में जानकारी ली। महिला अस्पताल की सीएमएस को निर्देशित किया कि परिवरि नियोजन के लिए महिलाओं को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही उपचार व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। दवा वितरण के दौरान एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखें।मंगलवार को सुबह आधे घंटे तक जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन वार्ड, एनआरसी सेन्टर, बच्चा वार्ड, दवा वितरण केन्द्र, पुरूष व महिला वार्ड, एक्सरे व पैथालॉजी तथा ब्लड बैंक का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने पुरूष एवं महिला वार्ड का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से उनके उपचार एवं बीमारी से पीड़ित होने के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए चिकित्सकों के द्वारा किये जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीज आशा का तत्काल एक्सरे कराकर इलाज किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एक अन्य भर्ती मरीज रामरती का हालचाल जानते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधा दिलाये जाने के निर्देश दिये। पुरूष वार्ड में भर्ती मरीज रामदीन को बुखार से पीडित होने पर व मरीज राजाभइया के दुर्घटना में घायल होने पर उनको चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन वार्ड में 11 मरीज भर्ती पाये गये। उन्होंने चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिये कि भर्ती मरीजों का समय-समय पर बीपी और बुखार व अन्य बीमारी से सम्बन्धित समस्या को चेक कर रिपोर्ट अंकित की जाए। उन्होंने दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए चीफ फार्मेसिस्ट को दवाओं की एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखते हुए उससे पूर्व दवाओं का वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डिजिटल एक्सरे एवं पैथालॉजी का निरीक्षण करते हुए एक्सरे रिपोर्ट कितने समय में मिलती है। पैथालॉजी में ब्लड की जॉच सम्बन्धी रिपोर्ट दिये जाने व प्रतिदिन कितनी जांचे की जाती हैं, के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मरीजों को निर्धारित समय के अनुसार रिपोर्ट दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए, ब्लड बैंक प्रभारी को निर्देश दिये कि सभी ब्लड ग्रुपों की ब्लड बैंक में उपलब्धता रखी जाए, जिससे किसी प्रकार की आकस्मिक स्थिति आने पर ब्लड मरीज को उपलब्ध हो सके। इधर, इसके उपरान्त उन्होंने महिला चिकित्सालय के प्रसव कक्ष, शल्य कक्ष, पीएनसी वार्ड, औषधि वितरण केन्द्र आदि का निरीक्षण करते हुए प्रसव बाद वार्ड में भर्ती महिला मरीजों से चिकित्सीय उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अस्पताल में सिजीरियन केस किये जाने एवं नार्मल डिलीवरी केसों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए नवजात बच्चों की विशेष देख-रेख रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं को जिनके दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस पुरूष चिकित्सा डॉ. एसडी त्रिपाठी, सीएमएस महिला चिकित्सालय डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. हृदयेश पटेल, डॉ. मोहित सहित अन्य चिकित्सकगण एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि सभा में कॉपरेटिव बैंक पूर्व चेयरमैन को दी गई श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बबेरू।** समाजवादी पार्टी के विधायक विशंभर सिंह यादव के छोटे पुत्र पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक बांदा चित्रकूट स्व. गौरव यादव की आठवीं पुण्यतिथि का कार्यक्रम बबेरु स्थित आवास में संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में हजारों कार्यकर्ता शुभचिंतक साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके डॉ. रामऔतार शिवहरे, विदित त्रिपाठी, छेदीलाल गुप्ता, लखन निषाद, दिलीप सोनी, उदयवीर यादव, विजयपाल यादव, रामभवन चंद्रवंशी, वरुण यादव, ज्ञान सिंह यादव, अखिलेश पाल, जगन्नाथ गुप्ता, रामकिशोर यादव, पुत्तन सिंह, इंद्रपाल यादव, अतुल यादव, विजय द्विवेदी, अमरीश द्विवेदी, नीलेश श्रीवास, अबरार फारूकी, प्रियांशु गुप्ता, रामजी भाई, ईशान सिंह लवी, दीप्ति वर्मा, गोविंद यादव, उदय सिंह मुखिया यादव अनीश यादव चंद्रकांत यादव संतोष यादव कमल पाल राजन सिंह चंदेलअनूप विजयकरण श्रीवास उदयवीर यादव आदर्श पांडेय मालिक जयकिशन दिनेश यादव रजनी यादव इंद्रजीत यादव नरेंद्र यादव संजीत यादव शिवाकांत प्रजापति अनूप गुप्ता प्रेम गुप्ता अमन वर्मा हिमांशु यादव सुमित अग्रहरि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सुलह-समझौते पर तीन परिवारों को टूटने से बचाया

**बांदा।** पारिवारिक कह और अन्य कारणों के चलते अलग रह रहे तीन दंपतियों को सुलह समझौते के बाद एक साथ रहने के लिए फिर से राजी कर लिया गया। परिवार परामर्श केंद्र की यह पहल सराहनीय कदम साबित हो रहा है। सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के तहत परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े, मतभेद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए तीन परिवारों को टूटने से बचाया। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली ममता, थाना गिरवां क्षेत्र की रहने वाली गुल्फसा व थाना कालिंजर क्षेत्र की रहने वाली कुसुम द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया और दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गई।

# वित्तीय वर्ष के दो माह शेष, लक्ष्य के अनुरूप करें वसूली

### कर-करेत्तर वसूली व राजस्व कार्यों व मासिक स्टाफ की बैठक में दिए निर्देश





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को कर-करेत्तर वसूली, राजस्व कार्यों और मासिक स्टाफ की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता नवागंतुक जिलाधिकारी जे. रीभा ने की। उन्होंने आबकारी, स्टाम्प देयकों, व्यापार कर, परिवहन, विद्युत आदि विभागों की कर-करेत्तर वसूली की समीक्षा में कहा कि वार्षिक लक्ष्य के अनुसार करों की वसूली माह फरवरी तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में दो माह अवशेष बचे हैं, इसलिए सम्बन्धित अधिकारी राजस्व करों की वसूली में तेजी लाते हुए अपने लक्ष्यों के अनुरूप वसूली कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने जल संस्थान एवं खनन के द्वारा भी राजस्व के लक्ष्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत देयकों की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष करों की वसूली तेजी लायें। उन्होंने व्यापार कर एवं मध्यम सिंचाई की वसूली में वृद्धि करने के निर्देश दिये। उन्होंने भू राजस्व की वसूली बढाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विविध देयकों की वसूली तथा विभिन्न आरसी वसूली की समीक्षा करते हुए वसूली किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बडे बकायेदारों से धनराशि की वसूली किये जाने के सम्बन्ध में तेजी लाकर वसूली करने की बात कही।

उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिक समय से लंबित पुराने वादों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों, राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उनके न्यायालयों में लम्बित वादों को सुनते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने एआईजी स्टाम्प को लम्बित स्टाम्प केसों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने धारा 24 के मामलों का 45 दिनों में निस्तारण किये जाने तथा धारा 80 के प्रकरणों का भी शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने वरासत के प्रकरणों का निस्तारण पन्द्रह दिनों में किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूमिहीनों को कृषि पट्टा आवंटन का कार्य इसी माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों को दिये। उन्होंने शत-प्रतिशत मत्स्य पट्टों का शीघ्र आवंटन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने दाखिल दफ्तर के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने चकबन्दी कार्यों की समीक्षा करते हुए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी व एसओसी को चकबन्दी कार्यों को शीघ्र तेजी के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने आडिट आपत्तियों का समय से निस्तारण किये जाने व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों व पेंशन के प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए पेंशन दिलाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निलंबित कर्मचारियों व विभागीय कार्यवाही के प्रकरणों में जांच कर ऐसे मामलों में शीघ्र जांच कर कार्यवाही करते हुए निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में एडीएम राजेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## आसामाजिक तत्वों ने फिल्मी स्टाइल में कालेज पर किया हमला

**अयोध्या।** प्रबंधक पद के विवाद को लेकर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित जीएस कालेज आफ लॉ स्कूल में पूर्व प्रबंधक अनुरुद्ध तिवारी की सह पर लगभग डेढ़ दर्जन असमाजिक लोगों ने सोमवार को दोपहर में तीन, चार पहिया वाहनों से कालेज में पहुँच कर फिल्मी स्टाइल में स्टाफ पर लाठी, डंडा, धारदार हथियार व बन्दूक लेकर हमला बोल दिया। यह आरोप कालेज के प्रबंधक राजेन्द्र यादव ने लगाया है। सिविल लाइन स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकारों को घटना की जानकारी देते हुए प्रबंधक ने बताया कि हमलावरों ने कालेज के अध्यापक श्रीकांत को डंडों से बुरी तरह पीट कर लहूलुहान कर दिया। अन्य अध्यापकों व कर्मचारियों की भी बुरी तरह पिटाई की। हमलवारों ने कालेज की शिक्षिकाओं को भद्दी भद्दी गालियां व स्कूल से भाग जाने की धमकी दी। न भागने पर सभी स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी। प्रबंधक राजेन्द्र यादव ने बताया कि हमलावर सिक्कू तिवारी के नेतृत्व में थे। उन लोगों ने स्कूल में तोड़फोड़ भी की, अभिलेख फाड़ और जम कर तोड़ फोड़ की। हमलावर स्कार्पियो, फार्च्यूनर व वैगनार से आए थे। स्कूल के स्टाफ ने इस घटना की सूचना 100 नम्बर पर डायल कर दी। इसके बाद पुलिस भी पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर धमकियाँ देते हुए भाग निकले। इस घटना की तहरीर सिक्कू तिवारी निवासी ग्राम मलेरिया सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को नामित करते हुए दी है। हम लोगों ने सीओ को भी जानकारी दी। किन्तु घटना को 24 घंटा बीतने के बाद भी अब तक पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की है और न ही हमलावरों के खिलाफ कोई अन्य कार्रवाई की है। प्रबंधक ने यह भी कहा कि सिक्कू तिवारी माफिया है। उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। वह किसी भी समय मेरी हत्या भी कर सकता है किन्तु पुलिस प्रशासन अब तक जांच कराने के नाम पर घटना की एफआईआर दर्ज करने से टालमटोल कर रही है।

## 23 जनवरी को आयोजित होगा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह

**अयोध्या ।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि 23 जनवरी 2025 को मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरुकता लाये जाने हेतु गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी 2025 को जनपद में पूर्वान्ह 11 बजे कक्षा 8 से 12 तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के सभी विद्यार्थियों को एक साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया जाना है। उक्त मानव श्रृंखला में सड़क सुरक्षा के समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियाँ, एन0जी0ओ0, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एन0एस0एस0, एन0सी0सी0 स्काउट गाइड इत्यादि के प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी है। सड़क दुर्घटना में 18 वर्ष से 35 वर्ष की आयु के 51 प्रतिशत से अधिक युवाओं की मृत्यु हो रही है। इसके साथ ही दुपहिया वाहन चालक भी सड़क दुर्घटना में सर्वाधिक मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। ऐसी दशा में छात्रों एवं युवाओं को जागरूक किया जाना नितान्त आवश्यक है। उमानव श्रृंखला में प्रत्येक जनपद में उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के विद्यालयों के अधिकाधिक छात्रों तथा समस्त स्टेक होल्डर विभागों के कार्मिकों द्वारा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करायी जानी है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के उपर्युक्त समस्त विद्यालयों से लाखों की संख्या में विद्यार्थियों को मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए समस्त प्रतिभागी सड़क सुरक्षा शपथ भी ग्रहण करेंगे। मानव श्रृंखला का निर्माण प्रत्येक जनपद में एक स्थान पर विशालकाय सड़क सुरक्षा के चिन्हों (हेल्मेट, सड़क सुरक्षा मस्कट, ट्रैफिक लाइट, इत्यादि) की स्थायी कन्वर्टिविल प्रतिकृति बनाते हुये किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किये जाने हेतु सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करें।

## राजू दास द्वारा श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सपा नेताओं ने दी तहरीर

**अयोध्या।**राजू दास द्वारा की गई फेसबुक पर श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सपा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की तहरीर दी। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष ने राजू दास द्वारा पद्म विभूषण भारत के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे लाखों युवाओं की धड़कन नेताजी के नाम से मशहूर स्व मुलायम सिंह यादव जी के ऊपर सोशल मीडिया पर कथित साधु राजू दास द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को संबोधित तहरीर क्षेत्राधिकार नगर की मौजूदगी में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हमीद जाफर मीसम व अधिवक्ता शावेज़ जाफरी ने दिया, इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि राजू दास द्वारा इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी समाजवादी बर्दाश्त नहीं करेगी श्रद्धेय स्व नेताजी मुलायम सिंह यादव का सम्मान समाजवादी पार्टी ही नहीं सभी पार्टी के लोग करते है , आज एफ आई आर दर्ज करने के लिए तहरीर दिया है अगर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि राजू दास द्वारा इससे पहले भी महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर चुके है समय समय पर ये अपनी फेसबुक पोस्ट से आपसी भाईचारा खराब करने की लगातार कोशिश करते रहते है आज नेताजी पर टिपण्णी करके उन्होंने अपनी गंदी मानसिकता का परिचय दिया है प्रशासन को एफ आई आर दर्ज करने की तहरीर दी है उम्मीद है एफ आर दर्ज करके प्रशासन इस तरह की मानसिकता के लोगों पर अंकुश लगाएगा। अधिकवक्ता शावेज जाफरी ने कहा कि अगर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो न्यायालय का सहारा लिया जाएगा, लेकिन उम्मीद है कि प्रशासन एफ आई आर दर्ज करेगा।।

## मंडलायुक्त के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले नौ कर्मचारी, जवाब तलब



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त अजीत कुमार ने मंगलवार को पैलानी तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नौ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कमिश्नर ने सभी गैरहाजिर कर्मचारियों को एसडीएम के माध्यम से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने कहा शिकायतकर्ता का फीड बैक अवश्य लिया जाए।

मंडलायुक्त मंगलवार की सुबह 10 बजे पैलानी तहसील पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी पैलानी ही उपस्थित पाए गए। 10 मिनट बाद तहसीलदार व नायब तहसीलदार आए लेकिन 09 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनमें राजेंद्र प्रसाद निगम, बृजमोहन लाल साहू, महेश प्रसाद सोनी, मुरली मनोहर, धालेंद्र कुमार, ओमशिव दीक्षित, सूरज पाठक, रवि शंकर सहित अन्य अनुपस्थित रहे। उन्होंने सभी का स्पष्टीकरण उप जिला अधिकारी के माध्यम से देने के निर्देश दिए हैं। कल आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिनमें से सिर्फ चार प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लिया जाए और जन शिकायतों का गुणवत्ता युक्त निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि समय से सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने फाइलों का रखरखाव साफ सफाई पानी इत्यादि की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह, उप जिला अधिकारी पैलानी शशि भूषण मिश्रा उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी टांडा को मिला प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएँ पुरस्कार

**अयोध्या ।** एनटीपीसी टांडा को ÷सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं÷ श्रेणी में छोटे अस्पताल 30 बेड से कम के तहत प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित सम्मान टीम के सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा में अविश्वसनीय समर्पण और उत्कृष्टता को दर्शाता है। डॉ. साधना तिवारी, अपर महाप्रबंधक (स्वास्थ्य सेवाएँ), ने कहा, ÷हमें यह पुरस्कार प्राप्त करके बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है। यह सम्मान हमारी पूरी टीम की कठिन मेहनत, समर्पण का प्रतीक है।÷यह पुरस्कार हमारे टीम के रोगी-केंद्रित देखभाल, स्वास्थ्य सेवा की नवीन विधियों और समुदाय की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिए की गई निरंतर कोशिशों की सराहना करता है। हम अपने मरीजों के स्वास्थ्य को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए हमेशा बेहतर से बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह पुरस्कार हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।